प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

मैं उन्हें ज्ञान देता हूँ जो सदा मुझसे जुड़े रहते हैं और जो मुझसे प्रेम करते हैं!!!

श्रीमद् भगवद् गीता


आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306






वर्ष - 17 | अंक 231 | दैनिक | रांची | शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

## भारत में लोकतंत्र देखने आएंगे दुनिया के 15 दल

### भाजपा की रैलियों में भी लेंगे हिस्सा, समझेंगे पूरी प्रक्रिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां हर 5 साल में शांतिपूर्वक ढंग से चुनाव होता है और सत्ताधारी दल की परायज पर आसानी से सत्ता हस्तांतरण होता रहा है। इतनी आसान और शांतिपूर्ण प्रक्रिया के तहत नेतृत्व परिवर्तन होना दुनिया के कई देशों के लिए हैरानी और सीख वाली बात रही है। यही वजह है कि भाजपा ने दुनिया के कई देशों से 15 दलों को चुनाव देखने के लिए आमंत्रित किया है। यह पहला मौका होगा, जब भारत से बाहर का कोई राजनीतिक दल देश में इलेक्शन देखने आएगा। इससे पहले भाजपा ने हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के चुनाव में विदेशी डिप्लोमैट्स को न्योता दिया था और चुनाव दर्शन पर भेजा था। इस बार भाजपा ने दूसरे देशों के 15 दलों को बुलाया है। इन विदेशी पार्टियों के लोग 7 मई को तीसरे और 13 मई को चौथे चरण में चुनाव देखेंगी। इस दौरान विदेशी दलों के प्रतिनिधि चुनाव में उतरे कैंडीडेट्स से मुलाकात करेंगे, देश के अलग-अलग हिस्सों में जाएंगे और रैलियों एवं पार्टी की मीटिंग्स में हिस्सा लेंगे। भाजपा सूत्रों के अनुसार यह प्रयास इसलिए किया गया है ताकि हम दुनिया को दिखा सकें कि भारत में डेमोक्रेसी कितनी वाइब्रेंट है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि दुनिया देखना चाहती है कि इतने बड़े और अधिक आबादी वाले देश में कैसे चुनाव होते हैं। इसके अलावा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा कैसे काम करती है। इसलिए हमने विदेशी प्रतिनिधियों को बुलाया है ताकि वे भारत में लोकतंत्र के दर्शन कर सकें। भाजपा की विदेश विंग के प्रभारी विजय चौथाईवाले कहते हैं कि अब तक दुनिया के 15 देशों ने आने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि भारत वाइब्रेंट डेमोक्रेसी है और हर कोई इसके बारे में जानना चाहता है। इसके अलावा भाजपा सत्ता में है तो दूसरे देशों के राजनीतिक दल उसके कामकाज के बारे में भी जानना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इन लोगों को बीजेपी मुख्यालय भी ले जाया जाएगा।



## '43' तक पहुंचा पारा, 'लू' की चपेट में देश के 6 राज्य

- एमपी के 18 जिलों में बारिश की संभावना, पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के 6 राज्यों में लू चल रही है। इनमें कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। यहां का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने केरल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और लक्षद्वीप में बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी जारी रहने की बात कही है। इनमें जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश शामिल हैं। मौसम विभाग ने कहा कि 7 अप्रैल से मध्यप्रदेश के 18 और बिहार के 9 जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, झारखंड में 7 अप्रैल तक राज्य में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मध्यप्रदेश में अप्रैल में आंधी-बारिश का ट्रेंड है। पिछले 10 में से 7 साल बारिश हुई। इस बार भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 7 अप्रैल से अगले 2 दिन प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहेगा। जबलपुर, भोपाल, शहडोल, रीवा समेत 18 जिलों में बारिश हो सकती है। आईएमडी भोपाल के अनुसार 5 अप्रैल से वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) ऐक्टिव हो रहा है। इसका असर 1-2 दिन के बाद प्रदेश में देखने को मिलेगा। खासकर पूर्वी हिस्से में बारिश, आंधी और बादल रहेंगे। झारखंड में तेज धूप के साथ अब हीटवेव का खतरा भी बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने इसे लेकर 7 अप्रैल तक राज्य में हीटवेव का यलो अलर्ट जारी किया है।



## आधी आबादी का अपमान करोगे तो राजनीति लायक नहीं बचोगे

- मथुरा में रणदीप सुरजेवाला पर भड़के योगी, हेमा पर दिए बयान पर बोला हमला

**मथुरा (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला की तरफ से हेमा मालिनी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में अब सियासत तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा के नेता मंच से इसको लेकर लगातार सुरजेवाला पर हमला बोल रहे है। भाजपा, कांग्रेस को महिला विरोधी भी बता रही है। अब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह राधे रानी की भूमि है, अगर आधी आबादी का अपमान करोगे तो आधी आबादी ही नहीं, बल्कि पूरा भारत वर्ष ऐसा सबक सिखाएगा कि आगे से राजनीति करने लायक बच नहीं पाओगे। दरअसल, हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला के विवादित बयान से पहले हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत को लेकर भी कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित टिप्पणी की थी।



## पाक और चीन का काल है अग्नि 'प्राइम' मिसाइल

### रात में किया सफल परीक्षण, डीआरडीओ अधिकारी रहे मौजूद

### मिसाइल के परीक्षण से पहले सूंघने पहुंचा था ड्रैगन का जासूस

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली/बीजिंग (एजेंसी)।** भारतीय सेना के रणनीतिक फोर्स कमांड ने नई पीढ़ी की बलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का रात के समय सफल परीक्षण किया है। इस दौरान ओडिसा तट पर डीआरडीओ के भी अधिकारी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि यह परीक्षण सफल रहा और रास्ते में कई जहाजों ने इसकी निगरानी भी की। परमाणु बम गिराने में सक्षम यह मिसाइल भारत की सबसे आधुनिक मिसाइलों में से एक है। इसे अग्नि सीरिज की पुरानी पड़ चुकी अन्य मिसाइलों को हटाने के लिए बनाया जा रहा है। इससे पहले भारत ने अग्नि-5 मिसाइल का टेस्ट किया था जो एक साथ कई परमाणु बम ले जाने में सक्षम है। भारत की इन मिसाइलों की टेस्टिंग को देखते हुए चीन ने अपने कई जासूसी जहाज हिंद महासागर में तैनात किए हैं। अग्नि प्राइम मिसाइल के अंदर एक ऐसी नई तकनीक लगाई गई है जो ज्यादा सटीकता से हमला करने में सक्षम है। यही नहीं इससे इसे एयर डिफेंस सिस्टम से मार गिराना भी आसान नहीं है। इस मिसाइल की रेंज 1000 से 2000 किमी तक है जो पूरे पाकिस्तान में कहीं भी परमाणु तबाही मचाने की क्षमता रखती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस अग्नि पी मिसाइल को पृथ्वी, अग्नि 1 और अग्नि 2 परमाणु मिसाइलों से रिप्लेस करने के लिए बनाया गया था।



## लोकसभा चुनाव से पहले नवनीत राणा को मिली 'सुप्रीम' राहत

### कास्ट सर्टिफिकेट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट का फैसला पलटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनावों से पहले अमरावती से सिटिंग सांसद और बीजेपी कैंडीडेट नवनीत राणा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। मामला नवनीत राणा के अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र से जुड़ा है। जिसे हाई कोर्ट ने जाली बताते हुए रद्द कर दिया था और दो लाख का जुर्माना लगाया था। हाई कोर्ट के फैसले के बाद उनकी सांसदी खतरे में आ गई थी। दरअसल, नवनीत राणा महाराष्ट्र की अमरावती लोकसभा सीट से सांसद हैं। यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2021 में बॉम्बे हाई कोर्ट में यह याचिका डाली गई कि नवनीत ने जाली दस्तावेजों के आधार पर चुनाव लड़ा और जीता। मामले में सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी माना कि नवनीत राणा ने जाली जाति प्रमाण पत्रों के बल पर चुनाव लड़ा था। इसलिए उनका जाति प्रमाण पत्र रद्द कर दिया गया। हाई कोर्ट के फैसले के बाद उनका मोची जाति प्रमाण पत्र अमान्य करार दिया गया। इस फैसले के खिलाफ नवनीत राणा ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नवनीत राणा को बड़ी राहत दी और बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसले को पलट दिया। इससे नवनीत राणा के जाति प्रमाण पत्र को भी हरी झंडी मिल गई है। बता दें कि नवनीत राणा एक बार फिर अमरावती की आरक्षित सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इस बार बीजेपी ने उन्हें चुनावी मैदान पर उतारा है।



## भाजपा में आए कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ और अनिल शर्मा

- एक दिन में ही गिरे कांग्रेस के 3 महत्वपूर्ण विकेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद प्रोफेसर गौरव वल्लभ अब भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले राजस्थान से वल्लभ का पलायन कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर माना जा रहा है उन्होंने कांग्रेस पर दिशाहीन पार्टी होने के आरोप लगाए थे। वल्लभ कांग्रेस की तरफ से राष्ट्रीय प्रवक्ता भी थे। वल्लभ के साथ बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने भी भाजपा की सदस्यता ली। खास बात है कि महज दो दिनों के भीतर ही कांग्रेस को तीन राज्यों में तीन बड़े झटके लगे हैं। एक ओर जहां राजस्थान से आने वाले वल्लभ ने और बिहार कांग्रेस के दिग्गज शर्मा ने भाजपा का दामन थामा। वहीं, पार्टी से तनातनी के बीच महाराष्ट्र के नेता संजय निरुपम ने भी कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना में शामिल होने की तैयारी में हैं। वल्लभ ने लिखा, पार्टी जिस प्रकार से दिशाहीन होकर आगे बढ़ रही है, उससे मैं असहज हूं।



## संदेशखाली पीड़ितों का 1 फीसदी सच भी बेहद शर्मनाक

### बंगाल सरकार पर 'हाई' हुआ हाईकोर्ट का पारा, जमकर लताड़ा

### कहा-अगर ऐसा है तो पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी जिम्मेदार

**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को बंगाल सरकार को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, अगर इस मामले में एक परसेंट भी सच्चाई है तो यह शर्मनाक है। पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 फीसदी जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। संदेशखाली के मुख्य आरोपी शाहजहां के खिलाफ 5 जनहित याचिकाओं पर चीफ जस्टिस टीएस शिवज्ञानम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की बेंच ने सुनवाई की। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी टीएमसी से निष्कासित नेता शेख शाहजहां को बंगाल पुलिस ने 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद पुलिस ने उसे सीबीआई को सौंप दिया था। चीफ जस्टिस- मान लीजिए कि एक भी एफिडेविट सही है तो यह शर्मनाक है। पूरा प्रशासन और सत्ताधारी पार्टी इसके लिए नैतिक तौर पर 100 फीसदी जिम्मेदार है। यह लोगों की सुरक्षा का मामला है। आप एससी-एसटी नेशनल कमीशन की रिपोर्ट देखेंगे तो उसमें अगर एक फीसदी भी सच है तो ये 100 फीसदी शर्मनाक है। बंगाल महिला सुरक्षा के मामले में एनसीआरबी का डेटा दिखाता है। एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने दावा किया कि सुरक्षा कारणों से कोई भी महिला अदालत में गवाही देने के लिए आगे नहीं आई। एक अन्य याचिकाकर्ता की वकील प्रियंका टिबरेवाल ने कहा, ज्यादातर महिलाएं अनपढ़ हैं। ई-मेल तो भूल जाइए, वो खत भी नहीं लिख सकती हैं। हमारे पास 500 से ज्यादा महिलाओं का डेटा है।



### दिल्ली जल बोर्ड केस

## पूर्व इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर दिल्ली की ईडी कोर्ट में हुए पेश

- अदालत ने ईडी को दिया निर्देश-सभी आरोपियों को चार्जशीट की कॉपी दी जाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जल बोर्ड मनी लॉन्ड्रिंग केस में गुरुवार कोर्ट में पूर्व चीफ इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर को पेश किया गया। अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय को आदेश दिया कि वो सभी आरोपियों को चार्जशीट की कॉपी दे। जल बोर्ड के पूर्व चीफ इंजीनियर जगदीश आरोड़ा और कॉन्ट्रेक्टर अनिल अग्रवाल अभी ज्यूडिशियल कस्टडी में हैं। इनके अलावा एक अन्य आरोपी तेजिंदर सिंह को भी अदालत में पेश किया गया। चौथे आरोपी पूर्व जनरल मैनेजर डीके मित्तल ने अदालत में अर्जी दी कि उन्हें आज पेश होने से छूट दे दी जाए। कोर्ट ने 3 अप्रैल को ईडी की चार्जशीट पर एक्शन लेते हुए आरोपी देवेंदर मित्तल और तेजिंदर पाल सिंह को हाजिर होने का आदेश दिया था। इनके अलावा आरोपी जगदीश अरोड़ा और अनिल अग्रवाल को भी कोर्ट में पेश करने का नोटिस जारी किया गया। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट में आरोपियों के

## नहीं दिखे मुस्लिम लीग के झंडे राहुल गांधी के रोड शो पर बवाल

### वायनाड में स्मृति ईरानी हुई हमलावर, लेफ्ट ने भी राहुल को घेरा

**वायनाड़ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले मुस्लिम लीग के झंडे को लेकर सियासत शुरू हो गई है। वायनाड से पर्चा दाखिल करने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रोड शो किया था। इस रोड शो के दौरान मुस्लिम लीग का झंडा नदारद दिखा। अब मुस्लिम लीग के झंडे को लेकर वामपंथ और दक्षिणपंथ दोनों ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह पार्टी की सहयोगी पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से शर्मिंदा हैं, वायनाड जिले में उनके रोड शो के दौरान मुस्लिम लीग का झंडा शामिल नहीं किया गया था। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि अगर उन्हें आईयूएमएल से शर्म आती है, तो उन्हें उनका समर्थन अस्वीकार कर देना चाहिए। उधर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने गुरुवार को वायनाड में राहुल गांधी की रैली में कांग्रेस के साथ-साथ मुस्लिम लीग के झंडे गायब होने पर कांग्रेस की आलोचना की। विजयन ने कहा, कल ही कांग्रेस के शीर्ष नेता ने वायनाड से अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके तहत एक रोड शो हुआ था। स्वाभाविक रूप से उनके समर्थक उनके साथ थे। लेकिन ध्यान देने वाली बात यह थी कि उनकी पार्टी का झंडा वहां नहीं था।




## अब पाकिस्तान के लिए खजाना खोल सकता है सऊदी अरब

- बलूचिस्तान में एक अरब डॉलर के निवेश का बना रहा प्लान

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान की लगातार खराब होती आर्थिक स्थिति को सऊदी अरब से बड़ी मदद मिलने जा रही है। सऊदी अरब के पाकिस्तान में 1 अरब डॉलर के निवेश करने की संभावना है। बलूचिस्तान प्रांत के चाघी जिले स्थित रेको डिक कॉपर-गोल्ड प्रोजेक्ट में सऊदी से निवेश कर सकता है। पाकिस्तान के अखबार ट्रिब्यून ने वित्त मंत्रालय के हवाले से कहा है कि सऊदी अरब अगले महीने इस परियोजना में निवेश करेगा। ऑयल एंड गैस डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (ओजीडीसीएल) और पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (पीपीएल) के शेयर सऊदी को बेचे जाएंगे। रिपोर्ट कहती है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ परियोजना में सऊदी किंगडम के निवेश के लिए एक वित्त मंत्रालय समिति बनाएंगे। समिति में ओजीडीसीएल, पीपीएल और ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारी शामिल होंगे। वित्त और ऊर्जा मंत्रालय समिति के गठन के लिए प्रधानमंत्री को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। इसके बाद समिति के सदस्य निवेश पर अंतिम चर्चा के लिए सऊदी अरब रवाना होंगे। सऊदी में दोनों देशों के अधिकारी रेको डिक परियोजना में निवेश के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे।

## संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा

### कूचबिहार में पीएम मोदी ने कहा-उनकी बाकी जिंदगी जेल में कटेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के कूच बिहार की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने कहा- संदेशखाली के दोषियों को मोदी सजा दिलवाकर ही रहेगा। उनकी बाकी जिंदगी जेल में ही कटेगी। ये पूरे देश का चुनाव है। ये देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का चुनाव है। इसलिए दिल्ली में कमजोर नहीं, मजबूत सरकार जरूरी है। आप बताइए, क्या देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना चाहिए या नहीं। हमें देश की सरकार, मजबूत सरकार और काम करने वाली सरकार बनानी है। आजादी के बाद देश में 6-7 दशक में लोगों ने केंद्र में सिर्फ कांग्रेस का मॉडल देखा। आज दुनिया कहती है कि मोदी मजबूत नेता है, बड़े फैसले लेने वाला नेता है। मैं विनम्रता से कहना चाहता हूं कि मोदी भारत की जनता-जनार्दन का सेवक है। मोदी बड़े फैसले लेता है, क्योंकि उसे 140 करोड़ भारतीयों के सपने पूरे करने हैं। इसलिए मोदी की गारंटी है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। मोदी ने गरीब को हक दिया और गरीबों को लूटने वालों के खिलाफ बड़े फैसले लिए, ताकि देश भ्रष्टाचार मुक्त हो।



झामुमो का 45 वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# आगामी चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को सबक सिखाएगी- कल्पना सोरेन

ब्यूरो प्रमुख

**हजारीबाग।** शहर के मटवारी स्थित गांधी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया। समारोह में झामुमो कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड पड़ी। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, विशिष्ट अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, गिरीडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, फागु बेसरा सहित कई अन्य उपस्थित थे। कल्पना सोरेन ने चार साल के कार्यकाल में हेमंत सोरेन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाई। वहीं ,केंद्र सरकार को जमकर कोसा। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को अपना बहुमूल्य मत देकर जिताने की भी अपील की। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड में आपका बेटा, आपका भाई, आपका भतीजा बनकर विकास का काम कर रहे थे। जो कार्य केंद्र सरकार एवं भाजपा को हजम नहीं हो रहा था। हेमंत सोरेन को झूठे मनगढ़ंत आरोप में जेल के सलाखों में डाल दिया।

***केंद्र सरकार से 136 करोड़ राजस्व का पैसा मांगना पड़ा हेमंत जी को महंगा :** वहीं, मिथिलेश ठाकुर ने बताया कि झारखंड एक धनी प्रदेश है। जिससे केंद्र सरकार को काफी राजस्व प्राप्त होता है, और इस राजस्व का 136 करोड़ झारखंड के विकास के लिए मांगना, हेमंत सोरेन को मांगा पड़ा। भाजपा को झारखंड मुक्ति मोर्चा के किए गए कार्यों को देखकर वह घबरा गए, और हमारे नेता हेमंत सोरेन को गलत केस बनाकर जेल में डाल दिया गया। वहीं गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को एकजुट होकर मुकाबला करने का अपील किया। लोकसभा के चुनाव में इंडिया गठबंधन को भरपूर मदद देना है। स्थापना दिवस की जनसभा को फागु बेसरा हजारीबाग जिला संयोजक मंडली अध्यक्ष संजीव बेदिया ,कमलनयन सिंह युवा नेता गिरिडीह सांसद एवं मांडू विधायक टेकलाल महतो के पौत्र गौरव पटेल,मनोहर राम, संजय गुप्ता, टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष रवि सिंह बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष ,चुरचू प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार महतो, वीरेंद्र राणा सहित कई अन्य संबोधन किया। मौके पर नौशाद आलम ,बालेश्वर प्रसाद, इंद्रदेव मेहता, संजय गुप्ता, दीपक राय, कमल कुरैशी, प्रखंड सचिव संजय प्रजापति, गीता विश्वास, पिंकी बेसरा, बिंदु देवी, मनसा देवी सहित कई दर्जन लोगों ने संबोधित किया।



### सुदिव्य कुमार सोनू को भाषण देने से रोकने पर हुए नाराज

झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू को संबोधन के दौरान बीच में ही जिला संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो के द्वारा जनसभा को संबोधन करने से रोका गया। जिससे नाराज होकर सुदिव्य कुमार सोनू ने धन्यवाद कहकर अपने बातों को विराम दे दिया, और कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे संजीव बेदिया को बुलाकर उन्होंने कहा कि हमारा आना यहां बहुत बड़ी गलती हो गई। वहीं विधायक सुदिव्य कुमार सोनू द्वारा नाराजगी जताई जा रही थी। वहीं संजीव बेदिया ने उनसे क्षमा प्रार्थी करते हुए गलती को स्वीकार किया ।जब संजीव बेदिया ने नीलकंठ महतो को इस बात की खबर किया तो उन्होंने हंस कर उनकी बात को दरकिनार कर दिया ।समारोह में काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता भी शामिल रहे।

# चित्रांश महापरिवार गोला के पूर्व सचिव की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

- अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई दुर्घटना
- मौत की खबर सुनकर चित्रांश महापरिवार सहित पूरा गोला स्तब्ध रह गया

**प्रतिनिधि,गोला(रामगढ़)।** बुधवार देर शाम लगभग 8-30 बजे दामोदर रेस्टोरेंट के सामने हुई सड़क दुर्घटना में बाईक सवार एक व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। मृतक की पहचान गोला बक्शी टोला निवासी ज्योति कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना (66 वर्ष) के रुप हुई। जानकारी के अनुसार मृतक धनबाद से बाईक चलाकर अपने घर गोला वापस आ रहे थे, इसी क्रम में यह घटना घटी। ज्योति कुमार सिन्हा वर्ष 2018 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड(बीसीसीएल) के मुनीडीह परियोजना(धनबाद) से सेवानिवृत्त हुए थे। ज्योति कुमार सिन्हा चित्रगुप्त महापरिवार गोला के तीन वर्षों तथा सचिव पद पर रहे। वे सरल, मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे। सामाजिक कार्यों में उनकी उपस्थिति सराहनीय रही है। वे अपने पीछे माँ, पत्नी और



दो बेटे सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्यपरिक्षण हेतु सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। अन्त्यपरिक्षण के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार दुमुहानी मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके कनिष्ठ सुपुत्र निशांत ने किया। उनके देहावसान पर सर्वत्र शोक की लहर हैं। उनके देहावसान पर चित्रांश समाज के सनतकुमार सिन्हा, अजीत कुमार सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, प्रदीप कुमार सिन्हा, कुँवर कुमार बक्शी, प्रदीप चन्द्र लाला, रविन्द्र कुमार सिन्हा, संजय बक्शी, सुजीत सिन्हा, सुमन कुमार सिन्हा, अनुप कुमार सिन्हा, दीपक कुमार सिन्हा, रजनीश आनंद, अभिषेक कुमार सिन्हा, अमीत कुमार सिन्हा, महेन्द्र बक्शी, संदीप बक्शी, सुदीप बक्शी, संदीप लाला, आनंद बक्शी, जीवन बक्शी, रितेश बक्शी, कुमार प्रशांत, शमी बक्शी सहित समाज के सभी सदस्यों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है, साथ ही क्षेत्र के प्रबुद्ध जन अक्षय अग्रवाल, मनोज कुमार मिश्र, भरत सोनी, पंचम चौधरी, विजय ओझा, विकास मणि पाठक, जनार्दन पाठक, उज्जवल चक्रवर्ती सहित अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## जिला परिषद के अभियंता सीबी सिंह का निधन

**प्रतिनिधि, हज़ारीबाग।** जिला परिषद के जिला अभियंता चंद्र भूषण सिंह उर्फ सीबी सिंह (लाला बाबू) का निधन गुरुवार को सदर प्रखंड स्थित हुटपा पंचायत के ग्राम बानाहप्पा में अहले सुबह हो गया। सीबी सिंह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए। सीबी सिंह सामाजिक, धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने उनके आवास जाकर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सीबी सिंह एक अच्छे और मधुर व्यवहार के व्यक्ति थे। इनके जाने से हज़ारीबाग जिला परिषद को बड़ी क्षति पहुंची है। ईश्वर उनके पुनीत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करें। वहीं ,जिला परिषद के अध्यक्ष उमेश कुमार मेहता,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव,जिप सदस्य कुमकुम देवी,बटेस्वर प्रसाद मेहता,आंनद देव,जिला महामंत्री सुमन कुमार,जिला मंत्री अरविंद सिंह सिकरवार,मनोज गिरी,महेंद्र राम बिहारी ने उनके आवास जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।



## पुलिस ने यात्री बस में 1 करोड़ 9 लाख नकद बरामद किया

**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव2024 को लेकर जिले में पुलिस अलर्ट मोड पर है और लगातार छापेमारी की जा रही है।बुधवार को जहां जिले में निमियाघाट थाना क्षेत्र के मुख्य व्यवसायिक केंद्र इसरी बाज़ार में दिन में मात्र कुछ घंटे ही वाहनों की जांच कर करीब 29 लाख रुपए नकद पकड़ा।वहीं बीती रात कोलकाता जाने वाली एक बस से भारी मात्रा में करीब एक करोड़ नौ लाख रुपए बरामद किए गए।

बीती देर रात गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना पर भारी पैमाने पर नगद राशि को पकड़ा गया।यह रकम बिहार से कोलकाता जाने वाली महारानी बस से पकड़ा गया।पुलिस ने दो लोगों को भी पकड़ा। पूरे मामले में गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि पुलिस बिहार और कोलकाता का लिंक खोज रही है कि पैसा किसने दिया व पैसा किसे देना था। पकड़ा गया नगद रुपए सील पैक थे।पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।बताया जा रहा है कि गिरिडीह पुलिस ने अब तक बीते दिनों में 1.50 करोड़ की नगद राशि को जब्त किया। बस के माध्यम से गया से कोलकाता जाने वाली महारानी बस में कुछ लोगो द्वारा काफ़ी मात्रा में कैश ले जाने की सूचना मिली थी। सत्यापन के लिए बगोदर डीएसपी के नेतृत्व में फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा उक्त बस को चेक किया गया।जिसमें 3 व्यक्ति को पकड़ा गया।

बताया जा रहा है कि इसमें 2 व्यक्ति के पास से क़रीब 67 लाख रुपया तथा एक व्यक्ति के पास क़रीब 42.5 लाख रुपया कुल 1 करोड़ 9 लाख 50 हज़ार रुपया नकद बरामद किया गया।उक्त नकद रुपए के संबंध में तीनों से पूछताछ की जा रही थी।बता दें कि लागू आचार संहिता के बीच पचास हजार रुपए से अधिक लाने लेजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है।

# सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने लक्ष्य से करीब तीन हज़ार टन ज्यादा उत्पादन किया

**प्रतिनिधि, रजरप्पा(रामगढ़)।** 2023-24 के दौरान निर्धारित कोयला उत्पादन का लक्ष्य 13 लाख मीट्रिक टन को भेदते हुए करीब तीन हजार टन ज्यादा उत्पादन किया है। जबकि 36 लाख 71 हजार क्यूवीक मोटर ओबी हटाया है और रैंक डिस्पैच कुल 197 रैंक यानी 13 लाख 76 हजार मीट्रिक टन हुआ है।

यह जानकारी मंगलवार को रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक विनोद कुमार ने पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 2024-25 के लिए रजरप्पा एरिया को 20 लाख टन कोयला उत्पादन के लिए टारगेट दिया गया है। वहीं, ओबी के लिए 73 लाख क्यूवीक मोटर मिला है। बातचीत के दौरान प्रोजेक्ट आफिसर यूएन प्रसाद, स्टाफ अधिकारी (योजना) एसके सिन्हा, एसओ (एक्स) शंभू रजक, सीएसआर आशीष झा भी मौजूद थे। जीएम ने बताया की यह सब कामगारों के मेहनत और अधिकारियों के सही दिशा निर्देश और आपसी तालमेल से ही संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि 13 लाख का जो आंकड़ा हम लोगों ने पार किया है। इस सफलता का श्रेय मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन जो मिलता रहा है और हमारी टीम से

रिलेटेड जो है उन्होंने भी जी तोड़ मेहनत कर दिन रात एक करके उत्पादन किया। वहीं दूसरी ओर जितने भी लक्ष्य जो हम लोगों को संशोधित किया गया था। उसे हमलोगों ने पूरा किया है। इसके अलावे यहां के मजदूरों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर हमारा साथ दिया और इस परियोजना को नई ऊंचाई पर लेकर गए।

इस दौरान महाप्रबंधक ने बेहतर उत्पादन में सहयोग के लिए तमाम अधिकारियों के और कामगारों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि इसी तरह से आगे भी कार्य करें। कामगारों में उत्साह, मजदूर नेताओं ने प्रबंधन को दी बधाई इधर, बेहतर कोयला उत्पादन और निघर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के बाद सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के मजदूरों में भी उत्साह का माहौल है। कुछ मजदूरों का कहा कि रजरण्पा जीएम के कुशल नेतृत्व के कारण ही यह संभव हो पाया है। और बेहतर

उत्पादन के लिए रजरप्पा जीएम को बधाई दी है।





### ओबीसी को मिले समुचित भागीदारी - राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा

**वरीय संवाददाता ,रांची।** कांग्रेस पार्टी के पास अभी मौका है, देश और झारखंड प्रदेश में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में राजनीतिक भागीदारी देने की है। झारखंड में कांग्रेस ओबीसी को चार, झामुमो दो और एक सीट राजद भी दे। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी से राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा मांग करता है कि पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ओबीसी के जनसंख्या अनुपात में हक अधिकार की आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में कांग्रेस को मिली 7 सीटों में से ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 4 लोकसभा का टिकट मिले। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने एससी,एसटी व ओबीसी के हक अधिकार जनसंख्या अनुपात में मिलने की वकालत करते रहे हैं।

## महिला कॉलेज में स्टूडेंट करियर गाइडेंस विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रतिनिधि, पाकुड़।** विगत गुरुवार को शहरकोल स्थित महिला कॉलेज के वाणिज्य विभाग में स्टूडेंट करियर गाइडेंस विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को उनके भविष्य एवं रोजगार के संबंध में अभी प्रेरित किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार किया गया। कार्यशाला में छात्राओं के साथ कॉलेज के प्राचार्या डॉक्टर सुशीला हांसदा, प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अमित कुमार झा, विभागाध्यक्ष सह समन्वयक स्टूडेंट करियर गाइडेंस केंद्र महिला कॉलेज पाकुड़, सहायक प्राध्यापक दशमथ किस्कू सहित दर्जनों छात्रा उपस्थित थे।

## श्री रामनवमी के अखाड़ा शोभायात्रा में शामिल होंगे हजारों की संख्या में राम भक्त - प्रसन्ना मिश्र

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** प्रभु श्री राम हमारे आराध्य रामलला अयोध्या में विराजमान हुए हैं इससे हम सनातनियों के मन में काफी हर्षोल्लास है, इसलिए इस बार रामनवमी में भव्य रूप से अखाड़ा का आयोजन किया जाएगा। अखाड़ा शोभायात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल होंगे। उक्त बातें बुधवार को देर रात श्री रामनवमी महोत्सव समिति के संयोजक प्रसन्ना मिश्रा ने बैठक के उपरांत कही। श्री रामनवमी महोत्सव समिति के ओर से बीते बुधवार को अन्नपूर्णा कॉलोनी स्थित मंदिर प्रांगण में एक बैठक किया गया जिसमें सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि पूरे पाकुड़ को भगवा झंडा से सजाया जाएगा पूरे पाकुड़ नगर ही नहीं अपितु अगल-बगल के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार भगवा मय होगा। सभी ने बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया कि पाकुड़ नगर में भगवा झंडा एवं बड़े-बड़े भगवा लड़ी के साथ पूरे पाकुड़ को सजाया जाएगा एवं बाबू वीर कुंवर सिंह भवन के सामने अखाड़ा समिति का भव्य स्वागत किया जाएगा। मिश्रा ने यह भी कहा कि इस बार शोभायात्रा में हजारों की संख्या में सनातनी रामभक्त शामिल होने की संभावना है। इस बैठक में बादल साहा,मोनू तिवारी, रंजीत कुमार चौबे ,मिंटू गिरी, हर्ष भगत, विशाल भगत, अजय भगत, सत्यम भगत ,राकेश सिंह ,राकेश मुलायम सिंह ,रमन मिश्रा ,शुभम परासर ,अक्षय चौरसिया अमर ठाकुर ,राजेश शाह गौतम कुमार ,सागर चौधरी राहुल चौरसिया, राहुल सिंह राम ठाकुर ,राम कुमार ,विष्णु कुमार, रोहित दास , नंदलाल ओझा, पियूष घोष, बिरजू ठाकुर, शांतनु मंडल,हेमंत कुमार प्रीतम ,सहित दर्जनों रामभक्त मौजूद थे।

## साईं लीला महानाट्य का शुभारंभ



### साईं परिवार ने निकाली शोभा यात्रा

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** साईं परिवार द्वारा कानी बाजार के मुनका बगीचा में साईं बाबा के महासमाधि के अवसर पर साईं कथा के साथ साईं लीला महानाट्य का शुभारंभ हो गया है। बता दें कि साईं भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा शिर्डी से आये साईं कथा भजन और भण्डारा के साथ झांकी का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारीबाग के तमाम श्रद्धालु को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है।4 अप्रेल की सुबह 8 बजे नगर भर्मण किया गया , जो कि मुनक्का बगीचा से महावीर स्थान चौक,पँच मन्दिर चौक , झंडा चौक,बड़ा अखाड़ा से होते हुए शहर के मुख्य मार्ग करते हुऐ , मुनका बगीचा कार्यक्रम स्थल पर सभी श्रद्धालु पहुंचें ।उसके बाद शाम 6 बजे से बाबा का साईं लीला महानाट्य साईं , साई कथा कार्यक्रम किया जाएगा।5 को साईं कथा का कार्यक्रम , भण्डारा औऱ 6 को विशाल भजन संध्या और भण्डारा का कार्यक्रम किया जाएगा। साईं लीला महानाट्य का त्रिदिवसीय कार्यक्रम शुरु हो गया है वहीं आज 5 औऱ 6 अप्रेल को संध्या 6 बजे से शुरू हो जाएगा। प्रवचन सुनने के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। साईं लीला महानाट्य के अंतिम त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 6 अप्रेल को विशाल भंडारा का आयोजन साईं परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार , कोषाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता , प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कश्यप , सुशील जायसवाल, राकेश सिन्हा , डॉ अमरेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, बल्ली गुप्ता , गौतम किशोर , गौतम कुमार , कृष्णा पाण्डेय सहित समस्त साई परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका निभाई जा रही है। इस संबंध में साई परिवार की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम में निमंत्रण पत्र सबों को दिया जा चुका है। कई अधिकारी व समाजसेवी को भी निमंत्रण पत्र दिया गया है। प्रचार - प्रसार के लिए लगातार वाहन से भी लगातार प्रचार किया जा रहा है।

## भाजपा ओबीसी की आंखों में धूल झोंकना बंद करे - कैलाश यादव

विशेष संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश राजद के महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि बीजेपी ओबीसी के नाम पर लोगों को दिग्भ्रमित कर रही है। ओबीसी समुदाय को बेवकूफ बनाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ओबीसी आरक्षण और जातीय जनगणना का विरोध करती रही है।

श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने आप को ओबीसी समाज का होने की बात करते हैं, लेकिन राजद पूछना चाहता है कि बीजेपी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना और ओबीसी आरक्षण सीमा बढ़ाने पर आज तक क्यों नहीं पहल की गई? इनके नेतागण बिहार में जातीय सर्वे/जनगणना लागू करने के खिलाफ डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से लेकर हाईकोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय तक याचिका दायर कर रुकवाने का भरपूर प्रयास किया गया।



यहां तक कि केंद्र सरकार के सोलिसिटर जेनरल भी विरोध में बहस करते रहे।

श्री यादव ने कहा कि सर्वविदित है कि वर्षों से बीजेपी मौन धारण कर ओबीसी आरक्षण का विरोधी करती रही है।

उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी आदिवासी विरोधी हैं। उन्होंने कभी भी सरना धर्म कोड लागू करने का समर्थन नहीं किया और न ही कभी आदिवासियों के हक में कोई लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि बीजेपी चुनाव के दौरान ओबीसी सम्मेलन करने का ऐलान कर 70 फीसदी ओबीसी समाज की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। ये सिर्फ ढोंग है। राज्य एवं देश की पिछड़े/अतिपिछड़े/दलित आदिवासी समाज के लोग बीजेपी के खिलाफ आगामी लोकसभा चुनाव में वोट देकर इनके झूठे सपने दिखाने और जुमलेबाज़ी का पोल खोलेगी।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता हेतु जन जागरूकता अभियान

**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज समाहरणालय प्रांगण में नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्रीमती स्नेह कश्यप के नेतृत्व में मतदाता हेतु जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। साथ ही चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को मतदाता प्रतिज्ञा हेतु शपथ दिलाई गई। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।





## शिक्षकों को मतदान के लिए प्रेरित कर उन्हें दिलाया गया शपथ

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** राज +2 स्कूल में गुरुवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह स्वीप नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, एडीपीओ जयेन्द्र मिश्रा एवं एसएमपीओ पवन कुमार के द्वारा प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव में बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील की। साथ ही वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एडीपीओ जयेन्द्र मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम सभी को मतदान करना चाहिए। लोकतंत्र के इस महाकुंभ में सभी की सहभागिता होनी चाहिए। हमें अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। लोकतंत्र में एक अच्छी सरकार हमारा अधिकार है, लेकिन इसके सरकार के लिए वोट करना हमारा कर्तव्य है। साथ ही सभी उपस्थित मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व निर्वाचन में अपनी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए महत्वपूर्ण योगदान देने एवं उनके दायित्व के बारे में बताया गया और मतदान का प्रतिशत को बढ़ाने के लिए अपील किया गया।





## बाबा साहब की जयंती को लेकर भीम आर्मी एकता मिशन ने चलाया जागरूकता अभियान

### बाबा साहब की जयंती के अवसर पर सुबह साइकिल रैली और संध्या में जलेंगे दिया - लक्ष्मण

**प्रतिनिधि, बरही।** आगामी 14 अप्रेल को संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेदकर की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बाबत दो दिन पूर्व भीम आर्मी एकता मिशन ने बैठक कर आयोजन समिति का गठन किया है। गुरुवार को भीम आर्मी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव की अगुवाई में समिति ने दुलमहा, करियारपुर व रानीचुआ आदि पंचायतों का भ्रमण कर लोगो को जयन्ती कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया। प्रखंड अध्यक्ष ने बताया कि बाबा साहब की जयंती के दिन पूर्वाहन 10 बजे बरही में साइकिल रैली का आयोजन किया जायेगा, जो चारो प्रमुख मार्गो का भ्रमण कर बाबा साहब ने संदेशों को आम जनों तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। इसके साथ ही संध्या में प्रत्येक लोग अपने घरों ने दिया जलाकर खुशियां मनाएंगे। कार्यक्रम भव्य बनाने के लिए प्रखंड ने सभी 20 पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से जिला सचिव राहुल राव अंबेडकर, प्रखंड उपाध्यक्ष हीरालाल हांसदा, सचिव बाबूलाल मुर्मू शामिल सहित सुनील आनंद, विष्णुधारी दास, सुनील भुईया, कृष्णा भुईया, कृष्णा रविदास, अशोक दास, दीपक कुमार, रमेश चौधरी, संजय दास, सुरेंद्र पासवान, गोपी राम, नकुल दास, विक्की कुमार, मुकेश कुमार, नारायण हांसदा आदि शामिल रहे।



## हटिया के किराना दुकान से अवैध शराब की खेप बरामद, प्राथमिकी दर्ज



**प्रतिनिधि, जामा।** जामा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की शाम नावाडीह पंचायत के कुकुरतोपा हटिया परिसर के किराना दुकान में छिपाकर रखे 73 बोतल अंग्रेजी अवैध शराब बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी दल का गठन कर पुलिस ने अवैध विदेशी शराब बेच रहे दुकानदार जोयेन मरांडी के दुकान पर छापा मारा। मौका का फायदा उठाकर दुकानदार भाग निकला। उसके किराना दुकान की जब जांच की गयी तो 13 पीस स्टर्लिंग रिजर्व की बोतल, 8 पीएम की 13 पीस बोतल, रॉयल चैलेंज की 10 पीस, रॉयल स्टेग का 9 पीस, मैकडोवेल्स की 30 बोतल एवं ऑफिसर चॉइस की 3 बोतल सहित कुल 73 बोतल शराब बरामद किया है। जिसे जब्त कर थाना ले आया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पूर्व से ही सूचना मिल रही थी कि कुकुरतोपा गांव में अवैध रूप से शराब की खरीद बिक्री की जाती रही है। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर छापेमारी कर अवैध शराब की खेप बरामद की गयी है। पुलिस द्वारा कांड संख्या 33/24 के तहत भादवि की धारा 272, 273, 290 एवं 47 ए में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। आरोपी दुकानदार नावाडीह पंचायत के धावाडंगाल गांव का रहनेवाला बताया जाता है।

## महारो रेलवे ओवरब्रिज के नीचे सड़क जर्जर, राहगीरों को हो रही परेशानी



**प्रतिनिधि, जामा।** जामा थाना क्षेत्र के महारो रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दुमका देवघर भागलपुर मुख्यमार्ग पर सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे बन गये हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रहती है। और सड़क जाम की समस्या भी उत्पन्न हो जा रही है। लोड ट्रकों के गुल्ले टूट जाने से घंटों जाम की स्थिति बन जा रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सह सरसाबाद पंचायत के मुखिया राजु पुजहर ने प्रशासन से अविलंब सड़क की मरम्मती कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क पर गड्ढे इतने बड़े बड़े बन गये हैं कि छोटी गाड़ियां गड्ढे में फंस जा रही है। चालक दाहिने बायें कर गाड़ी को किसी तरह निकाल पाते हैं। गाड़ियों के दाहिने बायें काटने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इससे आमने सामने गाड़ियों के टक्कर होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। बाइक सवार राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर मुखिया शंकर कोल, नयन दां, लालन जैसवाल, संजीव जैसवाल, आशीष मंडल, संतोष मंडल, अनूप सेन आदि मौजूद थे।


## चौपारण पुलिस को नशे के सौदागरों के विरुद्ध मिली बड़ी सफलता, दो वाहनों से अंग्रेजी शराब किया जब्त, दो तस्कर हुए गिरफ्तार



**प्रतिनिधि, चौपारण।** चौपारण (हजारीबाग) थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह की शराब तस्करी पर लगातार कार्रवाई जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार की रात पुलिस अधीक्षक, हज़ारीबाग़ को गुप्त सूचना मिली कि बरही चौपारण बॉर्डर क्षेत्र से स्कार्पियो गाड़ी व क्रीड कार में अवैध रूप से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब लादी जा रही है। इसे कालाबाजारी के लिए बिहार ले जाने की तैयारी की जा रही थी, जिसकी सूचना चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह को दी गयी और सूचना का सत्यापन कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। प्राप्त निर्देश के आलोक में एक छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, चौपारण थाना पुलिस अवर निरीक्षक बिंदेश्वर महतो एवं सशस्त्र बल को शामिल किया गया।

सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ग्राम कठम्बा के समीप भगहर जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसी बीच जानकारी के अनुसार स्कार्पियो वाहन संख्या ओआर02बीसी-6500 और क्रिड कार संख्या जे एच 01सी वाई 6106 आती दिखी। जिसे छापेमारी टीम ने पकड़ लिया और शराब तस्करी में शामिल दो शराब तस्करों को भी पुलिस बल की मदद से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार किए गए तस्करों में अब्दुल वहाब उम्र लगभग 32 वर्ष पिता ङ्क मो. सफीक अंसारी ग्राम-रामचक, थाना-चौपारण जिला-हजारीबाग एवं अरूण कुमार सिंह पिता स्व.जयप्रकाश सिंह फुलवरिया, थाना चौपारण जिला-हजारीबाग शामिल है। पकड़ी गई स्कार्पियो के अंदर 63 पेटी अंग्रेजी शराब तथा क्रिड कार संख्या जे एच01सी वाई 6106 के अंदर 28 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कुल 91 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। जिसे विधिवत जब्त कर चौपारण थाना कांड संख्या 92/24 दिनांक 03/04/24 धारा 270/272/273/290/414/34 भारतीय दंड विधान एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम दर्ज कर मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अन्य के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। तस्करों से रेड डॉट कंपनी का 23 पेटी अंग्रेजी शराब, रॉयल स्टैग कंपनी का 19 पेटी अंग्रेजी शराब, मैकडॉवेल्स कंपनी का 12 पेटी अंग्रेजी शराब, इंपीरियल ब्लू कंपनी का 32 पेटी अंग्रेजी शराब, स्टर्लिंग रिजर्व कंपनी का 5 पेटी अंग्रेजी शराब, स्कॉर्पियो वाहन पंजीकरण संख्या ओ आर 02बी सी 6500, क्रीड कार पंजीकरण संख्या जे एच01सी वाई 6106 और हीरो कंपनी का कीपैड मोबाइल जब्त की गई। छापामारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक दीपक कुमार सिंह थाना प्रभारी चौपारण थाना, पुलिस अवर निरीक्षक बिन्देश्वर महतो, पुलिसअवर निरीक्षक निलेश रंजन और चौपारण थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## चतरा में एसीबी की भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, घूस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार



**पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो, चतरा।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए घूस लेते पंचायत सचिव अजय साव को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। धर्मेंद्र साव ने ग्राम-असढ़िया में मेन रोड से देवी मंडप तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य के लिए 2,10,000 रुपये की योजना प्राप्त की थी और मार्च महीने में उन्हें 1,00,000 रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ।शेष 1,10,000 रुपये के भुगतान के लिए उन्होंने पंचायत सचिव अजय साव से संपर्क किया, लेकिन अजय साव ने उनसे 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी।

धर्मेंद्र साव ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग को आवेदन दिया। सत्यापन के बाद, अजय साव पर रिश्वत मांगने का आरोप सही पाया गया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग थाना कांड संख्या-05/2024 दिनांक-03.04.2024, धारा-7 (ए) भ्रष्टाचार निरोधक (संशोधित) अधिनियम-2018 के तहत मामला दर्ज किया गया। 4 अप्रैल 2024 को, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ट्रैप टीम ने दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में अजय साव को धर्मेंद्र साव से 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, अजय साव के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार समाहरणालय में बैठक

**● लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सुपरवाइजर व सेविकाओं के साथ बैठक संपन्न**

**पूसू प्रतिनिधि**




**गिरिडीह।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार कक्ष में समाज कल्याण अंतर्गत सुपरवाइजर/सेविकाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया तथा सभी संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी सुपरवाइजर को निर्वाचन प्रणाली, मतदान के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा सभी से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही सभी सुपरवाइजर को मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही बताया गया कि मतदाता अपने मतदान केन्द्र में जाकर अथवा स्वयं वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से अपना एवं अपने परिवार के अन्य अर्हतायुक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत है, का जाँच कर सकते हैं, यदि किसी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के अन्य अर्हतायुक्त व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नही है तो वे अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत करने हेतु प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही बताया गया कि मतदाता सूची में किसी प्रकार का संशोधन अथवा वोटर कार्ड बदलने हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने वोटर हेल्पलाइन ऐप के महत्व, सी-विजिल ऐप एवं फेक न्यूज की पहचान हेतु वेबसाईट व अन्य माध्यमों की जानकारी दी। उन्होंने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने, अपडेट या अपना नाम अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में देखने के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप या वोटर सर्विस पोर्टल से जांच कर संतुष्ट होने की बात कही। उन्होंने इलेक्टोरल रोल में नाम दर्ज होने के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि मताधिकार का प्रयोग कर हम अपने प्रतिनिधि चुनते हैं यह एक महत्वपूर्ण अवसर होता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी योग्य मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ना है। कोई मतदाता छूटे नहीं इसके लिए समेकित प्रयास किए जा रहे हैं।

इसके अलावा बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सुपरवाइजर को वोटर अवेयरनेस फोरम की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी से वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराया गया। और मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। सभी सुपरवाइजर अपने कार्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ साथ उनके परिवार के लोगों को वोटर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करेंगे। अगर किसी कर्मचारी का वोटर लिस्ट में नाम नही है तो वो फार्म 6 भर सकते हैं। सभी लोग वोटर हेल्पलाईन एप्प डाउनलोड करेंगे एवं सभी कर्मचारी को भी एप्प को डाउनलोड करने के लिए कहेंगे। इसके अलावा बैठक में पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई तथा पीडब्ल्यूडी कोषांग के लिए उपलब्ध वाहनों की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही सभी सुपरवाइजर को अधिक से अधिक संख्या में पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को जागरूक व प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, बाल संरक्षण पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, डीसीपीयू काउंसलर, जिला पोषण समन्वयक, सभी सुपरवाइजर गिरिडीह जिला, हेल्प डेस्क मैनेजर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बीडीओ की अध्यक्षता मे स्वीप जागरूकता कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक



**प्रतिनिधि, मनिक (लातेहार )।** मनिका प्रखंड कार्यालय सभागार मे गुरूवार दिन को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देशानुसार प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ मनोज कुमार तिवारी की अध्यक्षता मे आगामी आसन्न लोकसभा चुनाव मे मतदाताओ के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक मे उपस्थित प्रखंड के सभी सरकारी विभाग के कर्मियो को इस बावत बीडीओ ने कई दिशा-निर्देश दिया ।वही बैठक मे उपस्थित कर्मियो को मतदाता स्वीप कार्यक्रम चलाने को लेकर प्रखंड प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी ।उपस्थित कर्मियो को स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर उन्होने बताया की प्रत्येक बुथ पर शत प्रतिशत मतदाताओ की उपस्थित को लेकर नुक्कड नाटक के साथ साथ रंगोली कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। प्रभारी पंचायती राज पदाधिकारी ने आगे बताया की ग्रामीण क्षेत्र मे विशेष कर आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र मे बीएलओ मतदाताओ को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाये ।स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओ को जागरूक करने के लिए चलाये जा रहे जागरूकता अभियान मे कोई कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। मौके पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी , प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी आत्मा सिंह, सीआरपी सुबोध कुमार, अजय सिंह कुमारी शिल्पी सेन, खुशबु कुमारी, सीमारानी ,चंदन गुप्ता ,विकास कुमार ,नीतु कुमारी, उमेश पाठक, कंचन बाग समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत हो रहे कार्यों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन

**सभी ने ली मतदाता जागरूकता की शपथ**




**प्रतिनिधि, रामगढ़।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। रामगढ़ जिले में सफलता पूर्वक निर्वाचन संपन्न कराने तथा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन हेतु अब तक हुए कार्यों को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में छत्तरमांडू स्थित टाउन हॉल भवन में बैठक का आयोजन किया गया वहीं बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बिमल कुमार भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्वाचन कार्य में लगे प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, सभी उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों, थाना प्रभारियों, सेक्टर दंडाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन में आप सभी अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उड़न दस्ता दलों, स्टेटिक सर्विलांस दलों के अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले हर कार्य को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न करने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने निर्वाचन में सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने मन में किसी भी प्रकार की कोई दुविधा ना रखने तथा कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित अपने वरीय अधिकारियों के साथ संपर्क कर निर्णय लेने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों को उनके क्षेत्र में पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान के दिन मतदान केंद्र पर सभी तरह की आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया वहीं निर्वाचन कार्यो से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को लेकर भी उनके द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को उनके उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर उपलब्ध कराए जा रहे दिशा निर्देशों की विस्तार से जानकारी दी गयी एवं उनकी दुविधाओं को दूर किया गया। उप निर्वाचन पदधिकारी के द्वारा स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन के आयोजन को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा बनाए गए विभिन्न एप एवं इसके माध्यम से किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी सभी को दी गई। बैठक के दौरान टाउन हॉल भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य सभी अधिकारियों एवं कर्मियों ने मतदाता जागरूकता शपथ के तहत भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा, अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## समाहरणालय सभाकक्ष में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईवीएम एवं वीवीपीएटी जागरूकता, नैतिक मतदान आदि से संबंधित सभी कैंपस ब्रांड एंबेसेडर के साथ की गई बैठक

**प्रतिनिधि, गढ़वा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाताओं को जागरूक करने एवं अपने मतों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से लगातार जिला स्तर, प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में कार्यक्रम को और प्रभावी तरीके से करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा समाहरणालय के सभाकक्ष में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ईवीएम एवं वीवीपीएटी जागरूकता, नैतिक मतदान आदि से संबंधित सभी कैंपस ब्रांड एंबेसेडर के साथ बैठक की गई। विद्यालय, महाविद्यालय, स्काउट एंड गाईड, स्पोर्ट्स, JSLPS, NGO, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन आदि के कैंपस ब्रांड अम्बेसडर के साथ बैठक कर आमजनों से वोटिंग अवश्य करने की अपील की गई। मतदान प्रतिशतता में वृद्धि करने को लेकर जागरूकता अभियान यथा-नुक्कड़-नाटक, गीत -संगीत, स्लोगन, जागरूकता रथ, रंगोली, मेहंदी, रैली, बैठक आदि के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक करने की बात कही गई। बैठक के दौरान, नए वोटर्स को जोड़ने एंव वोटर कार्ड में आवश्यक सुधार हेतु विभिन्न वोटर हेल्पलाइन ऐप्प के बारे में बताया गया। साथ ही C-VISIL APP, SAKSHAM APP, VOTER HELPLINE APP, NVSP PORTAL आदि के बारे में जानकारी दी गई। नैतिक मतदान को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने की बात कही गई। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवश्य करने की बात कही गई। मौके पर उपस्थित पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे द्वारा बैठक में उपस्थित सभी ब्रांड एंबेसडर को यह सुनिश्चित कराया गया कि यदि जागरूकता कार्यक्रम करने में किसी क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टि से अथवा विधि व्यवस्था संबधी किसी प्रकार की समस्या आती हो, तो विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिले का पुलिस प्रशासन आपकी सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग द्वारा मतदान प्रतिशतता में कमी रह जाने का भी कुछ कारण बताया गया। उन्होंने कहा कि माइग्रेशन, मतदान प्रक्रिया में रुचि नहीं लेना, जागरूकता की कमी आदि कारण हो सकते हैं। अतः ऐसे मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने एवं अपने मतों का प्रयोग अवश्य करने को लेकर उपस्थित ब्रांड एंबेसेडर से अपील की गई। उक्त मौके पर स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी/कर्मी, जिले के विभिन्न सरकारी/गैर-सरकारी संस्थाओं के कैंपस ब्रांड एंबेसडर आदि उपस्थित थे।

## मनिका में मनाई गई वीर बाबा चौहरमल की 711 वीं जयंती



**प्रतिनिधि, मनिका।** मनिका में पासवान समाज के नेतृत्व में वीर बाबा चौहरमल की 711 वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा वीर चौहरमल की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम का अध्यक्षता पासवान समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने किया। वहीं सुरेन्द्र पासवान ने बाबा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें समाज सुधार की संज्ञा दी। और पासवान समाज के प्रखण्ड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने कहा की बाबा वीर चौहरमल ने समाज में हो रहे अत्याचार को खत्म करने के लिए लड़ाई लड़ी थी और अपनी वीरता का परिचय भी दिया था। इस दौरान पासवान समाज के जिलाध्यक्ष कन्हाई पासवान,बबन पासवान, विश्वनाथ पासवान,सुखराज पासवान, मोती पासवान, रामराज पासवान समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भ्रामक खबर पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, उसे प्रसारित होने से रोकें . मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**प्रतिनिधि, दुमका।** लोकसभा चुनाव 2024 में तकनीक के इस्तेमाल से फेक न्यूज़, डीप फेक वीडियो का उपयोग कर भ्रामकता फैलाई जाने की संभावनाओं पर सक्रियता से ध्यान रखा जाना चाहिए। सभी जिलों में कार्यरत मीडिया मोनीटरिंग सेल प्रो-एक्टिव मोड में कार्य करें और भ्रामक खबरों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऐसी खबरों को प्रसारित होने से रोकने के लिए निर्धारित गाइडलाईन के अनुसार त्वरित कार्य करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित पोस्ट का तत्काल फैक्ट चेक करें। पोस्ट का पूर्वानुमान लगाते हुए सम्भावित भ्रामक खबरों की रोकथाम की दिशा में सख्ती से कार्रवाई आवश्यक है। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे गुरुवार को दुमका समाहरणालय में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर प्रमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने संताल परगना प्रमंडल के दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, जामताड़ा, पाकुड़ एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में पदाधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा तय की गई जिम्मेवारियों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। लोकसभा चुनाव 2024 की गंभीरता को समझें और शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त निर्वाचन संपन्न कराने के लिए सभी ठोस कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।विधि-व्यवस्था के संधारण में किसी तरह की कोर-कसर नहीं रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संताल-परगना प्रमंडल के जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिन्हित मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया। उन्होंने पुलिस एवं सीआरपीएफ के पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर वारंटियों के विरुद्ध सघन छापेमारी करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का निदेश दिया।

**चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान :** के. रवि कुमार ने सभी जिलों के चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग करने एवं अंतराज्यीय सीमाओं पर सीसीटीवी के माध्यम से सतत निगरानी रखने का निदेश दिया। साथ ही सघन जांच अभियान चलाकर अवैध शराब, शस्त्र एवं अवैध नगदी की आवाजाही पर पूर्णतया रोक लगाने का निदेश दिया।

**मतदाता एवं मतदान कर्मियों के स्वास्थ्य का रखें ध्यान** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर मेडिकल किट, स्थाई शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर कनेक्शन एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित रखें। इसके साथ-साथ मतदाताओं एवं मतदान कार्य में लगे कर्मियों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जाना है। चिकित्सा की बेहतर सुविधा के लिए एयर एंबुलेंस की व्यवस्था भी रहेगी। इस बाबत अपने-अपने क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी उच्चतर सुविधा वाले अस्पतालों को चिन्हित कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का आकलन करें और कमियों को दूर कर आकस्मिक सेवाओं के लिए तैयार रखें। समीक्षा बैठक में जिलों में लोक सभा चुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने , यातायात एवं वाहन प्रबंधन, संसाधन प्रबंधन, प्रशिक्षण, वीआईपी मूवमेंट की मानीटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, कम्युनिकेशन सहित विभिन्न कोषांगों को सक्रिय रखते हुए निर्वाचन की गतिविधियों पर ध्यान रखने का निदेश दिया।

चिन्हित संकटपूर्ण एवं किसी भी असुरक्षा की संभावना वाले मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का रखें पुख्ता इंतजाम ~ ए.वी होमकर, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी.होमकर ने संताल परगना के जिलों में चिन्हित क्रिटकल एवं वर्नलेबल मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रखने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, ईवीएम एवं मतदाता की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये जाने हैं। उन्होंने हैलीपैड की व्यवस्था दुरुस्त करायें जाने के लिए संयुक्त अभ्यास करने, हैलीपैड का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निदेश दिया, ताकि पोलिंग पार्टी एवं आकस्मिक सेवाओं में इनका इस्तेमाल किया जा सके।

समीक्षा बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर, सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संताल परगना के प्रमंडलीय आयुक्त लालचंद डाडेल ,एस.टी.एफ के डी.आई.जी.इन्द्रजीत महथा सहित संताल परगना प्रमंडल के सभी जिले जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, सीआरपीएफ कमांडेंट, सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग से घर का सभी सामान जलकर नष्ट

**भागलपुर /सबौर, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के हरका पंचायत स्थित इंग्लिश चाय टोला वार्ड नंबर 10 में रविवार की देर शाम खाना बनाने के दौरान अचानक आग लगने से घर में रखे खाने-पीने से लेकर सभी कपड़े सहित अन्य सामान जलकर नष्ट हो गये। आग की लपेट देखकर आसपास के ग्रामीण आग बुझने लगे। हालांकि अग्निशमन पुलिस की गाड़ी को सूचना दी गई थी तब तक ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया था। पीड़ित कंचन देवी ने बताया कि खाना बनाते समय आग लग गयी। इस संबंध में सबौर थानाध्यक्ष विवेक कुमार जयसवाल ने कहा कि आग लगने की सूचना मिली थी पुलिस गई थी आग बुझा दिया गया। सबौर सीओ सौरभ कुमार ने कहा कि राजस्व कर्मचारी को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन करवाकर जो भी सरकारी अनुदान होगा उसे पीड़ित को दिलवाया जाएगा।

### अत्याचार बढ़ने पर जन्म लेते हैं प्रभु

**भागलपुर /सुल्तानगंज, एजेंसी।** पैन गांव में आयोजित सप्त पारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन कथावाचिका ज्योति मानस मंजरी ने श्री कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पाप बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते कहा कि द्वापर युग के अंत में मथुरा के महाराजा कंश के कारागार में देवकी के गर्भ से भगवान कृष्ण उस प्रकार प्रकट हुए जैसे पूर्व दिशा में पूर्णिमा की रात्रि में पूर्ण चंद्रमा प्रकट होता है। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान भगवान कृष्ण एवं वासुदेव की झांकी देखकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गये। मुग्ध रह गए। मौके पर महिला पुरुषों ने नंदोत्सव पर जमकर नृत्य करते झुमा।

### शाहकुंड के बालाचौकी में सिलिंडर विस्फोट से चार घर जले

**भागलपुर /शाहकुंड, एजेंसी।** प्रखंड के खुलनी पंचायत अंतर्गत बालाचौकी गांव में रविवार शाम सात बजे चूल्हे पर खाना खाना बनाने के दौरान आग लग गई। गांव के उधो मंडल के घर में गैस सिलिंडर विस्फोट से आग लगने से बगल के कैलाश मंडल, शोभा देवी और रोशन मंडल का घर का अनाज, कपड़ा और नकदी जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस बल व अग्निशमन की गाड़ी पहुंची। तब ग्रामीणों और दमकल ने आग पर काबू पाया गया। परिवारवालों ने कहा कि शरीर पर जो वस्त्र है, वही बचा है, बांकी सब बर्बाद हो गया। इसे लेकर थानाध्यक्ष जयनाथ शरण ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।

### पीरपैंती : मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

**भागलपुर /पीरपैंती, एजेंसी।** बीडीओ अभिमन्यु कुमार ने रविवार को लोकसभा चुनाव की तैयारी कर मद्देनजर बूथों का निरीक्षण कर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्यालापुर, राजगांव व राजगांव अराजी पंचायत के सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि जो भी कुछेक त्रुटि पाई गई उसके लिए सेक्टर पदाधिकारी को संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने मधुरा सीमानपुर व गोराडीह में मतदान केंद्र पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया तथा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने कहा।

### सबौर : बैंक से महिला का पैसा उड़ाने की जांच शुरू

**भागलपुर /सबौर, एजेंसी।** स्टेट बैंक शाखा सबौर से एक महिला का पैसा गिनती करने के दौरान उड़ाने के मामले में पुलिस आरोपी की पहचान में जुट गई है। सबौर पुलिस बैंक से महिला का स्टेटमेंट, सीसीटीवी फुटेज व अन्य जानकारियां प्राप्त कर रही है। इस संबंध में सबौर थाना इंस्पेक्टर विवेक कुमार जायसवाल ने कहा कि बैंक मार्च क्लोजिंग के कारण बैंक से स्टेटमेंट प्राप्त नहीं हो पाया है। सभी जानकारी जुटाने के बाद ही आरोपी को पकड़ा जाएगा। मालूम हो कि गोराडीह थाना क्षेत्र के सतजोरी पंचायत की एक महिला से शनिवार 19 हजार रुपये बैंक से निकासी के बाद गिनती के समय एक युवक नौ हजार रुपये उठा लिया था।

### समस्तीपुर में शौच के लिए गई महिला पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला, नोचकर मार डाला

**समस्तीपुर , एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पांड गांव में शौच को गई बुजुर्ग महिला को रविवार सुबह आवारा कुत्तों ने नोच-नोचकर मार डाला। कुत्तों के नोचने के बाद महिला को गंभीर हालत में परिजन अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान पांड गांव के वार्ड आठ निवासी स्व. जदू महतो की पत्नी देवकी देवी (75) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, घर के पास स्थित बांसबाड़ी में शौच के लिए गई देवकी पर वहां मौजूद कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। जब तक लोगों की नजर पड़ी, तब तक कुत्तों ने महिला के शरीर को नोचकर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। परिजन उन्हें अनुमंडल अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। कुत्तों के काटने से महिला की मौत होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये समस्तीपुर भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रंजन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले में परिजनों ने कोई आवेदन नहीं दिया है।

# कंप्यूटर ऑपरेटर का फंदे से लटका मिला शव

## किराए के मकान में अकेला रहता था, परिजनों ने एसडीओ पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



**सुपौल, एजेंसी।** सुपौल के त्रिवेणीगंज थाना इलाके के नगर परिषद क्षेत्र संख्या वार्ड-6 में स्थित एक किराए के मकान में एक युवक का फंदे से लटका हुआ शव बंद कमरे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान जिले के डगमारा थाना अंतर्गत राजपुर वार्ड नंबर-3 निवासी सुरेंद्र यादव के 25 वर्षीय पुत्र पप्पू कुमार यादव के रूप में हुई है। मृतक त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था। इकलौते पुत्र था। मंगलवार को काम से वापस घर लौटा। बंद कमरे में फंदे से लटक जान दे दी। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने पप्पू को आवाज लगाई तो बाहर नहीं निकलें। झांककर देखा तो पप्पू फंदे से झूलता हुआ नजर आया। सूचना त्रिवेणीगंज थाने की पुलिस को दी गई। त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष राम सेवक रावत ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव भारती और डीसीएआर संस्कार रंजन को जानकारी दी। मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में लाश को उतारा गया और परिजनों को सूचना दी गई।

**रात 1 बजे परिजन अस्पताल पहुंचे :** परिजन रात करीब 1:00 बजे अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि त्रिवेणीगंज एसडीओ के काम के प्रेशर को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर काफी परेशान रहता था। नौकरी से निकाल दिए जाने की धमकी दी जाती थी। प्रेशर में उसने सुसाइड कर लिया है।

**किराए के मकान में अकेला रहता था :** पप्पू कुमार यादव की शादी जिले के किशनपुर थाना इलाके के एक गांव में लगी थी। जो आगामी 28 अप्रैल को होनी थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि पप्पू तीन वर्षों से त्रिवेणीगंज अनुमंडल कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर था। जो त्रिवेणीगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 निवासी विद्यानंद यादव के मकान में अकेला में रहता था।

**परिजनों का आरोप बेबुनियाद है :** त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीओ शंभू नाथ ने कहा कि बेल्ट्रॉन के माध्यम से बहाल कंप्यूटर ऑपरेटर पप्पू कुमार यादव ने अपने बंद कमरे में फंदे से लटक कर जान दी है। मंगलवार को ऑपरेटर कार्यालय आया था, लेकिन मुझसे मुलाकात चुनाव में व्यस्त होने की वजह से नहीं हो सकी थी। मृतक के परिजन जो आरोप लगा रहे हैं, बेबुनियाद और निराधार है।

**मामले की जांच की जा रही है :** त्रिवेणीगंज अनुमंडल के एसडीपीओ विपिन कुमार ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटर ने सुसाइड कर लिया है। परिजनों को बुलाया गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## धर्म परिवर्तन नहीं करने पर मारपीट का आरोप: 12 साल पहले की थी लव-मैरेज

**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले में 12 साल पहले सीतामढ़ी की कुमारी दिव्या ने सरफराज से लव मैरिज शादी की थी। अब पति की शौतेली मां दिव्या पर धर्मपरिवर्तन के लिए उस पर दबाव बनाया जा रहा है। रविवार रात जब वह घर पर अकेली थी तो सास कुछ लोगों के साथ मारपीट की। दिव्या को स्थानीय लोगों के सहयोग से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। नगर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार के नेतृत्व में टीम पूरे मामले की जांच कर रही है।

**क्या है पूरा मामला :** शहर के मोहनपुर रोड में किराये के मकान में रहने वाली कुमारी दिव्या जो मूलतः सीतामढ़ी की रहने वाली है। वह महिंद्रा कंपनी में मार्केटिंग का काम करती थी। इसी दौरान साथ काम करने वाले शहर के धर्मपुर के सरफराज से उसकी नजदीकियां बढ़ी। दोनों ने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ शादी कर ली। दिव्या ने बताया कि शादी के बाद वह ससुराल पहुंची तो उसकी सौतेली सास उनके पति को धर्मपरिवर्तन कराने के लिए दबाव देने लगी। जिससे आये दिन विवाद बढ़ता गया। इस दौरान दंपती पर कई बार हमला भी हुआ। विवाद काफी बढ़ जाने पर दिव्या अपने पति सरफराज के साथ सास का घर छोड़ दिया। वह शहर के मोहनपुर रोड में किराये के मकान में रहने लगी। जहां जानकारी के बाद से उसे पुनः प्रताड़ित किया जाने लगा। रविवार देर शाम वह घर में अकेली थी। इसी दौरान मो. परवेज आलम आदि लोगों ने यह कहते हुए उसके साथ मारपीट किया अबतक तुमने धर्मपरिवर्तन क्यों नहीं किया। आरोपी परवेज ने क्या कहा आरोपी मो. परवेज ने बताया कि दोनों ने शादी की थी। इससे उसका कोई लेना देना नहीं है। उनकी जमीन स्टेट ट्यूबेल के पास है। उनका भाई जमीन घेर रहा था। जिसका उसने विरोध किया। जिस पर उनके बेटे के साथ भी मारपीट की गई। वह किरायदार है। उससे उनका कोई लेना देना नहीं है। वह झूठा आरोप लगा रही है। उसके साथ मारपीट की घटना नहीं हुई है।

**नगर थानाध्यक्ष ने क्या कहा :** नगर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने कहा कि महिला के साथ मारपीट की सूचना मिली है। सूचना के आधार पर सदर अस्पताल पहुंचे है पूरे मामले की जांच की जा रही है। अभी धर्म परिवर्तन नहीं करने के कारण मारपीट का किसी ने भी आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने पर जांच की जाएगी।

## जेडीयू के टेंपो वाले सांसद का अनोखा चुनाव प्रचार, ऑटो लेकर कैंपेन पर निकले एनडीए प्रत्याशी दुलार गोस्वामी



**कटिहार , एजेंसी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव करीब आ रहे हैं। वैसे-वैसे चुनाव प्रचार भी तेज हो गया है। लेकिन कटिहार से जेडीयू प्रत्याशी और मौजूदा सांसद दुलार चंद्र गोस्वामी का अनोखा चुनाव प्रचार देखकर हर कोई हैरान है। वैसे दुलार चंद्र को टेंपो वाले सांसद भी कहा जाता है। दरअसल 80 के दशक में दुलार चंद्र पटना की सड़कों पर टेंपो चलाते थे। इसलिए इस बार भी उन्होने टेंपो से ही चुनाव प्रचार का आगाज किया। और पार्टी कार्यकर्ताओं को ऑटो में बैठाकर चुनाव कैंपेन पर निकल पड़े। ऑटो से अनोखे चुनाव प्रचार को लेकर जब उनसे सवाल किया गया तो उन्होने कहा कि टेंपो वाला जो चालक होता है, उसका काम यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाना होता है। जब पैसेंजर को मंजिल तक पहुंचा सकते हैं तो फिर देश और समाज के लिए जो काम है, उसको भी अंजाम तक पहुंचा सकते हैं। दुलार ने कहा चाहे वो पायलट हो, रिक्शा चालक हो, रेल चालक हो सबका काम यात्रियों को सही सलामत मंजिल तक पहुंचाना होता है। यही बात मेरी लिए प्रेरणा बनी। पहले मैं पटना की सड़कों पर टेंपो चलाता था। मेरे साथ और भी लोग थे जो टेंपो चलाते है। और हम सब खुशी-खुशी रहते थे। सवारियों को मंजिल तक पहुंचाने के दौरान मेरा कभी एक्सीडेंट नहीं हुआ। इसलिए मेरा मानना है कि हम जो काम करें उसे मंजिल तक पहुंचाएं, टेंपो चलाना बुरा नहीं है। हम सबके आदर्श जिनका लोहा दुनिया मानती हैं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कभी चाय बेचते थे। हमें उन पर हमें गर्व है। आपको बता दें बिहार में एनडीए सीट बंटवारे में नीतीश की जेडीयू को 16 सीटें मिली हैं।

## कहलगांव: 25 हजार का इनामी टीना महतो गिरफ्तार

**भागलपुर /कहलगांव, एजेंसी।** भागलपुर-मुंगेर जिले का कुख्यात अपराधी टीना महतो उर्फ श्रीकांत सिंह उर्फ भ्रुगेना सिंह को रसलपुर थाने की पुलिस ने बरियारपुर से गिरफ्तार किया है। टीना महतो पर रसलपुर थाना क्षेत्र में 2013 में एकचारी महगामा पथ पर खोजवा पोखर के समीप बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों में डकैती करने का आरोप है। वह 2013 से पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। रविवार को प्रेसवार्ता कर कहलगांव एसडीपीओ शिवानंद सिंह ने बताया कि एसएसपी भागलपुर ने जिले के इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। टीम कई दिनों से लगातार उसका पीछा कर रही थी। वह लगातार अपना ठिकाना बदल रहा था, लेकिन पुलिस की चौक चौबंद किलेबंदी के कारण बरियारपुर से 25 हजार रुपये का इनामी टीना महतो शनिवार की रात में दबोच लिया गया। जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि टीना महतो पर डकैती, लूट, दुष्कर्म और आर्म्स एक्ट के कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। टीना महतो के अपराधिक इतिहास का पता विभिन्न थाना से लगाया जा रहा है। इस अभियान में टीम में एसडीपीओ शिवानंद सिंह, एसडीपीओ टु डॉ. अर्जुन कुमार गुप्ता, के अलावा रसलपुर थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार, डीआईयू प्रभारी रंजीत कुमार, धनंजय कुमार, डीआईयू के प्रभात कुमार, एजाज रिजवी, सिपाही बच्चन राम, अभिमन्यु सिंह, रजनीश कुमार के अलावा सीआईएटी टीम शामिल रही।

# इटखोरी थाना परिसर में रामनवमी और ईद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

- शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए थाना प्रभारी द्वारा दिए गए कई दिशा निर्देश
- अशांति और अव्यवस्था फैलाने वाले पर होगी प्रशासन की कड़ी नजर



**प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी थाना परिसर में रामनवमी और ईद त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता स्थानीय बीडीओ सह सीओ सोमनाथ बाकिंरा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि इन दोनों त्योहारों को आपलोग भाईचारगी और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं। इसमें आप सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। और आपसे अपेक्षा है कि आप सब का सहयोग पूरी तरह से रहेगा।उन्होंने कहा कि शराब पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध रहेगा और डीजे का साउंड डेसीबल नियंत्रित रखना होगा। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों से कहा कि ऐसा कोई गीत नहीं बजाएंगे जिससे सामाजिक सौहार्द बिगड़े अन्यथा डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर होगी। बैठक को बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते हुए कहा कि शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी आपस में मिलजुल कर भाईचारगी के साथ पर्व मनाए। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो। सभी वक्ताओं ने इन त्योहारों को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। इस मौके पर बीडीओ सोमनाथ बाकिंरा, इंस्पेक्टर मंजू कुमारी, थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह, एसआई दुखीराम महतो, एसआई पंकज कुमार सिंह, एसआई हरीद्वार प्रसाद मण्डल, चुनचुन कुमार, रामवृक्ष सिंह, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष देव कुमार सिंह, जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, मंत्री सतीश सिंह, रामवृक्ष सिंह, धुना मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर पासवान, पंसस पवन कुमार सिंह, मकसूद आलम, करनी मुखिया प्रतिनिधि संजय रजक, कैलाश सिंह, फयाज खान, मंटू कुमार दांगी और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामाधिन यादव समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# गैस सिलेंडर फटने से लगी आग, आठ घर राख: समस्तीपुर में खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाने के बसढ़िया गांव के वार्ड संख्या-3 में मंगलवार देर शाम गैस सिलेंडर फटने से आठ घर जल कर राख हो गया। जिससे लाखों की संपत्ति भी जल कर खाक हो गयी। बाद में सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवारों में अमर कुमार के अलावा मदन कुमार, रौशन कुमार, पिता रामशीष राम के साथ शिवजी राम, राजेंद्र राम, उमेश राम, देवेंद्र राम आदि शामिल हैं। घटना के बाद पारिवारिक सदस्यों के बीच कोहराम मचा हुआ है। घटना के संबंध में बताया गया है कि बसढिया वार्ड संख्या-3 निवासी रामाशीष राम के बेटे अमर कुमार के घर में खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते अचानक गैस सिलेंडर बलास्ट कर गया। जिससे देखते ही देखते अमर राम के घर के अलावा उसके भाई मदन कुमार, रौशन कुमार, पिता रामशीष राम के साथ शिवजी राम, राजेंद्र राम, उमेश राम, देवेंद्र राम का घर भी आग की चपेट में आ गई। जिससे घर में रखा खाने-पीने का समान सहित कपड़े, कीमती सामान और घर में रखा हुआ रुपए जलकर राख हो गया।

**स्थानीय युवाओं ने मिट्टी फेंक कर पाया आग को किया नियंत्रित :** लोगों ने बताया कि अगलगी की घटना के बाद स्थानीय युवाओं ने मिट्?टी काट-काट आग पर फेंकते रहे। जिससे किसी तरह आग को नियंत्रित रखा जा सका। आग का फैलाव बढ़ने नहीं दिया गया। नहीं तो आग का फैलाव होने पर स्थिति और भयावः हो जाती। बाद में पहुंची दमकल टीम ने स्थिति नियंत्रित किया।

**उज्जवला योजना के तहत मिला था सिलेंडर :** बताया गया है कि अमर को सरकार द्वारा प्रदत्त उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का कनेक्शन मिला है। यहां मंगलवार देर शाम सिलेंडर में आग लगने के बाद अचानक फट गया था। यह महज संयोग कहें कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

## दो बाइक की टक्कर में 4 लोग हुए घायल: तेज रफ्तार के कारण हुआ हादसा



**छपरा, एजेंसी।** छपरा शहर के फोरलेन बाइपास पर 2 बाइक में टक्कर हो गई। दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए। दो लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना मंगलवार के देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फोरलेन की है। घायलों की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उमधा गांव निवासी मंटू शर्मा के बेटे विष्णु शर्मा, वकील शर्मा के बेटे अरबिंद शर्मा, फकुली गांव निवासी परमेश्वर और साढ़ा नेवाजी निवासी श्यामबिहारी सिंह के बेटे रजनीश सिंह हैं। विष्णु शर्मा और परमेश्वर की स्थिति नाजुक है।

घटना के बाद राहगीरों ने डायल-112 को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस सभी घायलों को सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां इजाल चल रहा है। गंभीर रूप से घायल को पटना पीएमसीएच रेफर किया गया है। डायर-112 की पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया स्थानीय लोगों ने कहा कि दोनों बाइक तेज गति में थी। तभी आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे के बाद आसपास के लोग जुट गए और डायल-112 को सूचित किया। एक बाइक पर अकेले रजनीश कुमार सवार थे जबके दूसरे बाइक पर तीन लोग सवार थे। रजनीश रिविलगंज में शिक्षा विभाग के सरकारी कर्मचारी हैं। जो अपना कार्य निपटाकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जबकि एक बाइक पर सवार तीनों लोग मजदूरी करने के बाद शराब के नशे में धुत्त होकर वापस घर जा रहे थे। थानाध्यक्ष मुफस्सिल ने बताया कि थाना क्षेत्र में दो बाइक की टक्कर में चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए है। डायल-112 ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया

# तेजस्वी की रुदाली का जनता पर कोई असर नहीं होगा, आरजेडी का खाता भी नहीं खुलेगा: सम्राट चौधरी

**पटना, एजेंसी।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने रविवार को दिल्ली में आयोजित विपक्षी गठबंधन की महारैली को सुपर फ्लॉप करार दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन के नेताओं ने दिल्ली में जमावड़ा लगाकर चुनाव से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर ली है। पूरे देश में चल रही मोदी की आंधी से विपक्षी गठबंधन के तमाम नेता डरे-सहमे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जुटे नेताओं का एक मात्र मकसद भ्रष्टाचार के खिलाफ हो रही कार्रवाई से अपने और अपने परिवार को बचाना है। देश की जनता सब कुछ समझ रही है और वह पूरी मजबूती के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है। मोदी की गारंटी है कि चाहे वह कोई भी भ्रष्टाचारी हो, कानूनी कार्रवाई से बच नहीं सकता है। तेजस्वी यादव का डरना स्वाभाविक है। कानून की गिरफ्त से सोरेन और केजरीवाल की तरह वह भी बचने वाले नहीं है। तेजस्वी यादव की रुदाली का जनता पर कोई असर नहीं होने वाला है।

उन्होंने दावा किया कि पिछली बार की तरह इस बार भी बिहार में राजद का खाता नहीं खुलने वाला है। अबकी बार एनडीए 400 पार का जनता संकल्प ले चुकी है। एनडीए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर



नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाएगा। भाजपा भी पूरे देश में 370 सीटों का आंकड़ा पार करेगी। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई न दे : सुशील मोदी वहीं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने भी विपक्षी गठबंधन की दिल्ली रैली पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने 60 साल में 100 से अधिक निर्वाचित राज्य सरकारें बर्खास्त कीं और देश पर आपातकाल थोपा, उसके नेता लोकतंत्र बचाने की गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि घोटालों के आरोप में गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए दिल्ली सरकार के मंत्री हों या उनके नेता केजरीवाल, किसी को देश की किसी अदालत से राहत नहीं मिली। विपक्ष बताये कि क्या उसे न्यायालय पर भी भरोसा नहीं है कांग्रेस चुनावी बांड और खाता सीज होने के मामले पर भी दुष्प्रचार कर रही है। वे बताएं कि कांग्रेस को 1600 करोड़ कहां से मिले कांग्रेस, राजद, सपा सहित गठबंधन के सभी दलों में आंतरिक लोकतंत्र समाप्त हो चुका है, लेकिन ये लोकतंत्र बचाने के नाम पर जनता को भ्रमित करने में लगे हैं। राजद में 26 साल से केवल लालू प्रसाद अध्यक्ष हैं और कांग्रेस गांधी परिवार रबर स्टाम्प-अध्यक्ष से काम चला रहा है।

# लोहिया की धरती पर सपा का सूखा...

## लड़ाई करीब, लेकिन जीत से रहे दूर; 1996 से आम चुनावों में नहीं मिली सफलता

**अंबेडकरनगर , एजेंसी।** जिन प्रख्यात समाजवादी डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से प्रेरित होकर समाजवादी पर्टी का गठन हुआ उन्हीं की जन्मभूमि पर सपा को लोकसभा चुनाव में जीत का इंतजार है। पार्टी गठन के बाद हुए सात आम चुनावों में सपा चार बार दूसरे स्थान तक आई, लेकिन जीत नसीब नहीं हुई।

2004 के उपचुनाव में जरूर सपा को विजय मिली, लेकिन इसे बसपा प्रमुख द्वारा बार-बार जीत के बाद भी सीट छोड़ने की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जन्मस्थली अकबरपुर है। यहीं से लोहिया के सिद्धांतों ने वैचारिक क्रांति की अलख जगाई।

पूरी दुनिया में उनके समाजवादी आदर्श की गूंज हुई, लेकिन इन सबके बीच डॉ. लोहिया का नाम लेकर आगे बढ़ी समाजवादी पार्टी को अकबरपुर में ही आम चुनाव के सफर में एक भी जीत मयस्सर नहीं हो सकी।

वर्ष 1992 में गठन के बाद सपा ने पहला आम चुनाव वर्ष 1996 में लड़ा। तब अकबरपुर सुरक्षित संसदीय सीट पर पार्टी ने अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद) जनपद के कद्दावर दलित नेता अवधेश प्रसाद को टिकट दिया। डॉ. लोहिया की धरती पर सपा ने बड़े चेहरे को उतार कर मजबूत संदेश देने की कोशिश की।

अवधेश प्रसाद चुनाव भी पूरी मजबूती से लड़े, लेकिन बसपा की जीत के बीच 24,567 मतों से पीछे रह गए। उन्हें 1,69,046 मतदाताओं का साथ मिला। हार के बाद भी सपा के लिए यहां एक सुखद स्थिति यह जरूर रही कि प्रत्याशी को कुल 27.12 प्रतिशत मत मिले जो पार्टी के कुल औसत मत 20.84 प्रतिशत से कहीं अधिक था।



**लड़ाई करीब, लेकिन जीत से रहे दूर:** वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा के डॉ. लालता प्रसाद कनौजिया 2,38,382 मत के साथ, वर्ष 1999 में राम पियारे सुमन 2,06,376 मत के साथ जबकि वर्ष 2004 के सामान्य चुनाव में सपा प्रत्याशी शंखलाल मांझी 2,66,750 मत के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

इस चुनाव के बाद हुए परिसीमन में जिले की इकलौती सीट अकबरपुर सुरक्षित से बदलकर सामान्य श्रेणी में आ गई। नाम भी अंबेडकरनगर हो गया। सामान्य सीट पर हुए पहले चुनाव में भी सपा को जीत नहीं मिली। शंखलाल मांझी बतौर सपा प्रत्याशी 2,36,751 मत के साथ बसपा के राकेश पांडेय से 22,736 वोटों से पिछड़ गए। यह जरूर रहा कि इससे पहले के चुनाव परिणामों को शामिल किया जाए तो इस बार सबसे कम मत से सपा को हार मिली। 2014 में सपा ने जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर फिर से जोर लगाया। पूर्व मंत्री राम मूर्ति वर्मा को मैदान में उतारा, लेकिन वे तीसरे स्थान पर खिसक गए। वर्ष 2019 में सपा खुद यहां चुनाव नहीं लड़ी। गठबंधन के चलते यह सीट बसपा के खाते में चली गई थी। तब सपा के सहयोग से जीते सांसद रितेश पांडेय अब भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा मैदान में डटे हैं।

**उपचुनाव ने दिया सहारा:** सपा को आम चुनाव में जीत न मिलने के दर्द के बीच वर्ष 2004 के उपचुनाव में थोड़ी राहत मिली। हालांकि उसे सपा की जीत से ज्यादा बसपा प्रमुख मायावती द्वारा बार-बार यहां जीत के बाद सीट छोड़ने की प्रतिक्रिया के तौर पर देखा गया। बसपा प्रमुख यहां लगातार तीन बार सांसद चुनी गईं। सीट रखने की बजाय दो बार वे इसे छोड़ गईं। वर्ष 2002 में जिले की तत्कालीन जहांगीरगंज विधानसभा सीट पर जीत के बाद भी मायावती ने उसे अपने पास नहीं रखा।

नतीजा यह हुआ कि 2004 के आम चुनाव में भी जीत के बाद जब मायावती ने यह सीट छोड़ी तो उपचुनाव में सपा प्रत्याशी शंखलाल मांझी ने जीत दर्ज कर ली। उन्होंने बसपा के त्रिभुवन दत्त को हराया। सपा के साथ ऐसे में इसी एक उपचुनाव में यह सीट हाथ लग पाई।

### विधानसभा में शानदार प्रदर्शन

लोकसभा चुनाव में भले ही सपा की हसरत पूरी नहीं हो पा रही, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूरे प्रदेश में भाजपा की भले ही धमाकेदार जीत हुई, लेकिन अंबेडकरनगर में सपा का प्रदर्शन एकतरफा रहा। जलालपुर से राकेश पांडेय, टांडा से राममूर्ति वर्मा, आलापुर से त्रिभुवन दत्त, अकबरपुर से राम अचल राजभर और कटेहरी से लालजी वर्मा सपा के टिकट पर चुनाव लड़कर विधायक बने। वर्ष 2017 के चुनाव में भाजपा को टांडा और आलापुर में जीत मिली थी। सपा ने वह दोनों सीटें भी छीन लीं। विधानसभा चुनाव में मिली इस अप्रत्याशित जीत के बूते ही सपा इस बार लोकसभा में परिवर्तन की उम्मीद लगाए है। यह बात अलग है कि सपा के कद्दावर विधायक राकेश पांडेय बीते दिनों पार्टी से बगावत कर राज्यसभा चुनाव में बीजेपी प्रत्याशी को वोट दे चुके हैं। उन्हीं के पुत्र रितेश भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं।

### उपचुनाव में ही सांसद बने थे डॉ. लोहिया

डॉ. लोहिया वर्ष 1963 में फर्रुखाबाद सीट पर हुए लोकसभा उपचुनाव में करीब 58 हजार वोट से विजयी होकर सांसद बने थे। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को अकबरपुर में हुआ था, जब वे ढाई वर्ष के थे तो माता चंदा का निधन हो गया। पालन पोषण परिवार की दाई सरयू देई ने किया। पेशे से अध्यापक पिता हीरालाल उन्हें वर्ष 1918 में ही कांग्रेस के अहमदाबाद अधिवेशन में लेकर गए थे, जिसके बाद डॉ. लोहिया ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे भारत छोड़ो आंदोलन में पहली बार 20 मई 1944 को गिरफ्तार हुए। राष्ट्रभक्ति उनमें इस कदर थी कि सरकार की कृपा पर पेरोल पर रिहा होने से इन्कार कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### संभल में वोटर्स ने उठाया विकास का मुद्दा, चाय पर चर्चा में मतदाताओं ने रखी अपनी राय

**चंदौसी (संभल) , एजेंसी।** चुनावी रथ सत्ता का संग्राम बृहस्पतिवार संभल जिले में पहुंच गया है। चाय पर चर्चा के दौरान लोगों ने अपनी बात बेबाकी से रखी। चर्चा में व्यापार, सड़क और बेरोजगारी के मुद्दे उठे। मतदाता प्रजीत कुमार लालू ने कहा कि संभल लोकसभा सीट पिछड़ी हुई है। विकास के नाम पर यहां कुछ नहीं मिला है। सड़कों का हाल बुरा है। संभल लोकसभा सीट पर सुविधाओं का अभाव है। मतदाता डॉ. विशाल चौहान ने कहा कि देश में विकास हो रहा है, लेकिन संभल का कोई सुधलेने वाला नहीं है। यहां के सांसद का ध्यान विकास की ओर नहीं था। उनका ध्यान धार्मिक मुद्दों पर रहता था। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोई सुविधा नहीं मिली। प्रदेश सरकार ने कानून व्यवस्था में सुधार किया है। मतदाता शाह आलम मंसूरी ने कहा कि संभल और चंदौसी की अनदेखी हुई है। यहां मुख्य समस्या ट्रेन कनेक्टिविटी की है, व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। सुबह में कोई ट्रेन नहीं है, लोगों ने कई बार सुबह में ट्रेन चलाने की मांग उठाई, लेकिन कुछ नहीं मिला। हमारी मांग है कि जो भी सांसद आए, कनेक्टिविटी पर ध्यान दे पाएं। चंदौसी के स्टेशन रोड स्थित मालवीय चौक के पास चर्चा में मौजूद लोगों ने व्यापारियों की समस्या, सुरक्षा व बिजली-पानी, सड़क और रेल यातायात के मुद्दों को उठाया।

उन्होंने कहा कि उनका सांसद व्यापारियों की समस्याओं को समझे। इसके साथ ही उनका निस्तारण भी कराए। प्रभात कृष्ण ने कहा कि सांसद ऐसा हो जो चंदौसी का विकास करे। सत्येंद्र कुमार ने कहा कि चंदौसी में व्यापार प्रभावित है। सड़क जैसी सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। प्रजीत कुमार ने कहा कि विकास के नाम पर संभल लोकसभा पिछड़ रही है। केंद्र सरकार ने यहां ध्यान नहीं दिया। एक मतदाता ने कहा कि व्यापारिक दृष्टि से लोग दूसरे शहर में आते जाते हैं। पर्याप्त रेल साधन नहीं होने से परेशानी होती है। अरविंद कुमार ने कहा कि सांसद उनके बीच का होना चाहिए। जो उनकी समस्याओं को समझकर संसद में उठाए। विशाल चौहान ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

### घर से रुपये न मिलने पर युवक ने ईंट से तोड़ा एटीएम

**खोड़ा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के शिव विहार में घर से रुपये न मिलने से नाराज युवक ने ईंट से एटीएम तोड़ दिया। सायरन बजने पर लोगों ने आरोपी को अंदर बंद कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस का कहना है कि घर से रुपये न मिलने से नाराज होकर युवक ने मशीन तोड़ दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक बैंक के बूथ में घुसकर ईंट से मशीन तोड़ रहा है। मशीन टूटने से सायरन भी बजने लगा। इससे लोगों की भीड़ जुटने लगी। गुस्साए लोगों ने बूथ के अंदर आरोपी को बंद कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सनी वाल्मीकि निवासी आजाद विहार बताया। उसने कबूला कि घर से खर्चे के लिए रुपये नहीं मिलने पर वह नाराज हो गया। इसके बाद गुस्से में एटीएम को ईंट से तोड़ना शुरू कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर कार्रवाई की।

### सहपाठी ने घर में घुसकर छात्रा को पीटा, घायल

**खोड़ा, एजेंसी।** थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सहपाठी ने घर में घुसकर छात्रा पर हमला कर दिया। बुरी तरह पीटने से छात्रा घायल हो गई। बुधवार को उसकी तबीयत बिगड़ने के बाद पुलिस को शिकायत मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों का आरोप है कि छात्रा की कक्षा में पढ़ने वाला युवक कई दिनों से परेशान कर रहा था। सोमवार को छात्रा को रास्ते में रोका तो उसने विरोध कर दिया। इसके बाद छात्रा घर आ गई। कुछ देर बाद उसने छात्रा के घर में घुसकर हमला कर दिया। लात और घूंसों से उसे बुरी तरह पीटकर भाग गया। छात्रा का मुंह सूज गया है आंखों पर सूजन आ गई। बुधवार को तबीयत बिगड़ने पर छात्रा को डॉक्टर के पास ले गए। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों ने मारपीट का आरोप लगाया है। मामले की जांच कर रहे हैं।

## रायबरेली लोकसभा: तो प्रियंका संभालेंगी मां सोनिया की विरासत, भाजपा स्थानीय नेताओं पर लगा सकती है दांव



**रायबरेली, एजेंसी।** गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा को चुनावी समर में उतारने की मांग तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार हाईकमान से प्रियंका को चुनाव लड़ाने की हरी झंडी भी मिल चुकी है। सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी है। इस संकेत के बाद कांग्रेसी अंदर ही अंदर खुश हैं।

उत्तर प्रदेश की इकलौती सीट को किसी भी हाल में कांग्रेस गंवाने के मूड में नहीं है। सोनिया के राज्यसभा में जाने के बाद यह सीट खाली है। हमेशा सबसे पहले प्रत्याशी मैदान में उतारने वाली कांग्रेस अबकी चुप्पी साधे है। ग्राउंड रिपोर्ट की सच मानें तो लोगों में यही चर्चा है कि गांधी परिवार से प्रत्याशी उतरने के बाद ही कांग्रेस इस सीट को बचा सकती है। प्रियंका के मैदान में आने से प्रदेश में कांग्रेस की निश्चित ही संजीवनी मिलेगी, लेकिन भाजपा से प्रत्याशी घोषित नहीं होना कहीं न कहीं कांग्रेस को अखर रहा है।

### पांच साल बनाए रखी दूरी, अब मनाना चुनौती

वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव जीतने के बाद रायबरेली के लोगों से दूरी बनाए रखना गांधी परिवार को अब मुश्किल में डाल सकती है। बीते पांच वर्षों में सोनिया गांधी का कई बार कार्यक्रम आया, लेकिन फिर निरस्त भी हो गया।

### प्रियंका आयीं तो भाजपा लगा सकती है स्थानीय पर दांव

रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी तय करने के लिए एक दूसरे का मुंह देख रहे हैं। लोगों में चर्चा है कि यदि प्रियंका चुनाव में उतरती हैं तो भाजपा स्थानीय प्रत्याशी पर दांव लगा सकती है। दिनेश प्रताप सिंह पिछला चुनाव लड़ चुके हैं और विधायक डॉ. मनोज पांडेय भाजपा के लिए मजबूत स्तंभ बन गए हैं। हालांकि दोनों पार्टियों से प्रत्याशी का इंतजार है।

## मुख्य सचिव ने दिए निर्देश - त्योहारों पर अफवाह से खराब हो सकता है माहौल

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने ईद, रामनवमी, आंबेडकर जयंती व चैत्र नवरात्रि पर्व के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों, डीएम एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रदेश में कहीं कोई अप्रिय घटना न होने पाए। किसी भी धर्म पर टीका-टिप्पणी व छोटी सी अफवाह माहौल को खराब कर सकती है, इसलिये इस पर विशेष नजर रखी जाए।



मुख्य सचिव ने लोकभवन स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में कहा कि अयोध्या में रामनवमी के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसे ध्यान में रखते सुरक्षा और सुगम यातायात के लिए समुचित प्रबंध किए जाएं। सीसीटीवी द्वारा निगरानी रखी जाए।

प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित होंगे, ऐसे में विशेष तौर पर सतर्कता बरती जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखें। सड़क मार्ग व यातायात बाधित कर कोई धार्मिक आयोजन न हो।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि कोई शोभायात्रा अथवा धार्मिक जुलूस बिना विधिवत अनुमति के न निकले। सोशल मीडिया को लेकर अधिकारियों को संवेदनशील रहने की जरूरत है। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, सचिव गृह डॉ. संजीव गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### छेड़छाड़ का मामला: कोर्ट ने आरोपी को किया बरी, बयान बदलने वाले पिता पर कार्रवाई के आदेश

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में छेड़छाड़ के मामले में सुनवाई के दौरान अदालत में पीड़िता और उसके पिता ने बयान बदल दिए। इस पर स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने हरीपर्वत के कैलाशपुरी निवासी आरोपी वकील को बरी कर दिया। साथ ही किशोरी के पिता के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए। किशोरी के पिता ने एसएसपी आगरा को तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि आरोपी उनके घर आकर किशोर उम्र की बेटी के साथ शादी करने का दबाव बनाता है। विरोध पर गोली मारने की धमकी देता है। उन्होंने बेटी को बल्लभगढ़ भेज दिया, वह वहां भी पहुंच गया। वहां से तमंचे के बल पर बेटी को ले गया। विरोध पर मारपीट की।

**कहा- मेरे साथ कोई घटना नहीं हुई:** 18 अगस्त और 21 अगस्त 2017 को पुलिस को सूचना दी। अदालत में सुनवाई के दौरान पीड़िता और उसके पिता ने बयान बदल दिया। कहा कि पहले उन्होंने धारा 164 के तहत जो बयान दर्ज कराए थे।

## तस्करी का गढ़ बन रहा लखनऊ एयरपोर्ट, साढ़े आठ करोड़ की सिगरेट और 27 करोड़ का सोना बरामद

**लखनऊ, एजेंसी।** अमौसी एयरपोर्ट तस्करी का गढ़ बनता जा रहा है। एयरपोर्ट पर तीन माह में 8.47 करोड़ रुपये की विदेशी सिगरेट व पूरे वित्तीय वर्ष में 27.09 करोड़ रुपये का सोना बरामद किया गया है। ऐसे में कस्टम की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। कस्टडी से 29 तस्करों के भागने बाद कस्टम पर शक और गहरा गया है।

अमौसी एयरपोर्ट पर खाड़ी देशों से तस्करी कर लाए जाने वाले सोने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं, बैंकॉक व दक्षिण पूर्व एशियाई देशों से विदेशी सिगरेट तस्करी कर लाई जाती है। कस्टम की टीम मुस्तैदी की बात कहकर तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि कस्टम की टीम सिगरेटों की तस्करी को उजागर करती है, लेकिन सोने की तस्करी में मिलीभगत कर लेती है।



एयरपोर्ट पर जनवरी से अब तक सिगरेट तस्करी के कुल 105 मामले पकड़े गए हैं, जिसमें 58,45,280 सिगरेट बरामद की गई हैं। इनकी कुल कीमत 8 करोड़ 47 लाख 37 हजार 800 रुपये है। वहीं, सोने की तस्करी की बात की जाए तो वित्तीय वर्ष में कुल 72 मामले पकड़े गए। इसमें तस्करों कुल 43,904 ग्राम सोना बरामद किया है, जिसकी कीमत 27 करोड़ 9 लाख 55 हजार 833 रुपये बताई जा रही है।

### हत्याकर फेंका गया बेटे का शव भी नहर में मिला, निर्दयी पिता ने घोंट दिया था डेढ़ वर्षीय मासूम का गला

**आगरा, एजेंसी।** ताजनगरी आगरा के फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र में पत्नी और बेटे की हत्या कर युवक ने शव नहर में फेंक दिए थे। पत्नी का शव मंगलवार को ही मिल गया था। जबकि डेढ़ वर्षीय बेटे का शव बुधवार को दौलताबाद नहर पुल के पास उतराता मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं हत्यारोपी को भी जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक दूसरी शादी करने के बाद पति-पत्नी में हुए झगड़े के दौरान अरसेना निवासी ओमेंद्र उर्फ आशिक ने पत्नी जुमातन उर्फ मुन्नी और डेढ़ वर्षीय बेटे तनवीर की हत्या कर दी थी। दोनों के शव फतेहपुर सीकरी ब्रांच नहर मंडी गुड़ के पास फेंक दिया था। मृतक की बहन समीरन ने सिकंदरा पुलिस को बहन से संपर्क नहीं होने पर सूचना दी थी। जिस पर पुलिस ने पति ओमेंद्र को पकड़कर पूछताछ की। तब उसने दोनों की हत्या कर शव नहर में फेंकने का खुलासा किया था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मंगलवार को मंडी गुड़ के पास नहर से पत्नी जुमातन का शव निकाला था। बुधवार पुलिस ने पाक गोताखोरों के साथ नहर में सर्च अभियान चलाया और दौलताबाद नहर के एक्काडक्ट पुल के बीच तनवीर का शव उतराता मिला। अरसेना निवासी ओमेंद्र ने बिहार के किशनगंज निवासी जुमातन उर्फ मुन्नी के साथ तीन वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। पति के उत्पीड़न से परेशान होकर जुमातन दो वर्ष से मायके में रह रही थी। चार दिन पूर्व ओमेंद्र ने उसे फोन कर बुलाया था। खुद टूंडला रेलवे स्टेशन से बाइक पर लेकर आया था।

### दो शातिरों ने नौ गांव की कई महिलाओं के साथ लाखों की ठगी

**मसूरी , एजेंसी।** महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम कर महिलाओं, युवतियों और किशोरियों को कंप्यूटर, सिलाई समेत अन्य प्रशिक्षण देने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। दो आरोपियों ने फर्जी संस्था के नाम पर नौ गांव की कई महिलाओं को प्रशिक्षण देने और सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया और पंजीकरण के नाम पर रसीद कटवाकर रुपये ऐंठ लिए। मामले में भूड़गढ़ी की रहने वाली विलम नाम की महिला ने आरती और एके शर्मा के खिलाफ मसूरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। विलम ने बताया कि भूडगढ़ी, कल्लूगढ़ी समेत नौ गांव की महिलाओं के साथ यह धोखाधड़ी की गई है। उन्होंने बताया कि एके शर्मा ने पहले खुद को एक दीप महिला सेवा प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत करने के बारे में बताया। इसी बीच महिलाओं को प्रोफेसर, सहायक, सुपरवाइजर समेत अन्य पदों पर सरकारी नौकरी का झांसा देकर तीन हजार रुपये से 24 हजार रुपये ले लिए। इसके बाद उसने महिलाओं से और महिलाओं को समूह से जोड़ने के लिए कहा। जहां महिलाओं ने अपने-अपने गांव में संस्था के बारे में जानकारी दी और 300 से 600 रुपये में सिलाई, पार्लर और कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने की बारे में बताया। सभी से रुपये लेकर आरोपी भाग गए। प्रधान पति सतीश गौतम ने बताया कि आरोपी उनसे आकर मिला और समाज की भलाई की बात की।

## गर्मियों की छुट्टियों में चलेगी 42 समर स्पेशल ट्रेनें

### अयोध्या रूट पर 130 की रफ्तार से दौड़ेंगी गाड़ियां

**लखनऊ, एजेंसी।** होली के बाद अब गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों का सफर राहत भरा बनाने के लिए रेलवे प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कुल 42 समर स्पेशल ट्रेनें पटरी पर उतारने की तैयारी है। दरअसल, मई-जून में गर्मी की छुट्टियां मनाने के लिए लखनऊ से बड़ी संख्या में यात्री पर्वतीय इलाकों में जाते हैं। इससे उत्तराखंड जाने वाली जनता एक्सप्रेस, दून एक्सप्रेस, योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में लंबी वेटिंग शुरू हो जाती है। इन ट्रेनों में सीटों की बुकिंग शुरू हो गई है। इसी तरह जम्मू-कश्मीर जाने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस, कोलकाता एक्सप्रेस, जम्मूतवी एक्सप्रेस आदि में भी वेटिंग होने से यात्रियों को मुश्किलें हो जाती हैं। इसलिए रेलवे प्रशासन अभी से इन ट्रेनों में सीटों पर नजरें रखे हुए हैं। रूट पर यात्रियों की डिमांड व ट्रैफिक आदि को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों को पटरी पर उतारा जाएगा।

**अयोध्या रूट पर 130 की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें:** अयोध्या रूट की ट्रेनों को 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया जाएगा। इससे राजधानी से प्रभु श्रीराम की नगरी पहुंचने में यात्रियों का आधे से एक घंटे का समय बचेगा। अभी यह सफर चार घंटे में पूरा होता है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने बुधवार को हजरतगंज स्थित कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि रेलवे प्रशासन इस रूट पर ट्रेनों की औसत स्पीड बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए टाइमटेबल पर भी मंथन किया जा रहा है। डीआरएम ने बताया कि रामनवमी पर अयोध्या के लिए स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। हाल में अयोध्या के मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर यात्रियों की आवाजाही को लेकर बातचीत की गई। साथ ही ट्रेनों की वेटिंग पर नजर रखी जा रही है। इसके अनुसार ही स्पेशल ट्रेनें चलाएंगे। अनुमान है कि रामनवमी पर 20 लाख के आसपास श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि पहले अयोध्या धाम स्टेशन पर चार हजार यात्री आते थे, अब उनकी संख्या बढ़कर 18 हजार हो गई है। हंड्रेड डे प्लान पर होगा कामडीआरएम ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के लिए हंड्रेड डे प्लान बनाया जा रहा है। उसके अनुसार काम किया जाएगा। मसलन, चारबाग स्टेशन के वर्षों पुराने फुटओवर ब्रिज हटाए जाएंगे। स्टेशन की सेकेंड एंट्री, दो नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म नंबर दो, तीन, चार, पांच की लंबाई बढ़ाने सहित अन्य काम इसके तहत होंगे। साथ ही ट्रेनों के संचालन को उत्कृष्ट बनाने पर भी काम होगा।





## संपादकीय

# ग्रामीण क्षेत्र पर दबाव

मनरेगा कार्य दिवसों में ग्रामीण क्षेत्रों में अनस्किल्ड लेबर की मांग उचित है, लेकिन अभी भी अच्छे रोजगार की कमी है। इसका असर दुनिया, अर्थव्यवस्था और सरकार पर हो रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के आखिरी दिन आई यह खबर कई लिहाज से परेशान करने वाली है कि मनरेगा के तहत साल भर में मुहैया कराए गए कार्य दिवसों की कुल संख्या 305.2 करोड़ तक पहुंच गई, जो महामारी से पहले (2019-20) के लेवल से 40 करोड़ ज्यादा है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में दिक्कत ज्यादा है, जिससे वहां मनरेगा के तहत काम की मांग बढ़ी है। लोगों को वहां अच्छे रोजगार नहीं मिल रहे। मनरेगा ऐसी योजना है, जो देश के ग्रामीण इलाकों में अकुशल श्रमिकों के लिए आजीविका की आखिरी उम्मीद मानी जाती है। साल 2019-20 के दौरान इस योजना में लोगों की भागीदारी बारिश, मॉनसून, सूखा जैसे सामान्य मौसमी कारकों से प्रभावित हुई थी। उस साल इस योजना के तहत 265.3 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए थे। उसके बाद महामारी और लॉकडाउन के दौरान देश में शहरों से गांवों की ओर असाधारण पलायन हुआ जिसका प्रभाव मनरेगा समेत जीवन के तकरीबन हर क्षेत्र में देखा गया। मनरेगा में उस साल (2020-21) 389.9 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो अब तक का रेकॉर्ड है। लेकिन महामारी की लहरें शांत होने के बाद जैसे-जैसे इकॉनमी उस झटके से उबरती गई, यह उम्मीद बढ़ी कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनस्किल्ड लेबर को विभिन्न क्षेत्रों में आजीविका मिलती जाएगी और मनरेगा पर दबाव कम होगा। लेकिन अगर अभी भी वहां यह दबाव बना हुआ है जिसका अर्थ है कि या तो लोगों को शहरों में गुणवत्ता वाले काम मिलने की उम्मीद नहीं है या वे गांव छोड़कर शहर जाना नहीं चाहते। 2022-23 में भी इस योजना के तहत 293.7 करोड़ कार्यदिवस दर्ज हुए, जो 2019-20 के मुकाबले 28.4 करोड़ ज्यादा थे। यही नहीं, इस साल यानी 2023-24 में यह अंतर बढ़कर 40 करोड़ तक पहुंच गया।

# कच्चातिवु जैसे इलाकों को लेने-देने की रवायत पुरानी

**(स्मृति पटनायक, रिसर्च फेलो, एमपी-आईडीएसए)**

भारत में आम चुनाव की बढ़ती गरमी के बीच कच्चातिवु द्वीप अचानक सुर्खियों में आ गया है। भारत और श्रीलंका के बीच स्थित यह निर्जन द्वीप करीब डेढ़ किलोमीटर लंबा है और भारतीय तट से लगभग 33 किलोमीटर दूर है। इसका मालिकाना हक विवादित रहा है। यह पूरा इलाका पहले पुर्तगालियों के अधीन था, फिर ब्रिटेन का उपनिवेश बना, इसलिए 1947 में भारत के आजाद होने और भूमि-निर्धारण के बाद यहां भारत व श्रीलंका, दोनों के मछुआरे आते-जाते रहे। वे वहां अपने जाल सुखाते थे और फिर मछली पकड़ने निकल जाते। बाद के वर्षों में श्रीलंका ने इस पर अपना दावा किया, जिसके कारण सन् 1974 में समुद्री सीमा-निर्धारण के वक्त भारत ने अपना अधिकार छोड़ दिया। तब यही माना गया था कि ऐसा करने से दक्षिणी पड़ोसी से भारत के संबंध और मजबूत होंगे। हमारे लिए इस द्वीप का कोई सामरिक महत्व भी नहीं है। यहां पर अब भी सालाना कच्चातिवु त्योहार होता है, जिसमें भारत और श्रीलंका, दोनों देशों के मछुआरे भाग लेते हैं। अब आपसी सौहार्द बढ़ाने में इसकी अहमियत मानी जाती है।

भारत ने जमीनों के ऐसे लेन-देन दक्षिण एशिया के कई अन्य देशों के साथ किए हैं। इसका मूल मकसद आपसी विवाद को खत्म करना रहा है। कभी-कभी परिस्थितिवश भी ऐसा किया गया, जैसे बांग्लादेश के साथ। उसके साथ वर्ष 2015 में हमने भूमि- सीमा के निर्धारण का समझौता किया, जिसके तहत 111 सीमावर्ती एन्क्लेव हमने बांग्लादेश को सौंपे और बदले में 51 एन्क्लेव पर अपना अधिकार हासिल किया। यहां कोई कह सकता है कि हमने जितनी भूमि (करीब 17 हजार एकड़) बांग्लादेश को दी, उसकी तुलना में कम जमीन (लगभग सात हजार एकड़) पर कब्जा हासिल किया, पर सच यही है कि कई एन्क्लेव तक जाने के लिए हमें बांग्लादेश की सीमा में जाना पड़ता था। कुछ यही स्थिति बांग्लादेश की भी थी। चूंकि बांग्लादेशी एन्क्लेव तक बांग्लादेशियों की आवाजाही निर्बाध थी, इसलिए तस्करी का अंदेशा भी बना रहता था, इसलिए इसका समाधान आवश्यक था।

यहां न्यू मूर द्वीप की चर्चा भी प्रासंगिक है। इस पर कभी बांग्लादेश और भारत, दोनों अपना दावा जताते रहे, लेकिन बंगाल की खाड़ी का यह द्वीप अब इसलिए चर्चा में नहीं है, क्योंकि यह समुद्र में समा चुका है। उल्लेखनीय यह भी है कि 2014 में संयुक्त राष्ट्र न्यायाधिकरण ने बांग्लादेश को 25 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक के समुद्री दावे में से लगभग 19 हजार वर्ग किलोमीटर का अधिकार दे दिया, जिसे भारत ने बिना किसी विरोध के स्वीकार किया, क्योंकि हम आपसी संबंधों को ज्यादा अहमियत देते रहे हैं।

हमारा एक सीमा विवाद पाकिस्तान के साथ कच्छ के रण को लेकर भी रहा है। 1965 के ताशकंद समझौते के तहत इस विवाद के निपटारे की पटकथा लिखी गई। यह समझौता हालांकि इसलिए याद रखा जाता है, क्योंकि 1965 के युद्ध में पाकिस्तान की पराजय के बाद इसी के तहत भारतीय सैनिकों को वापस बेड़े में बुलाया गया, लेकिन इस समझौते से कच्छ रण का विवाद भी सुलझा और 1969 में आपसी सहमति से कच्छ विवाद का समाधान हो गया। यहां भूटान का जिक्र भी लाजिमी है। हमने 1947 में आजाद होने के बाद भूटान को संप्रभु देश का दर्जा दिया और देओथांग सहित करीब 82 वर्ग किलोमीटर 'द्वार' (पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण भूटान के इलाके) उसे वापस लौटा दिए, जिसे अंग्रेजों ने उससे हड़प लिया था।

सीमा-विवाद को लेकर भारत और नेपाल का मसला खासा अहम है और दूसरों से अलग भी। यहां भारत उस सुगौली संधि के तहत अपनी सीमा का दावा करता है, जिसको ब्रिटिश सरकार ने नेपाल के राजा के साथ 1814-16 के दौरान किया था। उस संधि के तहत नेपाल के कुछ मैदानी इलाके पराधीन भारत के पास आ गए थे। नेपाल इन पर अपना दावा जताता रहता है और इसे 'ग्रेटर नेपाल' का हिस्सा बताता है। फिलहाल, इसके निपटारे के प्रयास भी चल रहे हैं। स्पष्ट है, पड़ोसी देशों के साथ सौहार्द बढ़ाने के लिए जमीनों की अदला-बदली की जाती रही है। यह सीमा-विवाद के निपटारे की स्थापित रवायत है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

# भारतीय अर्थव्यवस्था लम्बी छलांग लगाने को तैयार

**पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर (119 बिलिनियर) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर (97 बिलिनियर) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है। एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13,000 से 14,000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32,000 से 33,000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है।**

**(प्रह्लाद सबनानी)**

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा।

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही (अक्टोबर-दिसम्बर 2023) में भारत में आर्थिक विकास की दर 8.4 प्रतिशत रही है। कुछ विदेशी अर्थशास्त्री भारत की आर्थिक विकास दर को कमतर आंकते हुए दिखाई दे रहे हैं जबकि यह लगातार तिमाही दर तिमाही आगे बढ़ती ही जा रही है। अब तो विश्व की कई आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों ने भी वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर के सम्बंध में अपने अनुमानों को बेहतर किया है, परंतु अभी भी इन संस्थानों के यह अनुमान वास्तविक आर्थिक विकास दर की तुलना में बहुत कम हैं। दरअसल, विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों द्वारा विशेष रूप से भारत की आर्थिक विकास दर को आंके जाने के सम्बंध में उपयोग किए जा रहे मॉडल अब बोथरे साबित हो रहे हैं। हाल ही के समय में भारत के नागरिकों में 'स्व' का भाव विकसित होने के चलते देश में धार्मिक पर्यटन बहुत तेज गति से बढ़ा है। उदाहरण के लिए अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में श्रीराम लला के विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात प्रत्येक दिन औसतन 2 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। यह तो केवल अयोध्या की कहानी है इसके साथ ही काशी विश्वनाथ मंदिर, उज्जैन में महाकाल लोक, जम्मू स्थित वैष्णो देवी मंदिर, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री एवं यमनोत्री जैसे कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। भारत में धार्मिक पर्यटन में आई जबरदस्त तेजी के बदौलत रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं, जो देश के आर्थिक विकास को गति देने में सहायक हो रहे हैं। परंतु, यह तथ्य विदेशी आर्थिक एवं वित्तीय संस्थानों को दिखाई नहीं दे रहा है, जो कि केवल भारत की ही विशेषता है।

उक्त तथ्यों के अतिरिक्त अन्य कई कारक भी भारत की आर्थिक विकास दर को अब 9 से 10 प्रतिशत की सीमा में ले जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। आज भारतीय अर्थव्यवस्था की तुलना में भारत से आगे चल रही विश्व के अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में ठहराव आ गया है। जैसे अमेरिका एवं यूरोप की अर्थव्यवस्थाएं आगे आने वाले समय में प्रतिवर्ष केवल 2 अथवा 3 प्रतिशत की दर से ही आगे बढ़ पाएंगी। इसी प्रकार चीन की अर्थव्यवस्था भी अब ढलान पर दिखाई दे रही है। जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं में तो आर्थिक मंदी देखी जा रही है। इस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत के अमृत काल में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही तेज गति आगे बढ़ती दिखाई दे रही है। वैसे भी भारत में अमृत काल तो अभी शुरू ही हुआ है एवं यह अगले 23 वर्षों अर्थात वर्ष 2047 तक यह खंडकाल जारी रहेगा। कुछ अर्थशास्त्री तो भारत के अमृत काल के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी तरह तेज गति से आगे बढ़ते रहने की संभावनाएं व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भारत में वर्ष 1991-92 में प्रारम्भ किए आर्थिक एवं



वित्तीय क्षेत्र के सुधार कार्यक्रम को अब 32 वर्ष पूर्ण हो गए हैं, हालांकि वर्ष 1991-92 के बाद भी भारत में आर्थिक एवं वित्तीय क्षेत्रों में सुधार कार्यक्रम लगातार जारी रहे हैं। अतः स्थिर हो चुके इन सुधार कार्यक्रमों के फल खाने का समय अब आ गया है।

भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात, पिछले 77 वर्षों के दौरान भारत में लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है एवं आज पूरे विश्व में भारत इस दृष्टि से प्रथम पायदान पर खड़ा है। भारत में लोकतंत्र के लगातार मजबूत होते जाने से विदेशी निवेशकों का भारत में विश्वास बढ़ा है जिसके चलते भारत में उद्योग जगत को पूंजी की कमी नहीं के बराबर रही है। पर्याप्त पूंजी की उपलब्धता के चलते भारत में आर्थिक विकास को गति ही मिली है। भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर के कारण भारत में बिलिनियर (100 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की सम्पत्ति वाले नागरिक) की संख्या में सुधार हुआ है। पिछले वर्ष भारत में 94 नए बिलिनियर बने हैं। जबकि चीन में 115 बिलिनियर कम हुए हैं। विश्व में बिलिनियर की संख्या के मामले में भारत चीन एवं अमेरिका के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। भारत में आज 271 बिलिनियर हैं जबकि चीन में 814 एवं अमेरिका में 800 बिलिनियर हैं। मुंबई महानगर में तो अब 92 बिलिनियर निवास कर रहे हैं, जो चीन के बीजिंग महानगर के 91 बिलिनियर से अधिक है। इस प्रकार अब एशिया के किसी भी महानगर में सबसे अधिक बिलिनियर भारत के मुंबई महानगर में निवास कर रहे हैं। पूरे विश्व भारत के मुंबई महानगर से आगे अब केवल अमेरिका का न्यूयॉर्क महानगर (119 बिलिनियर) एवं ब्रिटेन का लंदन महानगर (97 बिलिनियर) ही है। वर्ष 2022-23 में चीन में बिलिनियर की संख्या घटी है। चीन में बिलिनियर की सम्पत्ति 15 प्रतिशत से कम हुई है। जबकि भारत में बिलिनियर की सम्पत्ति में वृद्धि दर्ज हुई है। यह भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास दर के चलते सम्भव हो सका है।

एक और कारक जो आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक विकास दर को लगातार उच्च स्तर पर बनाए रखने में सहायक हो सकता है वह है भारत में प्रति व्यक्ति वार्षिक औसत आय का लगभग 2500 अमेरिकी डॉलर का होना है जो चीन में 13,000 से 14,000 अमेरिकी डॉलर के एवं दक्षिणी कोरीया में 32,000 से 33,000 अमेरिकी डॉलर के बीच की तुलना में बहुत कम है। इस दृष्टि से भारत को अभी बहुत आगे तक जाना है और यह केवल आर्थिक विकास की औसत दर को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष के आसपास बनाए रखने से ही सम्भव होगा। इस प्रकार भारतीय नागरिकों में अपनी औसत आय को विकसित देशों की तुलना में बेहतर करने की अभी बहुत गुंजाइश है और यह भावना भारत की आर्थिक विकास दर को बढ़ाए रखने में सहायक होगी। दूसरे, भारत में तकनीकी क्षेत्र विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास की दर बहुत प्रभावकारी है, डिजिटल क्षेत्र में तो भारत आज पूरे विश्व को ही राह दिखाता नजर आ रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के चलते भारत में विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिकों, व्यवसाइयों, प्रबंधकों, कृषकों आदि की उत्पादकता में भी सुधार दृष्टिगोचर है जो निश्चित ही भारत में आर्थिक विकास की गति को तेज करने में सहायक होगा।

आज अमेरिका एवं कनाडा में निवासरत एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे भारतीय मूल के नागरिक वापिस भारत आकर बसने के बारे में गम्भीरता से विचार कर रहे हैं क्योंकि अब अमेरिका एवं अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत में लगातार तेज हो रही आर्थिक विकास की दर उन्हें आकर्षित कर रही है। उन्हें आज भारत में अधिक आय अर्जन के अतिरिक्त साधन उत्पन्न होते दिखाई दे रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, लगभग 38,000 भारतीय जो अमेरिका में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्यरत हैं वे अब भारत वापिस आना चाहते हैं क्योंकि अमेरिका में कई कम्पनियां (गूगल, एमेजोन, माइक्रोसोफ्ट एवं मेटा सहित) अपने कर्मचारियों की छंटनी करती दिखाई दे रही हैं। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था तो स्पष्टतः आर्थिक मंदी की चपेट में आ चुकी है। जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था ने अक्टोबर-दिसम्बर 2023 की तिमाही में 8.4 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की है। कई विदेशी वित्तीय संस्थानों ने वर्ष 2024 में भारत की आर्थिक विकास दर के अनुमान को आगे बढ़ा दिया है।

अब तो भारत में, ग्रामीण इलाकों सहित, विभिन्न उत्पादों के खपत का स्तर भी लगातार बढ़ रहा है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा विकास कार्यों के लिए अपने बजट में खर्च को लगातार बढ़ाया जा रहा है जिससे सामान्य नागरिकों के हाथों में अधिक पैसा पहुंच रहा है तथा इससे नागरिकों के बीच विभिन्न उत्पादों के खपत का स्तर बढ़ता दिखाई दे रहा है। शहरी उपभोक्ता तो रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के साथ साथ चार पहिया वाहन एवं मकान आदि खरीदने पर भी भारी मात्रा में पैसा खर्च कर रहे हैं। घरेलू खपत में बढ़ौतरी के साथ ही भारत से निर्यात में भी तेजी देखी जा रही है। फरवरी 2024 माह में निर्यात का स्तर पिछले 11 माह में सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार का अनुमान है कि भारत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्यात के क्षेत्र में अपने पिछले सारे रिकार्ड तोड़ देगा। मोर्गन स्टैनली के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर यह है कि भारत में निवेश : सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में एक बार फिर सुधार दिखाई दे रहा है। यह अनुपात आज 34 प्रतिशत तक पहुंच गया है और उम्मीद की जा रही है वित्तीय वर्ष 2027 तक यह बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। जिससे भारत की आर्थिक विकास दर को और अधिक बल मिलेगा।

हां, भारत में एक क्षेत्र अभी भी ऐसा है जिसके लिए चिंता होना स्वाभाविक है। वह क्षेत्र है आय की असमानता का। भारत की 10 प्रतिशत आबादी के पास देश की 77 प्रतिशत सम्पत्ति जमा हो गई है। एक रिसर्च पेपर में यह बताया गया है कि भारत में आर्थिक विकास के साथ साथ आर्थिक असमानता भी बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत तक भारत की एक प्रतिशत आबादी की देश की कुल आय एवं सम्पत्ति में 22.6 प्रतिशत एवं 40.1 प्रतिशत की भागीदारी रही है। आय की असमानता को देश में आर्थिक विकास को गति देकर ही दूर किया जा सकता है, जिसके लिए केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। (लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# बेटियों को भी मिले उचित सम्मान, उन्हें न समझा जाए बोझ

**हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है। पिछले कुछ वर्षो में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं।**

**(रमेश सर्राफ धमोरा)**

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है।आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उनके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। देश में आज भी प्रतिवर्ष लाखों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही कोख में मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी होने से लिंगानुपात गड़बड़ा गया है। पिछले कुछ वर्षो में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार




करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है।

इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। अगर समाज में बेटियों को उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है तो इसमें कुछ गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। कठिन से कठिन कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। लड़कियों ने अपने काम और समर्पण के दम पर कई क्षेत्रों और क्षेत्रों में खुद को साबित किया है। वे अधिक प्रतिभाशाली, आज्ञाकारी, मेहनती और परिवार और अपने जीवन के लिए जिम्मेदार हैं। लड़कियाँ अपने परिवार और माता-पिता के प्रति अधिक देखभाल करने वाली और प्यार करने वाली होती हैं और वे हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देती हैं। देश की अर्थव्यवस्था में भी महिलाओं का अहम योगदान है। वे श्रम शक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और व्यवसायों की वृद्धि और विकास में योगदान देती हैं। एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर पूरे देश में जिले का मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ाये रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें। तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा। सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है।



## सबकी जान बचाता है ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप

शरीर को सुचारू रूप से चलाने का काम खून करता है। इंसान के खून का रंग बेशक लाल है लेकिन इसके कई ग्रुप हैं और हर सभी लोगों के शरीर में अलग-अलग ग्रुप का खून पाया जा सकता है। वास्तव में आपका ब्लड टाइप क्या है, यह आपको विरासत में मिले जीनों द्वारा निर्धारित होता है। आपके खून का प्रकार कोई भी हो, आपके द्वारा डोनेट किये ब्लड किसी की जिंदगी बचाने का काम कर सकता है। जब बात यह होती है कि सबसे बढ़िया खून कौन सा होता है, तो ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप को सबसे बेहतर माना जाता है। इसकी वजह यह है कि इस ग्रुप के लोग किसी को अपना खून दे सकते हैं। थोड़ी गड़बड़ी यह है कि इस समूह के लोग सिर्फ इसी ग्रुप का ब्लड ले सकते हैं। ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप के लोगों को यूनिवर्सल डोनर कहा जाता है, यह खास तरह का खून है, जो किसी की भी जिंदगी बचा सकता है इसलिए इस समूह के लोगों को इसकी हिफाजत करना जरूरी है। इसके लिए आपको खाने-पीने का ध्यान रखना चाहिए। आपको अपनी डाइट में नीचे बताए खाद्य पदार्थों को जरूरी शामिल करना चाहिए।

### नट्स

नट्स प्रोटीन और हेल्दी फैट का एक बड़ा स्रोत हैं। ब्लड हेल्थ को बढ़ावा देने के लिए आपको नट्स का खूब सेवन करना चाहिए। आपको रोजाना अखरोट, हेज़लनट्स और बादाम सहित कद्दू के बीज आदि का सेवन करना चाहिए।

### एनिमल प्रोटीन

इस समूह के लोगों को अपनी डाइट में एनिमल प्रोटीन जरूरी शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप मांस और मछली का खूब सेवन करना चाहिए। यह चीजें आपके खून के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकती हैं।

### डेयरी उत्पाद

ओ ब्लड ग्रुप टाइप वाले लोगो को अपने खाने में मक्खन, पनीर और सोय दूध जैसे डेयरी उत्पादों को शामिल करना चाहिए। यह चीजें न सिर्फ खून के स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं बल्कि शरीर के लिए बढ़िया काम करती हैं।

### बीन्स

टाइप ओ ब्लड वाले लोगों को बीन्स का सेवन करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि बीन्स उनकी सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। आपको ओनी डाइट में लाल फलियां, पिंटो बीन्स और ब्लैक बीन्स आदि को शामिल करना चाहिए।

### साबुत अनाज

आपका ब्लड टाइप ओ पॉजिटिव हो या निगेटिव, आपको साबुत अनाज का सेवन जरूर करना चाहिए। आपको अपने खाने में चौलाई, अनाज, चावल और बाजरा को जरूर शामिल करना चाहिए।

### फल-सब्जियों का सेवन करें

ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों को टमाटर, लहसुन, गोभी, भिन्डी, प्याज, अजमोद, लाल मिर्च, शकरकंद और शलजम जैसी सब्जियों का खूब सेवन करना। इनमें वो सभी पोषक तत्व होते हैं, जो खून के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। अगर बात करें फलों की तो आप प्लम, ड्राई प्लम, अंजीर, चकोतरा और सभी तरह की बेरीज खा सकते हैं।



# शरीर को बंजर बना देगी आयरन की कमी

**विटामिन, कैल्शियम आदि पोषक तत्व की तरह आयरन शरीर के लिए जरूरी है। इसकी कमी से शरीर में भारी कमजोरी आती है और खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है। आयरन बढ़ाने के लिए 6 चीजों का सेवन जरूर करना चाहिए।**

जिस जमीन में नमी, पोषण और ताकत नहीं होती, उसे बंजर कहते हैं। इसी तरह आयरन की कमी शरीर को बंजर बना देती है। यह बॉडी का खून, रेड ब्लड सेल्स और ऑक्सीजन कम कर देती है। आयरन डेफिशिएंसी को दूर करने के लिए कुछ उपाय अपनाते रहने चाहिए। जिनके बारे में न्यूट्रिशनिस्ट लवनीत बत्रा ने जानकारी दी है।

### आयरन की कमी से होने वाले रोग

आयरन की कमी के कारण हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स कम हो जाती हैं। जिस वजह से एनीमिया यानी खून की कमी का खतरा बढ़ जाता है। यह दिक्कत महिलाओं को सबसे ज्यादा होती है। इसलिए सरकारी स्कूलों में बचपन से ही लड़कियों को आयरन की गोली खिलाई जाती है। शरीर में आयरन बढ़ाने के लिए 6 उपाय हैं। इन 6 खाद्य पदार्थों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। जो कि आयरन की गोली खाने की नौबत नहीं आने देंगे। आइए पहले आयरन कम होने के लक्षण जानते हैं।

### ये लक्षण कर देंगे बुरा हाल

ऑस्ट्रेलिया की सरकारी हेल्थ बेवसाइट के अनुसार आयरन की कमी शरीर के लिए खतरनाक हो सकती है। जिसकी वजह से निम्नलिखित लक्षण व संकेत दिख सकते हैं।

- हमेशा थकावट रहना
- सांस फूलना
- सिर घूमना
- खून की कमी
- रंग पीला पड़ना
- हाथ-पैर ठंडे होना
- जीभ में सूजन आना
- बार-बार इंफेक्शन होना
- इम्यून सिस्टम की कमजोरी
- बच्चों का विकास रुकना
- भूख ना लगना
- कमजोर नाखून, आदि

### आयरन बढ़ाने के उपाय

इन 6 फूड्स को आयरन का भंडार बताया है। इन वेज फूड को डाइट में शामिल करने के बाद आयरन कम होने का खतरा काफी कम हो जाता है।



इसके लिए आप राजगिरा (चौलाई), रागी, किशमिश, दाल, सोयाबीन, करी पत्ता का सेवन बढ़ाएं।

### किसमें कितना आयरन?

- 25 ग्राम राजगिरा में 2.8 मिलीग्राम आयरन
- 20 ग्राम रागी में 1.2 मिलीग्राम आयरन
- 10 ग्राम किशमिश में 0.7 मिलीग्राम आयरन
- 30 ग्राम दाल में 6.6 मिलीग्राम आयरन
- 30 ग्राम सोयाबीन में 2.4 मिलीग्राम आयरन
- 10 ग्राम करी पत्ता में 0.87 मिलीग्राम आयरन

### इस वजह से भी कम हो सकता है आयरन

खून बहना, पर्याप्त पोषण ना मिलना आदि कारणों से आयरन डेफिशिएंसी होती है। लेकिन कई बार इसके पीछे आयरन का खराब अवशोषण भी होता है। मतलब आप आयरन देने वाली चीजें खा तो रहे हैं, लेकिन शरीर उसका इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है।

### आयरन का इस्तेमाल बढ़ाने के तरीके

- आयरन फूड के साथ विटामिन-सी देने वाले फूड भी खाएं
- खाने के बाद कॉफी और चाय पीने से बचें
- अनाज को खाने से पहले पानी में भिगोएं, अंकुरित और फर्मेंट करें
- लोहे की कढ़ाई या पैन में खाना बनाएं
- लाइसीन अमिनो एसिड और आयरन देने वाला क्विनोआ और फलियां खाएं



# यूरिक एसिड को जोड़ों में गला देंगी ये आयुर्वेदिक जड़ी बूटी

**शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ने से आपको गाउट या किडनी की पथरी की समस्या हो सकती है, इस अपशिष्ट पदार्थ को बाहर निकालने और इसके लक्षणों को कम करने के लिए आप कुछ आयुर्वेदिक तरीके आजमा सकते हैं, जो असरदार हैं।**

यूरिक एसिड बढ़ना एक आम समस्या बनती जा रही है. शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक होने से हाइपरयुरिसीमिया या गाउट की बीमारी हो सकती है। बढ़ा हुआ यूरिक एसिड जोड़ों में गंभीर सूजन और दर्द पैदा कर सकता है। यह किडनी की पथरी का भी कारण बन सकता है। प्यूरीन नामक रसायन के टूटने से यूरिक एसिड निकलता है। प्यूरीन मानव शरीर में पहले से मौजूद होता है। इसके अलावा खाने-पीने की चीजों में भी यह रसायन होता है। वैसे तो यूरिक एसिड किडनी द्वारा फिल्टर होकर पेशाब के जरिए बाहर निकल जाता है लेकिन जब इसका लेवल ज्यादा हो जाता है, तो यह जोड़ों में इकट्ठा हो जाता है और परेशानी पैदा करता है।

### यूरिक एसिड कैसे कम करें?

यूरिक एसिड कम करने के लिए कई दवाएं और मेडिकल ट्रीटमेंट उपलब्ध हैं लेकिन आप कुछ गाउट या यूरिक एसिड के लिए आयुर्वेदिक उपचार भी आजमा सकते हैं।

### यूरिक एसिड का आयुर्वेदिक उपचार त्रिफला

आयुर्वेद की तीन शक्तिशाली जड़ी बूटियों भीभीतकी, हरीतकी और आंवला से मिलकर बना त्रिफला यूरिक एसिड का बढ़िया उपचार है। इसके एंटीऑक्सिडेंट, एंटी बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण इसे मजबूत औषधि बनाते हैं। इसके लिए आप सुबह खाली पेट एक गिलास गर्म पानी के साथ एक चम्मच त्रिफला पाउडर ले सकते हैं।

### गाउट का आयुर्वेदिक उपचार- हल्दी

लगभग सभी आयुर्वेद दवाओं में हल्दी का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें करक्यूमिन होता है, जिसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। हल्दी गठिया का असरदार इलाज है। सूजन और दर्द को कम करने के लिए प्रभावित हिस्से में हल्दी का पेस्ट लगाया जा सकता है, फायदा मिलेगा।

### यूरिक एसिड की रामबाण दवा है अदरक

गाउट या गठिया के रोगियों के लिए निर्धारित हर्बल दवाओं में अदरक मिलाया जाता है। इसमें हाई यूरिक एसिड को कम करने के ताकत होती है। यूरिक एसिड कम करने और इसके लक्षणों को कम करने के लिए आपको अपने खाने और चाय में अदरक का इस्तेमाल करना चाहिए।

### यूरिक एसिड का घरेलू इलाज है गिलोय जड़ी बूटी

गिलोय को मूल रूप से एक ज्वरनाशक जड़ी बूटी कहा जाता है। इसे शरीर में एक्स्ट्रा यूरिक एसिड को बेअसर करने के लिए जाना जाता है। यूरिक एसिड लेवल कम करने के लिए आप एक्सपर्ट की सलाह पर गिलोय जूस ले सकते हैं या इसका पाउडर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### यूरिक एसिड की आयुर्वेदिक दवा है नीम

नीम को सदियों से औषधीय पौधा माना जाता रहा है। नीम में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो इसे गाउट के उपचार के लिए एक बढ़िया जड़ी बूटी बनाते हैं। अगर आप यूरिक एसिड के मरीज हैं, तो दर्द और सूजन कम करने के लिए प्रभावित हिस्से पर नीम का पेस्ट लगाएं।





**ब्रेन स्ट्रोक में दिमाग की नस फट जाती है। लेकिन इससे काफी पहले छोटा अटैक दिख सकता है। जिसके लक्षणों को पहचानकर ब्रेन स्ट्रोक से बचा जा सकता है।**

# दिमाग की नस फटने से काफी पहले पड़ता है छोटा अटैक

जब दिमाग की कोई नस ब्लॉक हो जाती है तो ब्रेन स्ट्रोक आता है। यह एक जानलेवा स्थिति है, जिसमें समय पर इलाज ना मिलने पर मौत हो सकती है। लेकिन क्या आप मिनी ब्रेन स्ट्रोक के बारे में जानते हैं। जो कि बड़े अटैक से काफी वक्त पहले दिख सकता है। इसके लक्षण हल्के होते हैं, जिन्हें वक्त पर पहचानकर बड़े अटैक से बच सकते हैं। इसे मिनी ब्रेन स्ट्रोक या ट्रांसिएंट इस्केमिक अटैक भी कहते हैं।

### दिमाग का छोटा अटैक कब आता है?

ब्रेन स्ट्रोक की तरह छोटा अटैक भी दिमाग की नस ब्लॉक होने से आता है। इसकी वजह से दिमाग को ऑक्सीजन मिलना बंद हो जाती है। लेकिन ये डैमेज परमानेंट नहीं होती है और 24 घंटे में खुद ही ठीक हो जाती है। मगर इसके लक्षणों को हल्के में नहीं लेना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### पैरालिसिस या स्ट्रोक से कैसे बचें?

- शरीर के एक तरफ पर चेहरे, हाथ या पैर में सुन्नपन या कमजोरी
- अचानक कंफ्यूजन आना
- अचानक बोलने में दिक्कत आना
- अचानक देखने में दिक्कत
- अचानक शारीरिक संतुलन खो जाना
- अचानक चलने में दिक्कत आना
- चक्कर आना
- अकारण तेज और गंभीर सिरदर्द
- निगलने में कठिनाई
- चेहरे की मांसपेशियां गिरना

### 24 घंटे में गायब हो जाते हैं लक्षण

नसों में ब्लड क्लॉट जमने से मिनी स्ट्रोक पड़ता है। जिससे खून पूरी आजादी के साथ घूम नहीं पाता है। लेकिन ये ब्लड क्लॉट छोटे और अस्थाई होते हैं और कुछ ही देर में वापस घुल जाते हैं। लेकिन इस स्थिति को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

### मिनी स्ट्रोक से बचने के टिप्स

- धूम्रपान और शराब का सेवन बंद कर दें।
- ताजे फल, सब्जी और साबुत अनाज का सेवन करें।
- शरीर का वजन कंट्रोल रखें।
- नियमित एक्सरसाइज करें।
- फैट का सेवन कम कर दें।
- टाइप 2 डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी जैसी बीमारियों की दवा लेते रहें।

### स्ट्रोक से बचाने वाली डाइट

ब्रेन स्ट्रोक से बचने के लिए लो फैट, कम नमक के साथ हाई फाइबर डाइट लेनी चाहिए। जिसके लिए आप इन फूड्स को खा सकते हैं। नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, एवोकाडो, सेब, केला, गाजर, चुकंदर, ब्रोकली, पालक, टमाटर, दालें, राजमा, छोले, क्विनोआ, ओट्स, बादाम, चिया सीड्स, शकरकंद

# रामनवमी और ईद को लेकर जगन्नाथपुर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक





**पूसू प्रतिनिधि,जगन्नाथपुर।** जगन्नाथपुर थाना परिसर में रामनवमी व ईद पर्व को शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर जगन्नाथपुर थाना परिसर में एक बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता एसडीओ मुकेश मछुआ ने की। जबकि संचालन थाना प्रभारी शिव नारायण तिवारी ने किया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में रामनवमी एवं ईद का पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस बैठक में ईद पर्व पर होने वाले नमाज कितनी जगह होगी और कौन कौन सी जगह की जाएगी इसकी जानकारी ली गई। वही राम नवमी पर निकलने वाली जुलुस की रुट चार्ट की भी जानकारी लिया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा ने कहा की राम नवमी में निकलने वाली जुलुस में डीजे पर प्रतिबंध रहेगी। जुलुस में धर्म विरोधी एवं अश्लील गाने नहीं बजाया जाएगा। जुलुस में किसी राजनितिक दल की नारा एवं झंडा नही होनी चाहीए। पुराने रुट चार्ट के अलावे कोई नई रुट नही होनी चाहिए रामनवमी के कमेटी के सदस्य विशेष ध्यान देंगे की जुलूस में निकलने वाली वाहनों पर अपना वालंटियर रखना सुनिश्चित करेंगे ,साथी जुलूस में नशा का सेवन करने वालों पर विशेष ध्यान देने रखेंगे।

वही अंचल अधिकारी मनोज मिश्रा ने कहा कि रामनवमी के जुलूस जिस रूट चार्ट से निकलती है उस रूट में बालू ईट गिट्टी सड़क पर नहीं होनी चाहिए पूरे रूट चार्ट खाली रहेंगे। जुलुस से पहले सभी अपने समानो को हटा ले। वही दुकानदारो से भी अपील की गई है की जुलुस के समय अपने दुकान के समानो को बाहर ना निकाले। यदि सड़क पर किसी भी व्यक्ति का ईट बालू गिट्टी एवं दुकान की समाने पाई जाती है तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर सड़क पर लगने वाले वाहन पर विशेष ध्यान दी जाएगी सड़क पर किसी प्रकार का वहां नहीं होनी चाहिए जुलूस निकालने की समय सारणी के अनुसार उसे रूट में वाहन लेजाने पर प्रतिबंध रहेगी।

शांति समिति के बैठक में जगन्नाथपुर थाना प्रभारी शिवनारायण तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी सोशल साइट (फेसबुक, वाट्सएप, इंस्टाग्राम आदि) के जरिये अगर कोई व्यक्ति अफवाह फैलाकर शांति भंग करने की कोशिश करेगा, तो ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। वहीं एसडीओ ने शांति समिति में आए लोगों को अपनी-अपनी राय रखने को कहा जिस पर लोगों ने नाली एवं सड़क किनारे लगने वाले दुकान एवं वाहन पर कार्रवाई करने की बात कही जिस पर एसडीओ ने लोगों को आश्वासन दिया कि इस पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

मौके पर पवन कुमार सिंह, अमोद साव,मतीन अहमद,जितेंद्र गुप्ता,ईश्वर चंद्र विधासागर,आताब आलम,मनोज निषाद, केदारनाथ गुप्ता,संतोष नायक, निराकार बोसा,हरिश प्रसाद, प्रदीप गुप्ता,दिनेश राम निषाद, चंदन निषाद,प्रमोद शर्मा, श्रवण शर्मा, अमित चक्रवती,चंचल यादव आदि उपास्थित थे।

# दंपत्ति ने लिखा 110 से अधिक बार राम नाम की कॉपी, करेंगे अयोध्या में भेंट

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बर्मामाइंस स्थित कैरेज



कॉलेज में राम नाम जपते जपते एक ही परिवार के दंपत्ति ने 110 से अधिक राम नाम की कॉपी लिख दी है। वे प्रतिदिन तीन घंटे लिखते है। कॉपी लिखने वाले दंपत्ति में रामा शंकर शर्मा और मधु बाला शर्मा शामिल है। रामा शंकर शर्मा ने बताया कि वे राम के भक्ति में लीन रहते है। पहले रामा शंकर शर्मा ने 2019 की अक्टूबर से राम नाम लिखने की शुरुआत की। इसके बाद उनसे प्रेरित होकर उनकी पत्नी ने भी राम नाम की कॉपी लिखनी शुरू कर दी। अब तक वे 36 लाख 52 हजार बार लिख चुके है। वहीं उनकी पत्नी मधु बाला ने बताया कि वे अपनी पति से प्रेरित होकर राम नाम लिखना शुरू की। जहां उन्होंने अब तक 5 हजार 85 बार से अधिक राम नाम लिख चुकी है। उन्होंने बताया कि राम नाम लिखने से उन्हें शांति मिलती है। मधु प्रतिदिन आधा घंटा लिखती है। वहीं गुरुवार को वे परिवार के साथ अयोध्या के लिए रवाना होंगे। जहां वे इन लिखी कॉपियों को अयोध्या के राम मंदिर में भेंट करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिदो-कान्हू कॉलोनी में बंद पड़े दो घरों में चोरी का प्रयास



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया थाना क्षेत्र के सिद्धो-कान्हू कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने बुधवार की रात्रि बंद पड़े दो घरों में चोरी करने का प्रयास किया। इस दौरान अज्ञात चोरों ने यशवंत कुमार के घर के गेट का ताला को कटर से काटकर चोरी करने का प्रयास किया। चोरों ने घर के सामानों को तितर बितर कर दिया है। सुबह कॉलोनी के पुजारी प्रदीप ओझा फूल तोडने आए थे। उन्होंने घर के गेट को खुला देखकर इसकी सूचना उन्होंने कॉलोनी के सुखदेव पाल और शंकर महतो को दी। चोरों ने कॉलोनी में ही कई दिनों से खाली पड़े गोपाल चंद्र दास के घर की चहारदीवारी को फांदकर घर के मुख्य गेट के ताला को काटकर घर में प्रवेश किया। चोरों ने घर में रखी साइकिल को चुराने की कोशिश की परंतु साइकिल को ले जाने में असफल रहे। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना पाकर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन करने में जुटी है। दोनों घरों के मलिक को नहीं पहुंचने के कारण किन-किन सामानों की चोरी हुई है का पता नहीं चल रहा है। पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है ।

### उत्कल ब्राह्मण समाज ने मीना आचार्य के निधन पर शोक व्यक्त

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** उत्कल ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कमेटी के तत्वावधान में शोक सभा अध्यक्ष सूर्य शंकर कर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन सचिव अनादी आचार्य की धर्मपत्नी मीना आचार्य के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। मौके पर समाज के ओर से पीड़ित परिवार को सांत्वना दी गई। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष सुधांशु शेखर मिश्रा,सचिव रजनी षांडगी, सह सचिव जयगोपाल पंडा, कार्यकारी अध्यक्ष गौर मिश्र, संगठन सचिव सूर्य कांत दाश, अनादि आचार्य, उपाध्यक्ष मुरलीधर मिश्र, अमल दाश, योगेश दाश, रवि सत्पथी, सुरेश महापात्र सहित अन्य उपस्थित थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्या. तुड़ी के शिवानी गोप का जवाहर नवोदय विद्यालय हुआ चयन



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** प्रखंड के तेंतला पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुड़ी में अध्ययनरत छात्रा शिवानी गोप का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय बालिकुड़िया, बहरागोड़ा में कक्षा छह में नामांकन हेतु चयन हुआ है। शिवानी गोप की इस सफलता पर पंचायत के मुखिया अमृत माझी ने गुरुवार को छात्रा के कांवराडीह, तेंतला आवास जाकर उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि जेएनवी विद्यालय में नामांकन के लिए चयनित शिवानी की सफलता पोटका प्रखंड के एक सुखद समाचार की तरह है। उन्होंने शिवानी का उत्साह बढ़ाते हुए आगे और बेहतर रिजल्ट लाकर समाज गांव और देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर छात्रा के पिता अशोक गोप, मां रुपा गोप, धनपति गोप, लक्ष्मण गोप,अरुण महतो, संतोष गोप,पुष्पजीत गोप,समरजित गोप,विजय गोप सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा महिला संपर्क अभियान कमेटी की बैठक



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** भाजपा महिला संपर्क अभियान कमेटी की बैठक गुरुवार को हाता में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक कल्याणी शरण ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, कमेटी के प्रदेश सह संयोजक लक्ष्मी पात्र सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में महिला वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत सुनिश्चित करने हेतु महिला संपर्क अभियान झारखंड प्रदेश के सभी 14 लोकसभा सीटों पर चलाया जाएगा। इस अभियान में भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य, विभिन्न स्वयंसेवी संस्था की सदस्य, बहनों की टोली घर घर जाकर मोदी सरकार की उपलब्धि जैसे गैस कनेक्शन, आयुष्मान योजना, पीएम किसान सम्मान के बारे में बताएंगे। केंद्र सरकार द्वारा किए जनकल्याण के लाभार्थियों से मिलेंगे। एक घर भी नहीं छूटे,यह ध्यान रखना है। उन्होंने कहा कि इसबार महिलाओं के वोट से भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। अभियान को सफल बनाने हेतु प्रखंड एवं विधानसभा स्तरीय संयोजक सह संयोजक की टीम बनाई गई है। बैठक में मुखिया देवी कुमारी भूमिज, मुखिया दुखनीमाई सरदार,हेमा मंडल,सुलोता मंडल,नीलू कुदादा,राजपति देवी, ज्योति अधिकारी देवा मंडल सीमा जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# कम मजदूरी भुगतान करने की आरटीआई कार्यकर्ता ने की डीसी से शिकायत

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** डीसी पूर्वी सिंहभूम को पत्र भेजकर कम मजदूरी भुगतान करने की शिकायत। आरटीआई एक्टीविस्ट व भाजपा नेता सिर्मा देवगम ने उपायुक्त जमशेदपुर को एक पत्र लाखा है। पत्र में उन्होंने कहा है कि पोटका-डुमरिया सीमाना बादलकोचा गांव के सेलाय एसेद नदी पर एक( वीयार) चैक डैम बनाया जा रहा है। डैम मे मजदूरी कर रहे मजदूरों को ठेकेदार दीपक कुमार दास 300 रूपये मजदूरी भुगतान की जा रही है जबकि श्रम नियोजन ,कौशल एवं प्रशिक्षण विभाग झारखंड की अधिसूचना संख्या-1879 दिनांक 14/10/2019 के अनुसार डैम में कार्य करने वाले मजदूरों को 486 ?64 रूपये मजदूरी भुगतान किया जाना हैं । मजदूरों को आर्थिक शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जयेगा। सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी राशि भुगतान कराने की कष्ट करें अन्यथा काम को रोका जायेगा।

# सुनसुनिया साल जंगल में पेड़ कटवा गिरोह पुनः सक्रिय



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया वन क्षेत्र के सुनसुनिया साल जंगल में एक बार पुन:पेड़ कटवा गिरोह सक्रिय हो गया है। गुरुवार को जंगल में काटे गए कई साल के रोला जब्त किया है। आपको बता दें कि भालुकबिंदा वन सुरक्षा समिति की सदस्य सुमित्रा महतो के नेतृत्व में जंगल में पहरेदारी कर रही महिलाओं ने जंगल में कुछ लोगों को साल पेड़ काटते देखा। समिति की महिला सदस्य जब वहां पहुंची उन्हें आता देख पेड़ काट रहें लोग वहां से भाग निकले। उसके बाद जांच करने पर समिति की के सदस्यों ने काटे गए कई साल पेड़ के रोला को जब्त पाया जिसे जब्त कर लिया। मौके पर समिति की सदस्य सुमित्रा महतो ने बताया कि समय-समय पर समिति की महिलाएं जंगल में पहरेदारी करते हैं। समिति के सदस्यों के सक्रियता के कारण जंगल से साल पेड़ की कटाई पर प्रतिबंध लगा था, परंतु पुन: एक बार फिर से पेड़ कटवा गिरोह सक्रिय हो गया है। समिति के सभी सदस्य पारी पारी से जंगल में पहरेदारी कर साल पेड़ का संरक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि जंगल से साल पेड़ काटते पकड़े जाने पर संबंधित लोगों पर समिति द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कल्पना महतो, पार्वती कर्मकार, कल्पना महतो, पार्वती कर्मकार, रंपा महत्तो, अभी महतो, कार्तिक महतो, जोसना दास, अंजू महतो समेत समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

# फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की घाटशिला प्रखंड कमेटी का हुआ गठन



**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** अनुमंडल क्षेत्र के घाटशिला प्रखंड मे फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की एक बैठक काला पत्थर क्लब भवन परिसर मे गद्दाधर दास की अध्यक्षस्ता में बैठक का संचालन ललित कृष्णा मंडल ने किया, बैठक मे जिला से आए हुए मुख्य अतिथि जिला कमेटी के अध्यक्ष मोहन साव 'पारस' विशिष्ट अतिथि बरीय उपाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, महासचिव प्रमोद गुप्ता, संगठन सचिव नरेंद्र तिवारी, जीतेन्द्र कुमार सभी पदाधिकारीगण को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया गया। जिला से आए हुए पदाधिकारी के उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में घाटशीला प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली एवं महिला समिति के साथी उपस्थित हुए, सभी ने कमिटी गठन करने का प्रस्ताव जिला कमिटी के पदाधिकारी समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला के पदाधिकारी ने सभी के सहमति से प्रखंड कमिटी का संयोजक समीर वरण दास, सह संयोजक ललित कृष्णा मंडल, अध्यक्ष भागीरथ चंद्र हेंब्रम, कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम मंडल, उपाध्यक्ष अनिल मंडल, गदाधर दास, सचिव मृणाल रजक, महासचिव सुब्रतो दत्ता, दशरथ हेमब्रम, कोषाध्यक्ष निताई साहू, सह कोषाध्यक्ष सचिन कुमार दास, कार्यकारणी गौर हरी दास, अजीत कुमार महतो, माही दोस्त दास, सुकुमार कर, अमित कुमार गोराई, जगबंधु दत्ता, अरुण कुमार गुप्ता, हरिपद मंकी, हर्बल लव भगत, महिला समिति का अध्यक्ष-रानू गिरी, सचिव बिना सिंह को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के दुकानदार भाई एवं महिला समिति के सदस्य उपस्थित थे। गोदाधर दास, हरिपद सोरेन, सिद्धू कानू महिला मंडल, जमीनी कांत टुडू, गौरहरि दास, सुकुमार कौर, कदम बाहर महिला मंडल, जगदीश चंद्र मनकी, दसमत हेंब्रम, अनिल कुमार मंडल, कीर्तिवास गोराई, हरिपद मंकी, बिना पानी गोराई, गोपाल धवलदेव, सचिन कुमार दास, जगबंधु दत्ता, श्रीमती पार्वती हंसदा, जय जयंती महिला समिति, हेलो बल्लभ भगत, सारी सरजम महिला मंडल, पंडी महिला मंडल, सुखद मादी, महतोष दास, अजीत महतो, मां विपत्तारिणी महिला समूह, उल्दा महिला समूह, जन कल्याण महिला समूह, सरस्वती महिला समूह, समीर बरन दास, अरुण गुप्ता, उज्जवल महिला मंडल, उत्तम मंडल, सुब्रत दत्तू-रुगडी डि महिला समूह कमल हेंब्रम, मानिक रजक, मृणाल रजक, रमेश मारडी, नागेंद्र प्रसाद, जमील अख्तर, (जगदीश मंडल), सुबल अधिकारी श्रीमती गीता नाथ (रंजन),-श्यामसुंदर कुंडू, अध्य शक्ति महिला मंडल, राज अग्रवाल, ललित कृष्ण भगत, गदाधर दास, नियती महतो-मरंग मुरंग महिला मंडल। बनाये गये प्रखंड के सभी संघ पदाधिकारयो को जिला कमिटी के पदाधिकारी ने बधाई दी साथ ही सभी को एक साथ लेकर संगठन चलाने का निर्देश दिये एवं जो भी डीलर भाई -बहन की समस्या हैं, उसको समाधान करने का भरोसा दिया गया।

# वार्षिक योगात्मक-मूल्यांकन परीक्षा संपन्न

## अंतिम दिन 398 बच्चों ने दी परीक्षा



**पूसू प्रतिनिधि, बोड़ाम।** झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् राज्य के निर्देश अनुसार 2 अप्रैल से चली आ रही राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों की वार्षिक योगात्मक -मूल्यांकन परीक्षा (एसए -2) 2023-24 गुरुवार को सम्पन्न हुई जिसमें प्राथमिक विद्यालय जामबनी में 63 में 63, उत्क्रमित मध्य विद्यालय वारियादा में 93 में 93, मध्य विद्यालय बांकादा में 119 में 114, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलडीह में 139 में 128, चार विद्यालय में कुल 414 विद्यार्थी में से 398 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे और 16 अनुपस्थित रहे। गुरूवार को वर्ग एक से वर्ग पांच का हिंदी, पर्यावरण और वर्ग छह से वर्ग सात का हिंदी, बांग्ला विषय की परीक्षा हुई, परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इस बीच प्राथमिक विद्यालय जामबनी में प्रधानाध्यापक उपेंद्र नाथ हेंब्रम, शिक्षिका सीमा रानी महत्तो, शिक्षक हाड़ीराम महतो, राजकृष्ण राय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय वारियादा में प्रधानाध्यापिका अनिता महतो, शिक्षक भजहरी महतो, श्रावण गोप, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बांकादा में प्रधानाध्यापक अनिल कुमार गिरि,शिक्षिका सीता महतो,पशुपति महतो,परेश महतो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलडीह में प्रधानाध्यापक दुखू राम सिंह, शिक्षक रामा शंकर सिंह, रणजीत सिंह, कृष्णपद महतो, अनुरंजन कालिंदी, अर्जुन महतो, रवींद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

# भारत के मानचित्र पर दीया जलाकर दिया मतदान का संदेश



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत समाहरणाल परिसर में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने भारत के मानचित्र पर दीया जलाकर आगामी लोकसभा चुनाव में जिला के प्रत्येक मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त सह स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी मनीष कुमार समेत अन्य सभी कोषांगो के पदाधिकारी ने भी दीया जलाकर मतदान के लिए अपील किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई साथ ही गुब्बारे उड़ाकर जन-जन तक मतदाता जागरूकता का संदेश पहुंचाने की बात कही। उन्होने कहा कि आगामी 25 मई को पूरे फेस्टिव मूड में जिला के प्रत्येक मतदाता बूथ पर पहुंचे और मतदान करें। यह अवसर हमे अपने जनप्रतिनधि चुनने का है, निर्भिक होकर मतदान करें, बिना किसी लालच, लोभ, भय के मतदान करें ताकि सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# डीसी ने किया कार्मिक कोषांग का औचक निरीक्षण, डाटा इंट्री में धीमी प्रगति पर जताई अप्रसन्नता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल द्वारा सभी कोषांगों के कार्य प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही।



इस क्रम में उन्होंने गुरुवार को कार्मिक कोषांग का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रगति की जानकारी ली। मौके पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार तथा कोषांग के वरीय एवं सभी प्रभारी पदाधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डाटा इंट्री में असंतोषजनक प्रगति पाये जाने पर अप्रसन्नता जताई तथा कोषांग के वरीय पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर त्रुटिरहित डाटाबेस तैयार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने अब तक अपने कर्मियों का पूरा डेटाबेस कार्मिक कोषांग को उपलब्ध नहीं कराया है, वे अविलंब उपलब्ध करायें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। किस विभाग ने कितने कर्मियों की सूची कार्मिक कोषांग में उपलब्ध कराया है इसके भी विश्लेषण का निदेश दिया गया।

# सोशल मीडिया हैंडल पर सरकारी योजनाओं का जिक्र अचार संहिता के दायरे में है या नही?

## जिला निर्वाचन द्वारा आयोजित एमसीएमसी की बैठक में उठा बड़ा मुद्दा




**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा ।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सोशल मीडिया को लेकर बहुतेरी चर्चा होती है, और आज के सबसे पॉपुलर मीडिया की सबसे ज्यादा निगरानी हो रही है। पर हम इसे विडम्बना ही कहेंगे कि सोशल मीडिया खास कर फेसबुक पर जो सरकार के शासन प्रशासन के जो एकाउंट और पेज है, उनमें आदर्श आचार संहिता लगने के पूर्व पोस्ट हुई सत्तारूढ़ दल के मंत्री व मुख्यमंत्री के साथ जो तस्वीरे और योजनाओं का विवरण लोकसभा चुनावों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कई आला अधिकारियों से जुड़े फेसबुक एकाउंट की भी यही स्थिति है। कोई भी री-टैग करता है, और पूर्व में किया गया पोस्ट वर्तमान में लोगों के सामने फिर से आ जाता हैं। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा आजकल आम है कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों जिसमें यह बात स्पष्ट है कि मतदान तक किसी भी तरह की लोक लुभावन योजना को प्रचारित नही करना है। अगर राज्य या केंद्र की ऐसी योजनाओ के बोर्ड भी कही दिखते हैं तो उन्हें फ़ौरन हटाना है। नही हटाने पर अचार संहिता उलंघ्न का केस हो सकता है। पर फेसबुक इस मामले में कई सवाल खड़े कर रहा है। फेसबुक पर तो कई सरकारी हैंडल पर ऐसी तस्वीरें हैं, जो सर्च करने पर योजनाओ को परिलक्षित करती हुई देखने को मिल जायेगी। इस मामले में क्या कार्यवाई होगी अभी यह तय नही है। इस बाबत चर्चा करने पर गुरुवार को प0 सिंहभूम में मीडिया सर्टिफिकेशन मोनिटरिंग कमिटी की बैठक प0 सिंहभूम मे मीडिया कोषांग द्वारा यह बात कही गई। सोशल मीडिया एकाउंट केवल प्रत्याशी का ही देखा जाएगा। इस बात बात इसकी मोनिटरिंग सेल राजधानी रांची में है। वह इस बात को गम्भीरता से देखेगी।

### डीसी ने दिया जांच का निर्देश

इस सम्बंध में पश्चिमी सिंहभूम जिले में गवर्मेंट लोगो (झारखण्ड सरकार के प्रतीक चिन्ह) को भी चुनावी पारदर्शिता के मद्देनजर हटाने वाले जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बैठक में कहा मामले को गम्भीरता से देखना चाहिए। इसके लिये मीडिया कोषांग की नोडल पदाधिकारी सुश्री ईशा खण्डेलवाल को उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिया है।

## राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने से पहले एमसीएमसी से लेनी होगी अनुमति

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** चाईबासा समाहरणालय में गुरूवार को एमसीएमसी कोषांग की एक बैठक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडियाकर्मियों के साथ हुई। बैठक की अध्यक्षता ने की। इस दौरान लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत खबरों के प्रकाशन, विज्ञापन प्रकाशन का निर्देश दिया गया। इस दौरान बताया गया कि कोषांग मीडिया में आने वाली खबरों पर नजर बनाए हुए है। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश एवं जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के दायरे से बाहर जाकर विज्ञापन, पेड न्यूज अथवा अन्य प्रचार सामग्री प्रकाशित करने तथा कराने पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। उन्हें बताया गया कि विज्ञापन से जुड़ी मामले प्रकाशित करवाने से पहले कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इस दौरान सभी को आदर्श आचार संहिता के संबंध में जानकारी दी गई जिसके तहत दूसरे देशों की आलोचना नहीं करने, धर्मों या समुदायों पर हमला, कुछ भी अश्लील या अपमानजनक गतिविधि अथवा हिंसा भड़काना राष्ट्रपति और न्यायपालिका की सत्यनिष्ठा पर आक्षेप, राष्ट्र की एकता, संप्रभुता और अखंडता को प्रभावित करने वाली कोई बात, किसी भी व्यक्ति के नाम से कोई आलोचना नहीं करना, पोस्टर संगीत आदि या चुनाव प्रचार में मंदिर/ मस्जिद /चर्च / गुरूद्वारा या किसी पूजा स्थल का उपयोग नहीं करना है। इसी तरह रक्षा कर्मियों और समारोह की तस्वीरें प्रकाशित नहीं करने, नेताओं की निजी जीवन के किसी भी पहलू को सार्वजनिक गतिविधियों से जोड़कर आलोचना नहीं करनी है। असत्यापित आरोपों या विकृतियों के आधार पर अन्य दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना नहीं करनी है। बैठक में मुख्य रूप से परियोजना निदेशक आईटीडीए स्मृति कुमारी, अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लॉन्ग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेलवाल, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में त्रिशानु राय, दिकु सावैयां, विश्वनाथ बाड़ा, आफताब आलम, जेम्स हेम्ब्रम प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के स्थानीय संपादक, ब्यूरो चीफ, आदि मौजूद रहे।

## पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार से इंटर्नशिप कर वापस शहर लौटी छात्राएं



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** महिला विश्वविद्यालय योग की छात्राओं ने अपनी इंटर्नशिप पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार से पूरी कीद्य एमए योग पाठ्यक्रम की पूर्णता के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत उन्होंने पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार जाकर अपना इंटर्नशिप पूरा किया। जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय और पतंजलि विश्वविद्यालय के एमओयू के तहत अपने ज्ञान की वृद्धि के लिए प्रत्येक वर्ष योग विभाग की छात्राएं इंटर्नशिप के लिए हरिद्वार जाती है। वहां छात्राओं ने प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा, एक्यूप्रेशर चिकित्सा एवं योग चिकित्सा से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्राप्त की। इंटर्नशिप के दौरान स्वामी रामदेव जी महाराज के लाइव कार्यक्रम में भी योग विभाग की छात्राओं को सहभागिता का सुअवसर प्राप्त हुआ। वहां से वापस लौटकर छात्राएं बहुत प्रसन्न थी।

उन्होंने वापस लौटकर अपने कुलपति महोदया प्रोफेसर डॉक्टर अंजिला गुप्ता से इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए आशीर्वाद ग्रहण कियाद्य कुलपति ने योग की छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर अन्नपूर्णा झा एवं योग विभाग के फैकल्टी रविशंकर नेवार उपस्थित रहे।

## गंदे नाले का पानी पीने को मजबूर हैं बांसगढ़ सबर टोला के लोग



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत प्रखंड पटमदा बांसगढ़ सबर टोला में लगभग कई वर्षों से मजबूरन गंदे नाले का पीना पड़ रहा है जिससे उनके स्वास्थ्य हमेशा अस्वस्थ रहती है। जहां सरकार कहती है की सबर जातियों को बचाना है वहां आज भी उनके पास पीने का पानी नहीं है कई बार भाजपा नेता विमल बैठा ने इसकी आवाज उठाई है। आज पटमदा अंचल अधिकारी के पास जाकर बीडीओ को आवेदन के बारे में पूछा तो बीडीओ ने कहा कि जल्द से जल्द बोरिंग एव रिंग कुआं का काम कराया जाएगा बीडियो ने भी स्थिति की जानकारी ली थी और जल्द से जल्द पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

## अधिवक्ता कल्याण कोष से 20 वकीलों को मिलेगी सहायता राशि

### लॉयर्स डिफेंस का प्रतिनिधिमंडल रांची में स्टेट बार काउंसिल के पदाधिकारियों से मिला



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** लॉयर्स डिफेंस का एक प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता संजय कुमार पांडे से रांची में मिला तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनसे जमशेदपुर जिला बार संघ की गतिविधियों पर चर्चा की। उसके उपरांत जमशेदपुर जिला बार संघ के प्रभारी एवं राज्य बार काउंसिल के सदस्य राम सुभग सिंह से मिलकर जमशेदपुर जिला बार संघ में होने वाले चुनाव पर चर्चा की तथा जल्द से जल्द चुनाव करवाने का आग्रह किया। राजीव रंजन के कार्यालय में जाकर अधिवक्ता कल्याण कोष से मिलने वाले दिवंगत अधिवक्ताओं की सूची ली और वहां जानकारी प्राप्त हुआ कि लगभग 20 वकीलों को अधिवक्ता कल्याण कोष से भुगतान किया जाना संभव है। बाकी अधिवक्ताओं का भी लगभग तीन-चार महीने में मीटिंग होकर कार्य संभव होगा। राज्य बार काउंसिल के द्वारा चुने गए अधिवक्ता पेंशन प्लान के दो प्रतिनिधि अधिवक्ता परमजीत कुमार श्रीवास्तव एवं अक्षय कुमार झा ने अधिवक्ताओं को मिलने वाले पेंशन की गतिविधियों पर भी पूरी जानकारी ली।

अक्षय कुमार झा ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सारी बातें बताई जाएगी। इस कार्यक्रम में राम सुभग सिंह उपस्थित रहेंगे और अधिवक्ताओं के कल्याण एवं उनके सर्वांगीण विकास पर गोष्ठी की जाएगी। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में लॉयर्स डिफेंस की सदस्य विनोद कुमार मिश्रा, अमित कुमार, रमन ओझा, नवीन प्रकाश आदि उपस्थित थे।

## मारवाड़ी समाज धमकियों से डरने वाला नहीं : मुकेश मित्तल



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल को मिल रही धमकियों के सिलसिले में मारवाड़ी सम्मेलन से सम्बद्ध जिला अध्यक्षों का प्रतिनिधिमंडल धनबाद पहुंचा। मारवाड़ी सम्मेलन से सम्बद्ध पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल के नेतृत्व में एक सात सदस्यों का शिष्टमंडल धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल से उनके निवास पर मिला।

शिष्टमंडल में ललित पोद्दार- अध्यक्ष, रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, दिलीप अग्रवाल अध्यक्ष, पश्चिम सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन, मनोज चौधरी अध्यक्ष, सरायकेला-खरसावां जिला मारवाड़ी सम्मेलन, सुरेश अग्रवाल पूर्व जिला अध्यक्ष राँची, निर्भय शंकर हारीत संयुक्त महामंत्री, रांची जिला एवं अनिल अग्रवाल, राँची आदि उपस्थित थे।

शिष्टमंडल के सदस्यों ने कृष्णा अग्रवाल से अभी हाल के दिनों में जो वारदातें धनबाद जिले में हुई, उसकी विस्तृत जानकारी ली। शिष्टमंडल के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि लोकतंत्र में सबको अपना पक्ष रखने एवं अपने विचार व्यक्त करने का पूर्ण अधिकार है, परंतु कोई भी व्यक्ति चाहे वो कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, किसी को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोक सकता और सिविल सोसाइटी के लोगों को नहीं डरा सकता। मारवाड़ी समाज एक गतिशील और प्रगतिशील समाज है और झारखंड की अर्थव्यवस्था में झारखंड के मारवाड़ी समाज का एक बड़ा योगदान है। मारवाड़ी समाज धमकियों से डरने वाला नहीं और जिला प्रशासन से कृष्णा अग्रवाल की सुरक्षा बढ़ाने की माँग करता है।

## तुलसी भवन में फैशनरूट का 5 से शुरु होगा तीन दिवसीय प्रदर्शनी

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** फैशनरूट जमशेदपुर द्वारा तुलसी भवन में 5 से 7 अप्रैल 2024 तक तीन दिवसीय रूप से प्रदर्शनी लगाई जा रही है । इस सम्बंध में फैशन रूट की संचालिका सीमा कजारिया एवम ममता अग्रवाल ने बताया कि हमलोग पिछले 7 वर्षों से इस तरह का प्रदर्शनी लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी 5 अप्रैल को शुरू होगा जिसका उद्घाटन पूर्व सांसद श्रीमती आभा महतो जी करेंगी। इसमें 40 से 45 संख्या में स्टॉल लगाया जा रहा है जिसमें एक ही छत के नीचे सैंकड़ों तरह के सामान उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे साथ ही सभी सामाने घरेलू महिला द्वारा निर्मित प्रोडक्ट्स होगें।

## बागबेड़ा के 14 पंचायत में 15 दिनों से लगातार टैंकर से पानी वितरण

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** उत्तर पूर्वी बागबेड़ा पंचायत अंतर्गत पोस्तोनगर स्थित टीओपी के सामने जुस्को के 12000 लीटर वाली पानी टैंकर से नि:शुल्क पीने का पानी वितरण करवाया गया। इसके अलावे उत्तर पूर्वी बागबेड़ा पंचायत अंतर्गत शाखा मैदान में भी लंबी कतार में लगे हुए लोगों के बीच नि:शुल्क पानी वितरण देने का कार्य किया गया। इस दौरान मुखिया मायावती टुडू एवं पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से कतार में लगे हुए बाल्टी, जार, डेकची में पानी भरने का कार्य को सम्पन्न किए। पंसस सुनील गुप्ता ने बताया कि पिछले 15 दिनों से लगातार बागबेडा, हरहरगुट्ठ, कीताडीह, करनडीह, घाघीडीह जैसे 14 पंचायत क्षेत्रों में लगातार नि:शुल्क पीने का पानी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे गर्मी के मौसम तक यह कार्य जारी रहेगा।




## पार्टी के 44वें स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाएगी भाजपा

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 44वां स्थापना दिवस को भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा धूमधाम से मनाने की तैयारी की जा रही है। पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर भाजपा कार्यकर्ता तैयारी में जुट गए हैं। इसको लेकर गुरुवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में भाजपा जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं महानगर अंतर्गत विभिन्न मंडल अध्यक्षों की बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन के प्रयाग कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा के स्थापना दिवस को भव्य रूप में मनाने एवं बूथ स्तर पर चल रहे अभियान की समीक्षा के संग चुनावी कार्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पार्टी के स्थापना दिवस पर बूथ अध्यक्ष से लेकर सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने घरों पर सम्मानपूर्वक भाजपा का ध्वज लगाएंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि 6 अप्रैल को साकची स्थित जिला कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं झारखंड के प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जहां महापुरुषों को स्मरण कर उनके छविचित्रों पर माल्यार्पण व नमन करने के पश्चात भाजपा के ध्वज का ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद वे जमशेदपुर महानगर के प्रमुख और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संवाद करेंगे। सुधांशु ओझा ने बताया कि पार्टी के स्थापना दिवस को मंडल स्तर एवं बूथ स्तर पर मनाने की कार्ययोजना बनाई गई है। बैठक के दौरान संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, राकेश सिंह, अनिल मोदी, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, विजय तिवारी, राजीव सिंह, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मोचीराम बाउरी, धर्मेंद्र प्रसाद, संदीप शर्मा बॉबी, संजय कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# चैती छठ, रामनवमी व ईद को लेकर थानों में हुई शांति समिति की बैठक

### धार्मिक सौहार्द बनाये रखने का लिया गया निर्णय



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** श्री श्री रामनवमी पूजा, ग्राम पूजा एवं ईद के शांतिपूर्ण माहौल में आयोजन को लेकर कोवाली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गुरुवार को डीएसपी संदीप भगत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में बीडीओ अभय द्विवेदी, सीओ निकिता बाला, जादूगोड़ा इंस्पेक्टर हरमन तिग्गा, कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान सहित शांति समिति के सदस्य, विजय बजरंग अखाड़ा हल्दीपोखर के पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा 7 अप्रैल में ग्राम पूजा, 17-18 अप्रैल को राममनवमी एवं 9 या 10 अप्रैल को ईद पर्व के आयोजन के संबंध में दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों से विस्तार पूर्वक जानकारी ली।

बैठक को संबोधित करते डीएसपी संदीप भगत, बीडीओ अभय द्विवेदी समेत अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि अखाड़ा समिति को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि लोकसभा चुनाव को लेकर वर्तमान में आचार संहिता लागू है इसके मद्देनजर कार्यक्रम आयोजन नियम के दायरे में हो।

बैठक में विजय बजरंग अखाड़ा हल्दीपोखर के लाइसेंसी रतन सोनकर ने विगत वर्ष 2023 को रामनवमी झंडा विसर्जन जुलूस में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा की गई पत्थरबाजी एवं मुखिया देवी कुमारी भूमिज के घायल होने का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासन इसको गंभीरता से लेने को कहा ताकि घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। इस मामले में प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि विगत वर्ष के घटना को देखते हुए प्रशासन रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर पूरी तरह से सतर्क है।

## सुंदरनगर थाना में शांति समिति की हुई बैठक

सुंदरनगर थाना में गुरूवार को चैती दुर्गा पूजा, ईद एवं आगामी पर्व-त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में डीएसपी शाकिर अहमद , सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर हरमन दिग्गा, सुंदर नगर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा के अलावे शांति समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने समिति के सदस्यों से पर्व-त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। सदस्यों ने स्थानीय समस्याओं को रखा। अधिकारियों ने निष्पादन का भरोसा दिया।



## संक्षिप्त खबरें

### कोवाली से अपहृत छात्रा बरामद, अपहरणकर्ता को पुलिस ने भेजा जेल

**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** प्रखंड के कोवाली थाना क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में छात्रा की मां ने कोवाली थाने में लिखित शिकायत की। शिकायत पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम गठित किया एवं अपहृत युवती को खोजने के लिए गहन छापेमारी अभियान चलाया। थाना प्रभारी का प्रयास रंग लाया और दो घंटे बाद ही पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करते हुये छात्रा को सकुशल बरामद कर लिया। छात्रा के अपहरण के आरोपी युवक विशाल कालिंदी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। छात्रा की मां ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि दो अप्रैल को स्कूल जाने के क्रम में विशाल कालिंदी उसकी बेटी का अपहरण कर लिया था। इस मामले को लेकर 3 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करायी।



### शैक्षणिक संस्थानो में बनाएं स्वीप आइकॉन -डीडीसी

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** उप विकास विकास आयुक्त ने कहा कि दिव्यांग, मेधावी, सांस्कृतिक, स्पोर्ट्स आदि गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले छात्रों को स्वीप आइकॉन बनाते हुए यूनिवर्सिटी/कॉलेज/स्कूल परिसर में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संचालन करें। ताकि हर घर तक मतदान का संदेश पहुंचे। जिला प्रशासन द्वारा मतदान के प्रति शहरी उदासीनता को खत्म करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, इसमें सहयोग करें ताकि जिले के मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो और हम सभी अपने लोकतंत्र की मजबूत में अपना योगदान दे सकें। वे गुरुवार को जिला सभागार में यूनिवर्सिटी के डीन/प्रोफेसर, कॉलेज एवं स्कूल के प्राचार्य व शिक्षक के साथ बैठक कर रहे थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि माइग्रेशन, मतदान प्रक्रिया में रुचि नहीं लेना, जागरूकता की कमी आदि कारण हो सकते हैं, ऐसे मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने एवं अपने मतों का प्रयोग अवश्य करने को लेकर जागरूक करने में सभी के सहयोग की आवश्कता है। उन्होंने यूनिवर्सिटी, कॉलेज व स्कूल के बच्चों के बीच फॉर्म 6 भरने, चुनाव पाठशाला, मतदाता शपथ, सोशल मीडिया पर रील बनाने, वीडियो मैसेज, पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, बाइक स्टीकर, मोबाइल स्टीकर,बैच, रंगोली, मानव श्रृंखला, क्वीज, प्रभातफेरी, वोटर आईडी के साथ सेल्फी, हस्ताक्षर अभियान, निबंध, स्लोगन आदि गतिविधियों के संचालन की बात कही। इस अवसर पर सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाया गया तथा मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर मनोरंजक गतिविधि भी संचालित किए गए।

### जमशेदपुर समेत अन्य सीटों से उम्मीदवार खड़े करेगी बसपा



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** बहुजन समाज पार्टी, जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी प्रणव महतो के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश कार्यालय रांची में प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता से शिष्टाचार मुलाकात की एवं जमशेदपुर लोकसभा चुनाव के संबंध में विस्तार से चर्चा की द्य इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने सभी से पूरी ताकत से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जोर सोर से पार्टी के गतिविधि बढ़ाने पर जोर दिया। श्री मेहता ने कहा जमशेदपुर लोकसभा चुनाव पार्टी पूरी ताकत से लड़ेगी। जमशेदपुर सहित झारखण्ड के अन्य लोकसभा के प्रत्याशीओ के नाम का घोषणा जल्द ही की जाएगी। इस अवसर पर जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी प्रणव महतो, वरिष्ठ नेता दिलिप प्रसाद कुशवाहा, जितेंद्र सिंह मेहरा, युधिष्ठिर लोहार, रंजीत सिंह, राजू सिंह, पंकज कुमार महतो, संतोष कुमार, रंजन घोष, महेश राव आदि उपस्थित थे।

### प्रो. गौरव बल्लभ के भाजपा में शामिल होने से पार्टी को नहीं पड़ेगा कोई फर्क- बबलू

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से वर्ष 2019 में चुनाव लड़ने वाले प्रो. गौरव बल्लभ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। उनके भाजपा में शामिल होने पर जिले के कांग्रेसियों ने तीखी प्रतिक्रिया दी। जिला कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष बबलू झा ने कहा कि गौरव बल्लभ के पार्टी छोड़कर जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पार्टी ने उन्हें जो मान-सम्मान दिया वह उन्हें कहीं नहीं मिलेगा। वे जमीनी नेता नहीं है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा से चुनाव हारने के बाद आज तक जमशेदपुर नहीं आए। कार्यकर्ताओं से उन्हें कोई लेना-देना नहीं था। कहा कि इनको कांग्रेस में हर कोई जानता होगा भले ही नाम से ना जानता हो पर एक डिबेट में एक सवाल की वजह से जरूर जानते होंगे। कांग्रेस के लिए इन्होंने भाजपा प्रवक्ता से बस एक सवाल पूछा जिसके बाद उनकी दुकान चल पड़ी तथा लोगों ने इनको मशहूर कर दिया। बबलू झा ने कहा कि उक्त मामले नें उन्होंने भी ट्वीट कर उन्हें बधाई दी।

### पटमदा थाना में शांतिपूर्ण तरीके से निकलेगा रामनवमी का झंडा जुलूस



**पूसू प्रतिनिधि, पटमदा।** पटमदा थाना में गुरुवार को ईद व रामनवमी का त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रदीप बेसरा के अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर बीडीओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी आचार संहिता लागू है। ऐसे में आचार संहिता का पालन करते हुए सभी त्योहारों को संपन्न कराना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ईद- उल फितर का त्योहार भी शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील है। इस दौरान रामनवमी के मौके पर महाबीर अखाड़ा ब्लॉक कॉलोनी ने विसर्जन झंडा जुलूस निकालने का मुद्दा उठाया इसपर बीडीओ ने कहा कि अभी तक जिला प्रशासन की ओर से कोई गाइडलाइन जारी नहीं किया गया है। मौके पर इंस्पेक्टर कौशेलेन्द्र कुमार, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व खगेन चंद्र महतो, थाना प्रभारी करमपाल भगत, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सांसद प्रतिनिधि महाबीर महतो, कृष्णपद सिंह, कानुराम बेसरा, पंचानन दास, परमेश्वर सिंह, ईशान चंद्र गोप, खादिम अंसारी, विजय कुमार मंडल, हृदय कुंभकार व अयोध्या सिंह आदि मौजूद थे। दूसरी ओर बोड़ाम थाना में भी शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

# रूपाली को महंगा पड़ा महिला डॉक्टर को अपशब्द कहना



'अनुपमा' फेम रुपाली गांगुली के फैंस उनके खासा नाराज हैं। लोग उन्हें एक आदर्श महिला के रूप में देखते हैं और उनसे कुछ भी अपशब्द की उम्मीद नहीं करते। लेकिन अपने एक इंटरव्यू में रुपाली ने कुछ ऐसा कह दिया, जिससे लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। रुपाली गांगुली को 'अनुपमा' के लिए हर घर में प्यार मिलता है। लेकिन इस वक्त फैंस उनसे नाराज हैं। दरअसल एक्ट्रेस ने एक महिला डॉक्टर के लिए गलत शब्द का इस्तेमाल किया था। एक इंटरव्यू में रुपाली से ट्रोलिंग को लेकर सवाल किया गया था, जिसपर उन्होंने कहा था कि उन्हें लोग बहुत ट्रोल करते हैं और उन्हें इस बात का बुरा लगता है कि ट्रोल्स में महिलाएं ज्यादा हैं। उन्होंने कहा था, औरतों के पास इतना वेला टाइम कहां से आता है? कोई एक डॉक्टर है, ब्लडी सम गाइनैक। वो मुझे गाली देती रहती है। तेरे पास मरीज नहीं है क्या भाई? नहीं है तो बोल भेजती हूं मैं तेरे पास। काम में बिजी होजा कहां दिमाग लगा रही है। मुझे समझ नहीं आता कि ये लोग कहां से दिमाग लगा रहे हैं? रुपाली गांगुली को डॉक्टर का अपमान करने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि घमंड आ गया है इसलिए अभिनेत्री ने ऐसा कहा। वहीं कुछ लोगों ने कहा है कि डॉक्टर को भी अपने पद का ध्यान रखना चाहिए, वह क्योंकि रुपाली को ट्रोल कर रही है। कुछ दिन पहले रुपाली गांगुली का एयरपोर्ट का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह अपने पति के पैर छूते हुए नजर आ रही थीं। इसके लिए कुछ लोगों ने उनकी तारीफ की थी, तो कुछ ने इसे दिखावा बताया था। लोगों का कहना था कि अगर इतने अच्छे संस्कार हैं तो घर पर पैर छूकर आतीं, एयरपोर्ट पर दिखावा करने के लिए ऐसा क्यों कर रही हैं। इसके साथ ही कुछ ने कहा था कि कैमरा देखकर यहां भी एक्टिंग करना शुरू कर दिया।

# बेहतरीन सिंगर भी हैं इंडस्ट्री की ये टॉप अभिनेत्रियां

**बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म चमकीला को लेकर चर्चा में है। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म में परिणीति अपने सिंगिग का हुनर भी दिखाती नजर आएंगी। फिल्म में वे लोकप्रिय पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की प्रेमिका अमरजोत कौर के रूप में दिखेंगी। फिल्म में परिणीति ने कई गाने भी गाए हैं। परिणीति से पहले भी बॉलीवुड की कई टॉप अभिनेत्रियों ने फिल्मों और म्यूजिक एलबम अपने सिंगिग टैलेंट को दिखाया है।**











इस लिस्ट में पहला नाम आलिया भट्ट का है। आलिया बेहतरीन अभिनेत्री होने के साथ-साथ एक शानदार सिंगर भी हैं। उन्होंने साल 2014 हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया में गाना गाया था। फिल्म का गाना समझावां आलिया की आवाज में काफी हिट हुआ था। फैंस के बीच ये गाना आज भी खूब लोकप्रिय है।

लिस्ट में अगला नाम श्रद्धा कपूर का है। श्रद्धा एक शानदार अभिनेत्री होने के साथ बेहतरीन सिंगर भी है, उन्होंने फिल्म साल 2014 में आई सुपरहिट फिल्म एक विलेन में गलिया गाने को अपनी आवाज दी थी। यह गाना लोगो के बीच काफी लोकप्रिय हुआ था।

साउथ अभिनेत्री श्रुति हासन भी एक बेहतरीन सिंगर है। उन्होंने कई फिल्मों के हिट गानों को अपनी आवाज दी है, जो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। श्रुति फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ सिंगिग में भी सक्रिय हैं। देसी गर्ल से हॉलीवुड स्टार बन चुकी प्रियंका चोपड़ा भी को दुनियाभर में लोग उनके सिंगिग टैलेंट की वजह से भी जानते हैं। प्रियंका ने अपना एक इंटरनेशनल एलबम भी लॉन्च किया था। इसके अलावा प्रियंका पाप स्टार और रैपर पिटबुल के साथ गाना गा चुकी हैं।

# बिना हीरोइन 25 करोड़ की साउथ की मूवी ने कमाए 225 करोड़ ओटीटी पर रिलीज होने को है तैयार



मलयालम फिल्म मंजुम्मल बॉयज फिल्म इंडस्ट्री की नई सेंसेशन बन गई है. इस फिल्म को क्रिटिक के साथ ऑडियन्स ने भी बहुत पसंद किया है. इस कम बजट की फिल्म ने 225 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कर लिया है. सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर ये फिल्म धमाल मचाने के लिए तैयार है. रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म के ओटीटी राइट्स खरीद लिए गए हैं. आइए आपको बताते हैं कि ये फिल्म किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर और कब रिलीज होने वाली है.

मंजुम्मल बॉयज 22 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और फिल्म अब वर्ल्डवाइड 225 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. जिसके बाद से ये सबसे जल्दी इतना कलेक्शन करने वाली मलयालम फिल्म बन चुकी है. अब फैंस को इसकी ओटीटी रिलीज का बेसब्री से इंतजार है. रिपोर्ट्स के मुताबिक मंजुम्मल बॉयज के ओटीटी राइट्स डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने खरीद लिए हैं. ये फिल्म 5 मई को ओटीटी पर रिलीज होगी. वहीं ऐसा रिलीज के 73 दिन बाद देखने को मिलेगा. जबकि इस फिल्म के हिंदी में रिलीज करने की बात डिस्ट्रीब्यूटर्स से चल रही है. ये फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है. फिल्म दोस्ती पर आधारित है. दोस्तों के एक ग्रुप की कोडाइकरण में अपनी छुट्टियां एंजॉय करते हैं. कैसे उनके सामने चैलेंज आते हैं जिनका वो सभी मिलकर सामना करते हैं.

**इतने बजट में बनी है मंजुम्मल बॉयज**

मंजुम्मल बॉयज का डायरेक्शन चिदंबरम एस पोदुवल ने किया है. फिल्म में शौबिन शाहिर, श्रीनाथ भासी, बालू वर्गीस, गणपति एस. पोदुवल, लाल जूनियर, दीपक परम्बोल, अभिराम राधाकृष्णन, अरुण कुरियन, खालिद रहमान, चंदू सलीमकुमार और विष्णु रेघु अहम किरदार निभाते नजर आए हैं. मंजुम्मल बॉयज के बजट की बात करें तो ये फिल्म सिर्फ 20 करोड़ में बनी थी और इसे अपना बजट पूरा करने में कुछ ज्यादा समय नहीं लगा था. 13 दिन में ही इसने अपनी लागत से पांच गुना ज्यादा का कलेक्शन कर लिया था.


## आयुष की रुसलान की रिलीज के लिए निर्माताओं ने एनएच स्टूडियोज से मिलाया हाथ




आयुष शर्मा की अपकमिंग एक्शन-थ्रिलर रुसलान को दुनिया भर में रिलीज करने के लिए निर्माताओं ने एनएच स्टूडियोज के साथ हाथ मिलाया है। एक्टर आयुष शर्मा ने इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा कि फिल्म निर्माण के बाद डिस्ट्रीब्यूशन काफी अहम भूमिका अदा करता है। एनएच स्टूडियोज अपने शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के लिए जाना जाता है। यह पिंक, शिवाय, अक्टूबर, ट्यूबलाइट और जब हैरी मेट सेजल जैसी कुछ सबसे मशहूर फिल्मों से जुड़ा रहा है।

### शादी के 5 साल बाद प्रेग्नेंट हैं

# एक्ट्रेस आरती छाबड़िया



बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस आरती छाबड़िया शादी के पांच साल बाद मां बनने वाली हैं। पति विशारद बीडासी के साथ वो अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एक्ट्रेस ने साल 2019 में विशारद से अरेंज मैरेज की थी। वो आवारा पागल दीवाना और तुमसे अच्छा कौन है जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस आरती छाबड़िया भले ही लंबे समय से बड़े पर्दे से गायब हैं लेकिन वो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपने फैंस के साथ अपनी पर्सनल लाइफ की खबरें शेयर करती रहती हैं। शादी के पांच साल बाद एक्ट्रेस मां बनने के लिए तैयार हैं। उनकी उम्र फिलहाल 41 साल है और वो अपने पति विशारद बीडासी के साथ अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली हैं। इस कपल ने 23 जून, 2019 को शादी की थी।



### तीसरी बार प्रेग्नेंट हुई काइली जेनर!

# टिमोथी संग करेंगी पहले बच्चे का स्वागत

अमेरिकी सोशलाइट काइली जेनर ने कॉस्मेटिक्स की दुनिया में अपना नाम बनाया है। काइली ने अपने एक्स पार्टनर ट्रैविस स्कॉट संग स्टॉर्मी और ऐरे का स्वागत किया था। ट्रैविस स्कॉट के अलग होने के बाद काइली की लाइफ में एक्टर टिमोथी चालमेट की एंट्री हुई। वहीं अब खबरें आ रही हैं कि काइली टिमोथी चालमेट के बच्चे की मां बनने वाली हैं। जी हां...आपने ठीक सुना। एक लोकप्रिय अमेरिकी कॉमेडियन एक्टर डैनियल तोश ने दावा किया है कि लवबर्ड्स काइली और टिमोथी अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं।

तोश ने दावा किया, यहाँ कुछ बहुत क्रेजी है। मैं मालिबू में एक ग्रॉसरी शॉप पर गया, और मैं वहां एक कर्मचारी से बात कर रहा था। मैं इससे बचने की कोशिश करता हूं लेकिन मैं इस आदमी से बात कर रहा था, और मैंने कहा, आप लोग कल क्यों बंद थे? वह कहता है, ठीक है, मुझे इस पर चर्चा नहीं करनी चाहिए, लेकिन कीपिंग अप विद द कार्दशियन, शो , कल यहां अपने सीज़न के एंड की शूटिंग कर रहे थे।

# मेरे करियर में ऐसा पल आया जब लगा कि अब इंडस्ट्री छोड़कर जाना पड़ेगाः मंजरी फडनीस



मंजरी फडनीस इन दिनों अपनी फिल्म द यूपी फाइल्स को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने बातचीत में कहा- मैं प्रिटी गर्ल बन-बनकर बोर हो गई थी। एक्ट्रेस ने कहा- मैं द यूपी फाइल्स में महिला पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका में हूं जैसा पहले कभी नहीं दिखा। दुखी होने पर मंजरी फडनीस रो लेती हैं और अगले दिन से फिर मेहनत, मशक्कत शुरू कर देती हैं।

एक्ट्रेस कहती हैं कि यही जीवन है क्योंकि आपको जब अपने काम से बहुत प्यार होता है तो आप रुकते नहीं हैं। उन्होंने कहा- मैं तो आर्मी अफसर की बेटी हूं इसलिए मैंने गिवअप करना नहीं सीखा। वो जब फाइनैंशली टूट रही थीं तो ओटीटी ने उनके करियर को पुश किया। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी फिल्म द यूपी फाइल्स को लेकर। बीते दिनों लखनऊ आईं अदाकारा ने प्रधानमंत्री को लिखे ओपन लेटर का जिक्र भी किया और जीवन के उतार-चढ़ाव पर भी ढेर सारी बातें कीं।

**➲हम ऐक्टर अच्छे किरदारों को लेकर थोड़े लालची होते हैं**

मैं द यूपी फाइल्स में महिला पुलिस इंस्पेक्टर का किरदार निभा रही हूं। इससे पहले मुझे किसी ने फीमेल कॉप के रूप में नहीं देखा है। दरअसल, हम ऐक्टर अच्छे किरदारों को लेकर थोड़े लालची होते हैं क्योंकि इनके जरिए कुछ अलग करने को मिलता है। इसमें मुझे बहुत गुंजाइश दिखी। यह मेरे लिए चुनौती थी क्योंकि ऐसा रोल पहले कभी किया नहीं था। यह बहुत सशक्त किरदार है, जिसमें मैं विमिन एंड चाइल्ड सिक्यॉरिटी विंग की हेड बनी हूं। फिल्म में मेरा मुख्यमंत्री के साथ एक मोनोलॉग है, जो इमोशनली बहुत स्ट्रॉन्ग है। काफी साल पहले मैंने एक रेप की घटना पढ़ी थी, जिसके बाद प्रधानमंत्री को एक ओपन लेटर लिखा था। उस घटना का मेरे मन में गहरा असर हुआ और ओपन लेटर में मैंने गुजारिश की थी कि ऐसे आरोपियों के लिए सख्त नियम बनाए जाएं और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। फिर जब फिल्म में मुख्यमंत्री के साथ मेरा मोनोलॉग रखा गया तो मैंने अपनी भावनाओं को इसमें पूरी तरह से निकाल दिया। कह सकते हैं कि अपनी सारी भावनाएं उसमें झोंक दीं।

**➲सीखने की जरूरत पहले आपको है**

अभी एक स्पेनिश महिला के साथ झारखंड में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस तरह की घटनाओं से भारत की क्या इज्जत रह जाती है। ये टूरिस्ट बाहर से हमारे देश को देखने आते हैं और उन्हें ऐसी घटनाओं से दो-चार होना पड़ता है। मैं इसे लोगों की मेंटल सिकनेस कहूंगी। मेरा तो ये सब सुनकर खून खौलता है। ऊपर से लोग अजीब-अजीब कॉमेंट करके पीड़ित महिलाओं को ही दोष देते हैं। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि सीखने की जरूरत पहले आपको है।

**➲जिंदगी में पहले गाना आया फिर ऐक्टिंग**

मेरी जिंदगी में पहले गाना आया, फिर ऐक्टिंग आई। बचपन से मैं अपनी सिंगिंग और डांसिंग के लिए पहचानी जाती थी। जब 14 साल की थी, तब मैंने एक प्ले में परफॉर्म किया था। उस वक्त स्कूल के कॉम्पिटिशन में मुझे बेस्ट ऐक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। मुझे उसकी प्रोसेस इतनी पसंद आई कि लगा मैं इसे जिंदगीभर कर सकती हूं। सिंगिंग कह सकते हैं कि मेरे खून में हैं। मेरी नानी नरसिंहगढ़ में क्लासिकल म्यूजिक टीचर थीं।

मौसी मध्य प्रदेश रेडियो में गाती थीं, मामा तबला बजाते थे। मम्मी आर्मी कोर डेज में गाती थीं। मैं जब चार साल की थी, तब कोर डेज या आर्मी की पार्टी में मुझे बैंड के साथ गाने के लिए खड़ा कर दिया जाता था। मेरी जिंदगी में म्यूजिक तब से है। ऐक्टिंग इंडस्ट्री में कैसे आऊं, ये सवाल मेरे दिमाग में रहता था। मैं मुंबई में किसी को नहीं जानती थी। मैंने सोचा क्यों ना सिंगिंग के जरिए फिल्म इंडस्ट्री में जाऊं। उस वक्त, पहली बार वी पॉप स्टार्स आया था। उसमें से वीवा बैंड निकला था। मैंने जब उसे देखा तो लगा कि अगले साल उसमें जाऊंगी। मैंने उसमें हिस्सा लिया, लेकिन फाइनल बैंड में नहीं आ पाई। हालांकि, उसके छह महीने बाद ही मुझे अपनी पहली फिल्म मिल गई थी।

**➲जल्द ही कुछ ओरिजनल्स आने वाले हैं**

मैंने इंस्टाग्राम पर फेमस तबला वादक और फ्यूजन आर्टिस्ट निखिल पारिंकर के साथ कोलेब्रेट करके एक मराठी सॉन्ग किया था। उसको 1.7 मिलियन व्यूज मिले थे। वो रील इतनी वायरल हो गई कि लोग उस पर अपनी डांसिंग रील्स बनाने लगे। मैं उससे सिंगिंग के लिए बहुत इंस्पायर्ड हुई कि अब मुझे ये करना है। मेरे इंडस्ट्री में बहुत प्यारे फ्रेंड्स हैं। पहले मैं पियानो वगैरह के साथ लाइव कवर्स कर रही थी। फिर सोचा कि मैं उनके साथ कोलेब्रेट करके उसे इंस्टा पर डालती हूं। मेरे एक और फ्रेंड हैं प्रिंस मुल्ला। वह भी शानदार कंपोजर, म्यूजिशियन हैं। उन्होंने फाइटर और 83 फिल्म का बैकग्राउंड दिया है। उनके साथ मैंने 'सतरंगा...' और 'तेरे मेरा प्यार...' के ऊपर कोलेब्रेट किया था। निखिल ने एक ओरिजनल सॉन्ग 'तुम शायरा...' निकाला था। अभी मैं म्यूजिशियन फ्रेंड्स के साथ अपने म्यूजिक को खूब एंजॉय कर रही हूं। मेरी कुछ दोस्तों के साथ ओरिजनल सॉन्ग्स को लेकर बातें भी चल रही हैं। कुछ ओरिजिनल्स रिकॉर्ड किए थे, लेकिन अब तक निकाले नहीं हैं। उम्मीद है कि जल्द ही आएंगे वो सामने आएंगे।

**➲जब दुखी होती हूं तो रो लेती हूं**

सबकी तरह मेरी जिंदगी में भी लो फेज आए, लेकिन उससे निकलने के अलावा और कोई चॉइस होती नहीं। अगर आप गिरे हैं तो निकलना पड़ेगा ही। मैं आर्मी अफसर की बेटी हूं, जिंदगी में कभी गिवअप करना सीखा नहीं। जब दुखी होती हूं तो रो लेती हूं। इसमें कोई बुराई नहीं। जिंदगी ऐसे ही चलती है।

अगले दिन खड़े हो, आगे बढ़ो, फिर से लड़ो, फिर से काम करो। आपको जब अपने काम से बहुत प्यार होता है तो आप रुकते नहीं। वैसे भी, इस इंडस्ट्री में ऐक्टिंग, डांसिंग, सिंगिंग जैसी वो सब चीजें हैं, जिससे मैं बहुत मोहब्बत करती हूं। करियर में कितना भी लो फेज क्यों ना आए, लेकिन एक पुश अंदर से आता रहता है कि, हार नहीं मानूंगी। अच्छी बात है, करियर में जब लो फेज आया और उसके बाद जो प्रोजेक्ट मिला, वो नेक्स्ट लेवल का रहा। एक बात अच्छी पढ़ी है, 'वो जिंदगी का पल, जब आपको लगे कि सबकुछ खत्म हो गया, अब गिवअप कर देना चाहिए, वही वो पल है, जब नया फेज शुरू हो रहा होता है। वही आपकी जिंदगी को अगले लेवल पर ले जाएगा। ये बात मुझे हमेशा प्रोत्साहित करती है।

**➲बॉलिवुड में चुनिंदा फिल्में मिलीं पर काम करना नहीं छोड़ा**

बॉलिवुड में मुझे चुनिंदा काम मिला, लेकिन मैंने काम करना नहीं छोड़ा। दूसरी फिल्म इंडस्ट्रीज में लगातार काम करती रही। इसकी पहली वजह यह है कि मुझे इससे प्यार है। असल में, यह बहुत जटिल इंडस्ट्री है। हर किसी को फाइनेंशल सपोर्ट चाहिए। यही एक तरीका था, जिससे मैं इस इंडस्ट्री में रह सकूं। एक ये होता है कि आपने ये क्यों चूज किया, वो क्यों चूज किया। दूसरा यह होता है कि आपके पास क्या आया, उसमें से आपने क्या चूज किया। मेरे पास जितना काम आया, उनमें से ही मैंने काम किया क्योंकि मुझे उन पर भरोसा था। चाहे वो छोटी फिल्में हों, जिसने भी देखी, उसे अच्छी लगी। दुर्भाग्यवश छोटी फिल्मों के साथ क्या होता है कि उनके पास प्रमोशन के लिए पैसे नहीं बचते। मेरी कुछ फिल्में इतनी अच्छी निकलकर आईं, जिनको इतना प्रमोशन नहीं मिल पाया, जितना मिलना चाहिए था।

**➲ओटीटी में खुलकर खेलने का मौका मिलता**

फिल्मों में काम करने के दौरान बहुत सारे फैक्टर्स काम करते हैं। बहुत सी चीजों को देखा जाता, लेकिन ओटीटी में खुलकर खेलने का मौका मिलता है। मैं ओटीटी को पूरी तरह से फिल्मों के प्रतिद्वंद्वी के तौर पर देख रही हूं। मेरे करियर में ऐसा पल भी आया, जब लगा कि अब इंडस्ट्री छोड़कर जाना पड़ेगा।

2017-18 में मैं बड़ा फैसला लेने जा रही थी। मैंने सोच लिया था कि अगर कोई अच्छा और बड़ा प्रोजेक्ट नहीं मिला तो मैं काम नहीं करूंगी। दो साल निकल गए पर बड़ा कुछ नहीं आया। उस दौरान मेरी दो बड़ी फिल्में रिलीज हुईं। मैं गायब नहीं हुई थी मगर सोच लिया था कि आगे कुछ साइन नहीं करूंगी। मैंने दो साल थिएटर किया। अपनी स्किल्स को बेहतर किया। नीरज काबी की थिएटर वर्कशॉप कीं। हालांकि, थिएटर बहुत ज्यादा पैसा नहीं देता है। मैं दो साल अपनी सेविंग्स पर रही।

**➲प्रिटी गर्ल बन-बनकर बोर हो गई थी**

एक दिन मैंने पापा को फोन किया कि अगर इस दो महीने में कुछ नहीं आया तो मैं फाइनैंशली टूट जाऊंगी। मैं उस वक्त सच में दुखी थी। पापा ने कहा कि कुछ नहीं। वापस आओ और पढ़ाई करके साइकॉलजिस्ट बन जाओ। वह वेट कर रहे हैं कि मैं कब मुंबई छोड़कर आ जाऊं। वो नहीं चाहते थे कि मैं ऐक्टर बनूं, लेकिन उन्होंने तब भी मुझे हमेशा सपोर्ट किया। उसके एक महीने में फिल्म बारोट हाउस मिल गई। वहां से ओटीटी में शुरुआत हुई। उसमें मुझे बहुत इंटेंस रोल मिला क्योंकि उससे पहले मेरा ये पहलू किसी ने देखा नहीं था।

मैं प्रिटी गर्ल बन-बनकर बोर हो गई थी इसीलिए मैंने दो साल काम नहीं किया। मैं अपने निर्देशक को धन्यवाद कहना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे मौका दिया। उन्होंने बिना ऑडिशन लिए मुझ पर भरोसा किया। मैंने उनके साथ दो और फिल्में की हैं, जो आने वाली हैं। उन्होंने मुझे पुश दिया। उसके बाद से मुझे लग रहा है कि एक ऐक्टर के तौर पर मेरे पास जो काम आ रहा है, वह बहुत लेयर्ड, चैलेंजिंग, कॉम्प्लैक्स है।

- साभार एजेंसी

आईपीएल 2024

# 18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास



## अपनी पहली ही पारी में तोड़ दिया 16 साल पुराना रिकॉर्ड

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** कोलकाता नाईट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 20 ओवर में 272 रन बनाने का कारनामा किया। इस दौरान 18 साल के बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी ने काफी महफिल लूटी। अंगकृष रघुवंशी भले ही आईपीएल में पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन उन्होंने अपनी प्रतिभा से सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी पहली आईपीएल पारी में ही लीग के 16 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

**18 साल के बल्लेबाज ने रचा इतिहास**

अंगकृष रघुवंशी ने इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाए। इसी के साथ अंगकृष रघुवंशी आईपीएल के इतिहास में करियर की पहली पारी में अर्धशतक बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। अंगकृष ने 18 साल, 303 दिन की उम्र में ये कारनामा किया। इससे पहले ये रिकॉर्ड श्रीवत्स गोस्वामी के नाम था। श्रीवत्स गोस्वामी ने साल 2008 में 19 साल 1 दिन की उम्र में अपनी आईपीएल की पहली पारी में अर्धशतक लगाया था।

**इस लिस्ट में भी निकले सबसे आगे**

अंगकृष ने 25 गेंद पर अपना पहला आईपीएल अर्धशतक जड़ा। इसी के साथ अंगकृष रघुवंशी 200 स्ट्राइक रेट के साथ आईपीएल अर्धशतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी बन गए। वहीं, ये आईपीएल करियर की पहली पारी में बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। इससे पहले 2008 में जेम्स होप्स ने अपनी पहली आईपीएल पारी में 24 गेंद में फिफ्टी लगाई थी।

**अंगकृष रघुवंशी को ऑक्शन में मिली इतनी रकम**

कोलकाता नाईट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के ऑक्शन में अंगकृष रघुवंशी को 20 लाख रुपये देकर अपनी टीम में शामिल किया था। बता दें, अंगकृष रघुवंशी के बचपन के कोच अभिषेक नायर हैं, जो केकेआर की टीम के सपोर्ट स्टाफ का हिस्सा हैं।

इसके अलावा अंगकृष ने भारत के लिए अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 भी खेला था। इस वर्ल्ड कप में वह टीम इंडिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। उन्होंने छह पारियों में 278 रन बनाए थे।

आईपीएल 2024

## फिटनेस को लेकर सामने आया बड़ा अपडेट

# डूबती हुई मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार का सहारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी क्रम को जल्द ही मजबूती मिलेगी क्योंकि दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में लगभग सभी फिटनेस टेस्ट पास कर लिये हैं। वह सत्र का अपना पहला आईपीएल मैच खेलने के करीब हैं। सूर्यकुमार की टखने में ग्रेड दो चोट के लिए और स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई थी।

**कब से चोटिल चल रहे सूर्यकुमार यादव?**

उन्होंने आखिरी मुकाबला दक्षिण अफ्रीका में टी20 सीरीज में खेला था। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, 'सूर्या ने एक नियमित परीक्षण को छोड़कर बाकी सभी परीक्षण पास कर लिए हैं जो एनसीए से आरटीपी (खेलने के लिए वापसी) प्रमाण पत्र पाने के लिए अनिवार्य हैं। एक और परीक्षण होना बाकी है जिसके बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। उन्होंने कहा, 'वह आराम से बल्लेबाजी कर रहा है।

' यह पूछे जाने पर कि क्या सूर्यकुमार 7 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस का घरेलू मैच खेल पाएंगे तो सूत्र ने कहा, 'कल के परीक्षणों के बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। अगले मैच से पहले अब भी तीन दिन हैं। लेकिन वह लंबे समय बाद वापसी कर रहा है इसलिए ऐसा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 11 अप्रैल को होने वाले घरेलू मैच के दौरान भी हो सकता है।

यह स्टार बल्लेबाज पिछले चार से पांच सीजन में मुंबई के लिए सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाला खिलाड़ी रहा है और इस सीजन में अपने पहले तीन मैच हारने वाली टीम को उनकी कमी खल रही है।

सूर्यकुमार के स्थान पर आए पंजाब के खिलाड़ी नमन धीर अभी तक लय में नहीं आ पाए हैं और कप्तान हार्दिक पंड्या को निश्चित रूप से इस स्थिति से निपटने के लिए उनकी जरूरत होगी। जहां तक बीसीसीआई की चिकित्सा टीम का सवाल है तो स्पष्ट आदेश यह सुनिश्चित करना था कि भारत का प्रमुख टी20 बल्लेबाज अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप के लिए पूरी तरह से फिट रहे और यह भी सुनिश्चित करना था कि आईपीएल के दौरान वह चोटिल नहीं हों।




# पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा स्लो ओवर रेट के लिए 24 लाख का फाइन



**विशाखापट्टन, एजेंसी।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर लगातार दूसरे मैच में जुर्माना लगा है। उन्हें कोलकाता नाइटराइडर्स (चयक्र) के खिलाफ स्लो ओवर रेट का दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर 24 लाख रुपए का फाइन लगाया गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने यह जानकारी गुरुवार को दी।

इससे पहले, चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हुए पिछले मैच में भी वे स्लो ओवर रेट के दोषी पाए गए थे। लेकिन सीजन की पहली गलती होने की वजह से 12 लाख का फाइन लगाया गया था। पंत के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग-11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25त्न जुर्माना लगा है। विशाखापट्टनम के डॉ. वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 272 रन बनाए।

जवाबी पारी में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ऑलआउट हो गई। दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग 11 का हिस्सा रहे खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगा है।

सउडी प्रो लीग 2024

# रोनाल्डो ने 72 घंटे में ली दूसरी हैट्रिक, अल नासेर ने अभा पर 8-0 से दर्ज की जीत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं।

उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में दूसरी हैट्रिक लगाकर अपने क्लब अल नासेर को सऊदी प्रो लीग में अभा पर 8-0 से बड़ी जीत दिलाई। पांच बार के बैलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने मुकाबले में तीन गोल किए और दो गोल करने में सहायता की।

रोनाल्डो ने तीनों गोल पहले हाफ में दागे। नौ बार की सऊदी अरब चैंपियन अल नासेर के लिए इस सत्र में रोनाल्डो की यह तीसरी हैट्रिक है।

**29 गोल कर सऊदी लीग में शीर्ष गोल स्कोरर हैं रोनाल्डो**

शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं।

**क्रिस्टियानो ने माने के गोल में की मदद**

अल नासेर अभी भी दूसरे स्थान पर है और अल हिलाल से 12 अंक पीछे है, जबकि आठ मैच लीग में अभी खेले जाने बाकी हैं। रोनाल्डो के पहले दो गोल फ्री किक पर आए। 11वें मिनट में उन्होंने जमीनी शॉट लगाकर गोल भेदा। 10 मिनट बाद उन्होंने खिलाड़ियों की दीवार के ऊपर से बाएं छोर से किक लगाकर गोल किया। उन्होंने फिर सादियो माने के गोल में मदद की। पहला हाफ खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो ने अपनी हैट्रिक पूरी की। हालांकि मध्यांतर के बाद वह मैदान पर नहीं उतरे।

**दूसरे हाफ में हुए तीन गोल**

अलसुलाहिम ने पहले हाफ से एक मिनट पहले गोलकर अल नासेर की बढ़त 5-0 की। सुलेमान ने यह गोल भी रोनाल्डो के पास पर किया। रोनाल्डो के मैदान पर नहीं होने के बावजूद नासेर ने दूसरे हाफ में भी गोल किए। अब्दुलरहमान गरीब ने छठा गोल किया, जबकि स्थानापन्न अब्दुलअजीज अल अलाइवा ने बाकी दो गोल किए।

# आंद्रे रसेल ने सचिन तेंदुलकर को छोड़ा पीछे, दिल्ली के खिलाफ मैच के दौरान तोड़ा रिकॉर्ड



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सर्वकालिक रन-स्कोरिंग चार्ट में महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। 35 वर्षीय खिलाड़ी ने विशाखापत्तनम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की।

खेल के दौरान रसेल ने एक बार फिर अपनी पुरानी पावर-हिटिंग दिखाई और केवल 19 गेंदों में 41 रन बनाए जिसमें चार चौकों और तीन छक्कों के साथ उनका स्ट्राइक रेट 215 से ज्यादा का रहा। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 115 मैचों में 29.96 की औसत, 11 अर्धशतक और 176.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,367 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 88* है। वह आईपीएल में अब तक के 44वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इस सीज़न में तीन मैचों में ऑलराउंडर ने 105.00 की औसत से 105 रन बनाए हैं जिसमें 238 से अधिक की स्ट्राइक रेट है।

उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 64* है। 2019 सीजन रसेल के बल्ले से सर्वश्रेष्ठ था जब उन्होंने 14 पारियों में 56.66 की औसत और 204 से अधिक की स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों के साथ 510 रन बनाए। वहीं सचिन ने 2008-13 तक मुंबई इंडियंस के लिए 78 आईपीएल मैच खेले जिसमें 34.83 की औसत और 119 से अधिक की स्ट्राइक रेट के साथ 2,334 रन बनाए। उन्होंने अपने करियर में एक शतक और 13 अर्द्धशतक बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* था। 2010 में उन्होंने 15 मैचों में 47.53 की औसत और 132 से अधिक की स्ट्राइक रेट से पांच अर्द्धशतक के साथ 618 रन बनाकर सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप जीती।

मैच की बात करें तो विशाखापत्तनम के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स को अपने आईपीएल इतिहास की शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। कोलकाता ने पहले खेलते हुए सुनील नेरेन के 39 गेंदों पर 85, रघुवंशी के 27 गेंदों पर 54, आंद्रे रसेल के 19 गेंदों पर 41, रिंकू सिंह के 8 गेंदों पर 26 रनों की बदौलत 7 विकेट खोकर 272 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली ने पावरप्ले में ही शॉ, वार्नर, मार्श के विकेट गंवा लिए। कप्तान पंत और ट्रिस्टन स्टब्स ने अर्धशतक लगाए लेकिन टीम लक्ष्य से बहुत दूर रह गई और 106 रन से मैच गंवा लिया। इस हार के साथ ही दिल्ली अंक तालिका में आखिरी पायदानों पर आ गई है तो वहीं, कोलकाता 3 मैचों में 3 जीत के साथ पहले नंबर पर आ गई है।

# आईपीएल 2024 में बना बड़ा कीर्तिमान

## चारों खाने चित...




**आईपीएल में 250+ रन बनाने वाली टीमें**

**277/3** - सनराइजर्स हैदराबाद बनाम मुंबई इंडियंस, हैदराबाद, 2024

**272/7** - कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, विशाखापट्टनम, 2024

**263/5** - रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम पुणे वॉरियर्स, बेंगलुरु, 2013

**257/5** - लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम पंजाब किंग्स, मोहाली, 2023

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** आईपीएल 2024 अभी तक बल्लेबाजों के नाम रहा है। फैंस को इस बार लीग में खुब चौके-छक्के देखने को मिल रहे हैं। सीजन के शुरुआती 16 मैचों में ही 442 चौके और 299 छक्के लग चुके हैं। वहीं, लीग के सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड भी इस सीजन में बना है।

दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मैच में भी कुछ ऐसा ही खेल देखने को मिला, जिसने आईपीएल के इतिहास को ही बदल के रख दिया।

**आईपीएल के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा**

कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में विस्फोटक खेल दिखाया। केकेआर के बल्लेबाजों ने 20 ओवर में 7 विकेट 272 रन बना दिए। ये आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर हैं। वहीं, ये इस सीजन में दूसरा मौका था, जब किसी टीम ने 250+ रन बनाए। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मैच में 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाए थे, जो आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर भी है। इसी के साथ आईपीएल के इतिहास में ये पहला मौका है जब एक सीजन में 2 बार 250+ स्कोर बने हैं। इससे पहले खेले गए 16 सीजन में ऐसा कभी नहीं हुआ था।

**आईपीएल में पहली बार इस टीम ने बनाए थे 250+ रन**

आईपीएल के इतिहास में अभी तक 4 टीमें ही 250+ का स्कोर बना पाई हैं। ये कारनामा सबसे पहले यल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 2013 में पुणे वारियर्स के खिलाफ बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 263 रन बनाए थे। इस मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल ने 66 गेंदों में 175 रन की पारी खेली थी जिसमें 13 चौके और 17 छक्के शामिल थे। वहीं, दूसरी बार लखनऊ सुपर जायंट्स ने 250+ का स्कोर बनाया था। लखनऊ सुपर जायंट्स ने साल 2023 में पंजाब किंग्स के खिलाफ 257 रन बनाए थे और अब इस सीजन में दो 250+ स्कोर देखने को मिल चुके हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से देशभर में प्राइमरी शिक्षकों के रिक्त पदों के मांगे आंकड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
प्राइमरी (कक्षा एक से पांच तक) शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारकों को अयोग्य मानने के फैसले में संशोधन की मांग पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। कोर्ट के समक्ष विचार का मुख्य मुद्दा यह है कि पिछले वर्ष 11 अगस्त को दिया गया फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से।

मध्य प्रदेश सरकार और अन्य कई पक्षकारों ने अर्जी दाखिल कर यह भी मुद्दा उठाया है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों का क्या होगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के बाद देश भर में बीएड डिग्री धारक प्राइमरी शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है और उनकी नौकरी जाने की नौबत है। बुधवार को कोर्ट ने मामले की सुनवाई सोमवार तक टालते हुए केंद्र सरकार से कहा कि वह सभी राज्यों के प्राथमिक शिक्षकों के कुल खाली पदों और ब्रिज कोर्स के आंकड़े कोर्ट में पेश करेगी। इस बीच उत्तर प्रदेश



प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन भी अर्जी दाखिल कर शिक्षामित्रों को भी नियमित किये जाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त 2023 को देवेश शर्मा मामले में दिये फैसले में कहा था कि प्राथमिक शिक्षक पद पर भर्ती के लिए बीएड डिग्री धारक योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने माना था कि बीटीसी और डीएलईडी ही इसके योग्य हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसी व्यवस्था देने वाले राजस्थान हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया था और हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल याचिकाएं खारिज कर दीं थीं। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देशव्यापी असर हुआ है और बीएड डिग्री धारक प्राथमिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है। मध्य प्रदेश सरकार ने और बहुत से प्रभावित लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से आदेश में संशोधन करने और स्पष्टीकरण करने की गुहार लगाई है। बुधवार को न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और सुधांशु धूलिया की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट को बताया गया कि यहां मुख्य मुद्दा यह है कि सुप्रीम कोर्ट का 11 अगस्त 2023 का फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा या बाद से। तभी डिप्लोमा इन इलेमेन्ट्री एजूकेशन (डीएलईडी) धारकों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायण ने मांग का विरोध करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट आ चुका है अब कोर्ट को इस तरह की अर्जियों पर सुनवाई करने की जरूरत ही नहीं है। क्योंकि यह तो एक तरह से आदेश का रिव्यू मांगा जा रहा है। शंकरनारायण ने कहा कि पटना, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड हाई कोर्ट कह चुके हैं कि सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला पूर्व प्रभाव से लागू माना जाएगा। उधर, दूसरी और बंगाल, बिहार और राजस्थान के बीएड डिग्री धारकों की ओर से पेश वकील पीएस पटवालिया ने मामले में सुनवाई की मांग की। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र एसोसिएशन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह और गौरव यादव ने भी अपनी अर्जी का जिक्र करते हुए कहा कि कोर्ट उनके मामले पर भी विचार करे।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलते वक्त हादसे का शिकार हुआ दो साल का बच्चा, 16 फीट गहरे बोरवेल में जा गिरा



**विजयपुरा एजेंसी।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में दो साल का एक बच्चा बोरवेल में गिर गया। यह हादसा बुधवार शाम तब हुआ जब बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया और उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। बच्चे को बचाने का अभियान कई घंटों से जारी है। मौके पर पुलिस दल, राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी मौजूद हैं।

### दिल्ली के कश्मीरी गेट में दर्दनाक हादसा, डीटीसी बस ने सड़क पार कर रहे शख्स को रौंदा, मौत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के कश्मीरी गेट इलाके में बुधवार सुबह एक बेलगाम डीटीसी बस ने सड़क पार रहे 50 वर्षीय कारी शाह नाम के एक शख्स को कुचल दिया। जख्मी हालत में पुलिस उन्हें लेकर सिविल लाइंस स्थित ट्रामा सेंटर पहुंची,जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आरोपी चालक संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने यह खुलासा किया किएक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। बहरहाल पुलिस पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिये मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को कॉल मिली कि कश्मीरी गेट इलाके में मोरी गेट के खोया मंडी के पास बस ने एक शख्स को कुचल दिया है। मौके पीसीआर के अलावा स्थानीय पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दस्तावेजों के आधार पर हादसे में मारे गए शख्स की पहचान हुई। वह मूल रूप से बिहार के मधुबनी के थे। दिल्ली में कारी शाह कहां रहते थे, इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस उसके परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। शव को कब्जे में लेकर सब्जी मंडी मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया है।

### शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए तिरुवनंतपुरम से फिर दाखिल किया नामांकन



**तिरुवनंतपुरम एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तीन बार के लोकसभा सांसद शशि थरूर ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को लगातार चौथी बार तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल किया। थरूर दोपहर में विधायक एम विंसेंट, वीएस शिवकुमार और तिरुवनंतपुरम डीसीसी अध्यक्ष पालोडे रवि और अन्य कार्यकर्ताओं सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ यहां जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे।
अपना नामांकन दाखिल करने से पहले थरूर ने श्री पद्मनाभ स्वामी मंदिर और पझावंगडी गणपति मंदिर सहित निर्वाचन क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिरों में पूजा-अर्चना की। वरिष्ठ सीपीआई नेता और तिरुवनंतपुरम के पूर्व सांसद पन्नियन रवींद्रन और भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में थरूर के चुनौतीकर्ता हैं। केरल में 26 अप्रैल को राज्य की सभी 20 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

# गोवा पुलिस ने बेटे की हत्या के मामले में सूचना सेठ के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**पणजी, एजेंसी।** गोवा पुलिस ने कैंडोलिम के एक अपार्टमेंट में अपने चार साल के बेटे की हत्या की आरोपित एवं एक स्टार्टअप की सीईओ सूचना सेठ के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। सेठ को सात जनवरी की रात को कर्नाटक के चित्रदुर्ग से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के समय वह अपने बेटे के शव को बैग में डालकर टैक्सी से यात्रा कर रही थी।

आरोप है सेठ अपने बच्चे की हत्या करने के बाद छह जनवरी की रात को गोवा छोड़कर चली गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कैलंगुट पुलिस ने इस सप्ताह सूचना सेठ के खिलाफ 642 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। आरोपपत्र में उल्लेख किया गया है कि बच्चे की मौत सदमे और गला घोंटने के कारण हुई।



# एक महिला, कई से रिश्ते: पति के घर से गहने-नगदी व कार लेकर फरार, खुद को अनाथ बता की थी शादी

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में एक महिला की चापलूसी का गजब मामला सामने आया है। तीन-तीन बच्चों की मां होने के बाद भी खुद को अविवाहित और अनाथ बता इंजीनियर से शादी कर ली। अपने और परिचितों के खातों में लाखों रुपये डलवाए। इतना ही नहीं शादी के करीब चार साल बाद गहने, नगदी, एसी व कार समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गई।

थाने में सुनवाई न होने पर पति ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर के आदेश पर महिला और उसके सात परिचितों के खिलाफ बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कर्नलगंज बजरिया निवासी शानू सोनकर इंजीनियर हैं और वर्तमान में टाटा कंपनी में नौकरी करते हैं। शानू ने बताया कि वर्ष 2018 में उनकी मुलाकात औरैया के बिधूना ऊसराहार निवासी श्रेया उर्फ प्रीति दुबे से हुई थी। तब वह घर-घर सामान बेचने का काम करती थी। श्रेया ने खुद को अनाथ बताकर उससे नजदीकियां बढ़ाई। इसके बाद 28 नवंबर 2019 को दोनों ने शादी कर ली। शादी के बाद श्रेया ने 7.50 लाख रुपये अपने खाते में जमा करवाए। इसके बाद कन्नौज के सतौर निवासी गणेश, शिवम व विनय बाजपेई को अपना रिश्तेदार बताकर उन्हें 3.50 लाख रुपये दिलवा दिए।

**करीब डेढ़ लाख रुपये दिलवा दिए:** कुछ दिन बाद उसने भाई दुर्गेश, मयंक, पिता अरुण, मां कुसुम, बहन प्रियंका व बहनोई पुनीत से भी मुलाकात कराई। फिर उन्हें भी करीब डेढ़ लाख रुपये दिलवा दिए। शानू ने बताया कि जब उसने श्रेया से कहा कि तुम तो खुद को अनाथ बता रहीं थीं और अब ये घर वाले कहां से आ गए, तो वह विवाद करने लगी।

**गहने-नकदी और कार लेकर फरार:** इसके बाद उसने छानबीन शुरू की, तो पता चला कि श्रेया पहले से शादीशुदा है। उसकी शादी कन्नौज के इंदरगढ़ परशुरवा निवासी अनुज पांडेय से हुई थी। दोनों के तीन बच्चे भी हैं। जब उन्होंने विरोध किया, तो श्रेया उनकी गैर मौजूदगी में पिछले साल 17 अगस्त को औरैया निवासी पंकज सेंगर उर्फ अमित कुमार की मदद से घर में रखा सारा सामान, 85 हजार रुपये, जेवर, गाड़ी, एसी लेकर फरार हो गई।

जब उन्होंने श्रेया और उसके परिचितों से संपर्क किया तो जातिसूचक शब्द कहकर गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी। थाने में सुनवाई न होने पर एडिशनल सीपी हरीश चंदर से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। इसके बाद पुलिस ने दो अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।श्रेया ने 26 सितंबर 2023 को पति शानू, सास सरला, ससुर महावीर, ननद सोनाली व सलोनी और देवर सुमीन पर दहेज प्रताड़ना, अमानत में खयानत, छेड़खानी, गालीगलौज, मारपीट, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप था कि शानू ने अपनी जाति छिपाकर उससे शादी की है। उसका सारा रुपया भी ले लिया। देवर बुरी नीयत रखता था। पति कार खरीदने का दबाव बनाता था। विरोध पर मारपीट कर घर से निकाल दिया था। इसके बाद श्रेया ने शानू के खिलाफ कोतवाली तिर्वा में मुकदमा वापस न लेने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए 10 नवंबर को एक और रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार श्रेया के पिता किसान हैं। उसका छोटा भाई एयरफोर्स में है।

# तेलंगाना की केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 4 की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हुआ है। इस हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 1 गंभीर रूप से घायल हुआ है। बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच चुकी है। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एक केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्राइवेट लिमिटेड में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने संगारेड्डी जिले की एक फैक्ट्री में हुई आग दुर्घटना की समीक्षा की है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को समझाया कि आग रिएक्टर फटने से लगी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के हवाले से बताया गया कि सीएम ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को तुरंत बचाव कार्य तेज कर आग पर काबू पाने का आदेश दिया।

# गृह मंत्रालय ने कानून उल्लंघन को लेकर एनजीओ पर लिया एक्शन, पांच गैर सरकारी संगठनों का किया एफसीआरए रद्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए पांच गैर सरकारी संगठनों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मिली जानकारी के अनुसार, जिन एनजीओ का पंजीकरण रद्द किया गया है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस , वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी , चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया शामिल हैं।




ये सभी एनजीओ विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद्द होने के साथ अब विदेशी योगदान प्राप्त नहीं कर पाएंगे और न ही मौजूदा उपलब्ध धन का उपयोग कर पाएंगे। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है। 17 जुलाई, 2023 तक वैध एफसीआरए लाइसेंस वाले 16,301 एनजीओ थे। केंद्र ने कानून के उल्लंघन के लिए पिछले पांच वर्षों में 6,600 से अधिक गैर सरकारी संगठनों के एफसीआरए लाइसेंस रद्द किए गए हैं। कुल मिलाकर, पिछले दशक में 20,693 एनजीओ के एफसीआरए लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं।

# 500 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के आरोपी ने फर्जी कागज दिखा हाईकोर्ट से ली जमानत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच सौ करोड़ से अधिक के लोन फर्जीवाड़े के आरोपी लक्ष्य तंवर और उसके गिरोह का एक और कारनामा सामने आया है। गिरोह के एक सदस्य ने फर्जी दस्तावेज लगाकर हाई कोर्ट से जमानत करा ली। बाद में पता चला कि जिनकी सत्यापन रिपोर्ट लगाई गई, उस नाम का लेखपाल, कानूनगो और दरोगा कभी तैनात ही नहीं रहा। रिटायर्ड डिप्टी एसपी की शिकायत पर कविनगर पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। गोविंदपुरम जे-ब्लॉक में रहने वाले एलएसमौर्य का कहना है कि वह यूपी पुलिस के रिटायर्ड डीएसपी हैं। कविनगर सी-ब्लॉक निवासी लक्ष्य तंवर ने बैंक अधिकारियों से साठगांठ कर 500 करोड़ से अधिक का लोन फर्जीवाड़ा किया था।

पुलिस ने लोन माफिया घोषित करते हुए लक्ष्य तंवर और उसके गैंग के सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए संपत्ति भी कुर्क की थी। लक्ष्य तंवर और उसके गैंग के सदस्यों के खिलाफ अब तक 52 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं और उनमें से पांच केस में वह वादी तथा कई केसों में गवाह हैं। एलएस मौर्य का कहना है कि लक्ष्य तंवर ने तुराबनगर निवासी अपने चाचा चुनील और चचेरे भाई शिवम के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों से चार करोड़ का लोन लिया था। लोन की रकम लक्ष्य तंवर की पत्नी प्रियंका तंवर के खाते में गई थी। इस केस में भी वह मुख्य गवाह हैं। रिटायर्ड डिप्टी एसपी का कहना है कि जमानतियों में थाना कंकरखेड़ा मेरठ के गांव ख्वाजमपुर निवासी अनिल और बृजपाल के दस्तावेज लगाए गए थे। सत्यापन रिपोर्ट लेखपाल सुल्तान सिंह, कानूनगो हरीश पुंडीर और सदर तहसीलदार द्वारा तैयार दर्शाई गई थी। कंकरखेड़ा थाने में तैनात दरोगा विकास बालियान की सत्यापन आख्या लगी थी। जांच में पता चला कि इस नाम का कभी कोई तैनात ही नहीं रहा। तहसीलदार के हस्ताक्षर भी फर्जी थे। इसके अलावा ख्वाजमपुर गांव भी कंकरखेड़ा थानाक्षेत्र में नहीं आता।

# कच्चातिवु पर सच बोले जाने से द्रमुक परेशान, तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने साधा निशाना; सीएम स्टालिन ने दिया जवाब

**कोयंबटूर एजेंसी।**
तमिलनाडु में आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व कच्चातिवु द्वीप विवाद गरमाता जा रहा है। अब इस विवाद पर तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष और कोयंबटूर से पार्टी उम्मीदवार के. अन्नामलाई ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कच्चातिवु द्वीप विवाद पर तथ्यों को उजागर करने से सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) परेशान है। हालांकि, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आरटीआई के तहत दी गई जानकारी को गलत बताया।



गत सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर कांग्रेस और द्रमुक पर निशाना साधा था। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने कहा कि हम कच्चातिवु पर राजनीति नहीं कर रहे हैं लेकिन यह सच्चाई है। अन्नामलाई ने खुद आरटीआई के तहत कच्चातिवु पर जानकारी जुटाई थी। इधर, वेल्लूर में मंगलवार को आयोजित रैली में कच्चातिवु विवाद पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा कि लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही भाजपा कच्चातिवु मुद्दे पर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में मछुआरों को गिरफ्तार करने के मुद्दे पर न तो श्रीलंका की निंदा करने की हिम्मत है और न ही अरुणाचल प्रदेश पर चीन द्वारा किए जा रहे दावों का विरोध करने की। ऐसे में वह कच्चातिवु पर कैसे बात कर सकते हैं? उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र द्वारा आइटीआई के तहत दी गई जानकारी को गलत करार दिया।

# सुनीता केजरीवाल के बाद मनीष सिसोदिया की पत्नी से भी मिले संजय सिंह, पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के एक दिन बाद बुधवार को संजय सिंह तिहाड़ जेल से बाहर आए। जेल से निकलने के बाद संजय सिंह सीएम अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंचे और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। संजय सिंह ने सुनीता केजरीवाल का पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह आप मुख्यालय पर पहुंचे और वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इसके बाद वह मनीष सिसोदिया के घर पहुंचे और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया से मुलाकात की।

मनीष सिसोदिया की पत्नी सीमा सिसोदिया से मुलाकात के बाद आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमारा परिवार है। आज अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येन्द्र जैन जेल में हैं। पार्टी का हर कार्यकर्ता उनके साथ मजबूती से खड़ा है। मैं गुरुवार को सत्येन्द्र जैन के परिवार से मिलूंगा। हम तानाशाह



सरकार के सामने झुकने वाले नहीं हैं। बता दें कि संजय सिंह 13 अक्टूबर 2023 से तिहाड़ जेल में बंद थे। वह रात 8-11 बजे तिहाड़ की गेट संख्या तीन से बाहर आए।

जेल के बाहर बड़ी संख्या में जमा हुआ आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने देखो देखो कौन आया, शेर आया, शेर आया और संजय सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए। कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह पर गुलाब के फूल भी बरसाए। संजय सिंह की रिहाई के मद्देनजर जेल के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात थे। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष का समय है। उन्होंने नारा लगाया जेल के ताले टूटेंगे, हमारे सारे नेता छूटेंगे। वहीं आम आदमी पार्टी ने एक पोस्ट में कहा कि आखिरकार शेर को जेल से बाहर आना ही था।

आप नेता आतिशी ने कहा कि फर्जी मामले की जांच पिछले दो साल से चल रही है। मामले में कुछ पता लगाने के लिए ईडी और सीबीआइ ने अपने सैकड़ों अधिकारियों को लगाया। छापे मारे, लेकिन आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता के पास से भ्रष्टाचार का एक पैसा भी बरामद नहीं हुआ। संजय सिंह की रिहाई से आप की ईमानदारी पूरे देश के सामने आ गई है। सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से बार-बार पूछा कि मनी ट्रेल कहां है, लेकिन एजेंसी के पास कोई जवाब नहीं था और इसीलिए उसने सिंह की जमानत याचिका का विरोध नहीं किया।

# इंजीनियरिंग कॉलेज के 5 शिक्षकों ने किया नाबालिग छात्रा का यौन उत्पीड़न, सुसाइड मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज की 17 वर्षीय छात्रा की आत्महत्या के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छात्रा ने सुसाइड नोट में कॉलेज के शिक्षकों पर यौन उत्पीड़न करने और आपत्तिजनक तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति बताने के भी निर्देश दिए गए हैं। विशाखापत्तनम उत्तर सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) बी. सुनील ने बताया कि चैतन्य पॉलिटेक्निक कॉलेज से पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इनमें रसायन विज्ञान प्रयोगशाला का तकनीशियन एन. शंकर राव, कॉलेज प्रबंधन प्रमुख शंकर वर्मा, प्राचार्य जी. भानु प्रवीन, छात्रावास वार्डन वी. उषा रानी और उसका पति वी. प्रदीप कुमार शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि राव ने छात्रा का यौन उत्पीड़न किया था। हालांकि, उसने अपना जुर्म नहीं कबूला है। लेकिन, कॉलेज की सभी लड़कियों और छात्रा की खास मित्र ने भी उस पर शक जताया है। इससे पहले, आंध्र प्रदेश की तकनीकी शिक्षा निदेशक सी. नागरानी ने कहा कि घटना की जांच के लिए समिति बनाई गई है। मामले में गहन पूछताछ की जा रही है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेलः purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)